www.navpradesh.com

दैनिक **नव प्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 | बिलासपुर, रविवार 7 अप्रैल 2024, | वर्ष-13 अंक- 356 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

चुनाव के पहले ही कुछ नेताओं को अपने पराजय की आशंका सताने लगी है। हार की हताशा में वे अपना आपा खोते जा रहे हैं। अब तो बाकायदा मतदाताओं को धमकाने भी लगे हैं। समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल यादव तो खुद उत्तरप्रदेश की बदायूं सीट से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। वहां से अपने बेटे को मैदान में उतारने जा रहे हैं। उनके लिए वोट मांगते समय उन्होंने लोगों को खुलेआम धमकी दी है कि जो उनकी पार्टी को वोट नहीं देगा उसका हिसाब किया जाएगा। लगता है जल्द ही अब कत्ते की नोंक पर वोट कबाड़े जाएंगे।

शिक्षण सामग्री खरीदी में हुई थी गड़बड़ी, 28 वर्ष से कमरा सील

सहायक संचालक शिक्षा और लिपिक हैं आरोपी, एक आरोपी की हो चुकी है मौत, एक सेवानिवृत्त

यशवंत राजवाड़े

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। कोरिया जिले का शिक्षा विभाग अपनी किसी न किसी बात को लेकर हमेशा चर्चा में बने रहता है। इसमें बहुत पुराना मामला सामने आया है। मामला आश्चर्य में डालने वाला है। सीआईडी से तीन दशक पहले जांच पूरी हो चुकी है, पर कोर्ट में मामला विचाराधीन होने के कारण आज भी एक कमरे को सील रखा गया है।

कोरिया जिले के इस अनोखे मामले के अनुसार शिक्षा योजना में शिक्षण सामग्री खरीदी में 5.54 लाख की गड़बड़ी उजागर होने के बाद लगभग ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीआईडी जांच भी हुई थी

जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग में सामग्री खरीदी घोटाले में सीआईडी ने भी अपराध पंजीबद्ध कर जांच की थी। सीआईडी ने मामले की जांच कर बैकुंठपुर थाने को 173(8) के तहत मामला दर्ज कर अतिरिक्त जांच करने निर्देश दिए थे।

आज भी न्यायालय में विचाराधीन मामला

इस कमरे के बारे में जानकर डीईओ कार्यालय आने-जाने वाले हर कोई आश्चर्य से सील लगे कमरे को देखते हैं। वहीं कुछ लोग इसे भ्रष्टाचार का कमरा कहने से भी नहीं चुकते। शिक्षण सामग्री खरीदी के मामले में शिक्षा विभाग के सहायक संचालक और लिपिक को आरोपी बनाया है। मामला बैकुंठपुर न्यायालय में विचाराधीन है।

मामले में परामर्श लिया जाएगा

इस संबंध में कोरिया के जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि मामला बहुत पुराना है। आचार संहिता के बाद फाइल देखकर अध्ययन कर सील खुलवाने को लेकर परामर्श लिया जाएगा।

स्कूली बच्चों से भरी गाड़ी को डंपर ने ठोका, 1 की मौत, 8 घायल

धमतरी/नवप्रदेश। संबलपुर बाईपास तिराहा के पास शनिवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। स्कूली बच्चों से भरी जीप को डंपर ने ठोकर मार दिया। इस दर्दनाक हादसे में एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं जीप में सवार 8 बच्चे घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। इस दौरान स्कूल प्रबंधन की लापरवाही भी सामने आई है। बताया गया कि परीक्षा देकर वापस लौटते समय हादसाः धमतरी के सरस्वती ज्ञान मंदिर बठेना में पढ़ने वाले बच्चे परीक्षा के बाद जीप से ग्राम उसलापुर, तेलीनसत्ती घर लौट रहे थे। तभी सेहराडबरी के आगे बाईपास मोड़ के पास सामने से आ रहे हाईवा ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चुनाव आयोग की वेबसाइट हैक, 5 कर्मचारी सस्पेंड

हरियाणा (ए.)। कैथल में चुनाव आयोग की वेबसाइट को हैक करने का मामला प्रकाश में आया है,

जिसमें आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा रैली के आयोजन के लिए जिला प्रशासन से प्रशासनिक अनुमति मांगी थी, जिससे आप के आवेदन को रिजेक्ट करके उस पर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया। इसके साथ ही दूसरे सर्टिफिकेट पर हीरोइन की फोटो लगाकर आवेदन को रद्द कर दिया। अब इस मामले में जिला प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए एआरओ ब्रह्म प्रकाश ने तुरंत प्रभाव से पांच कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी ने चुराया हमारी गारंटी: कांग्रेस

- जयपुर में हुई कांग्रेस की सभा, जुटे दिग्गज
- विपक्ष के नेताओं ने भाजपा और मोदी सरकार पर बोला हमला

जयपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को जयपुर में कांग्रेस की जनसभा हुई। सभा में कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र का विमोचन भी किया। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी समेत अन्य नेताओं ने सभा को संबोधित कर भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला बोला।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झूठों का सरदार बताया, साथ ही उन पर गांरटी शब्द को चोरी करने का आरोप भी लगाया। वहीं, सोनियां गांधी ने कहा- मोदी देश का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी कहते हैं हरीशचंद्र के बाद मैं ही पैदा हुआ

मल्लिकार्जुन खरगे ने पूछा- मोदी ने कितनी गारंटी हमसे पहले दी है। कौन सी गारंटी उनकी लोगों तक पहुंची है। पहली तो युवाओं को हर साल 2-2 करोड़ नौकरी की गारंटी दी तो 10 साल में 20 करोड़ नौकरी मिलनी थी। मोदी पीएम है वह कैसे झूठ बोल सकते हैं। मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोग दूसरे देशों में काला धन रखते हैं। वह काला धन लाकर में हर एक को 15-15 लाख रुपये दूंग, पर क्या वह मिला?

हम न्याय की रोशनी खोजेंगे : सोनिया गांधी

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा- हमारे महान पूर्वजों ने कठिन संघर्ष के बल पर देश की स्वाधीनता के सूर्य को खोजा। इतने बरसों में वह महान ज्योति कुछ मध्यम पड़ गई है। हम इसके खिलाफलड़ेंगे और न्याय की रोशनी खोजेंगे। हमारा देश पिछले 10 साल से एक ऐसी सरकार के हवाले है, जिसने बेरोजगारी, महंगाई, अत्याचार को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। मोदी सरकार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हर वर्ग को साधने का काम किया : पायलट

सचिन पायलट ने सभा में कहा कि यह चुनाव एक व्यक्ति नहीं लड़ रहा, एक दल नहीं लड़ रहा। यह चुनाव दो विचारधाराओं का है। यह इस बात का चुनाव है कि 10 साल से जनता के साथ वादा खिलाफी हुई है। हमारे घोषणा पत्र में हर वर्ग को साधने का काम किया है। यह चुनाव देश के लिए निर्णायक चुनाव है। विधानसभा चुनावों में थोड़ी कमी रह गई, हम सरकार नहीं बना पाए। लेकिन, 2024 में फिर पलटफेर होगा। एनडीए हारेगी और यूपीए सरकार बनाएगी।

ऐसी हिमाकत.. पश्चिम बंगाल में एनआईए की टीम पर पत्थरबाजी, गाड़ियों में तोडफ़ोड़

- तृणमूल कांग्रेस नेता के घर पर 2022 के विस्फोटक मामले की जांच करने पहुंची थी टीम

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल में एनआईए के अधिकारियों पर सुबह-सुबह हमला हो गया। पश्चिम बंगाल के मिदनापुर जिले के भूपतिनगर में एनआईए की टीम जांच करने पहुंची तो इस टीम पर हमला कर दिया गया।

एनआईए की टीम तृणमूल कांग्रेस नेता के घर पर 2022 में हुए विस्फोटक मामले की जांच करने पहुंची, तो वहां स्थित भीड़ ने जांच अधिकारियों पर पत्थरबाजी करना शुरू कर दिया।

एनआईए के अधिकारी जिस वाहन से पहुंचे थे उसे भी तोड़-फोड़ दिया गया। वहीं कुछ अधिकारी घायल हो गए। एनआईए की टीम ने मनबेंद्र जाना और अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने बयानबाजी की है।

लोगों ने वही किया, जो उन्हें करना चाहिए था'

जांच एजेंसी के खिलाफ ममता का बयान

कोलकाता। बंगाल में ईडी के बाद एनआईए टीम पर हमले को लेकर राज्य की टीएमसी सरकार और सीएम ममता बनर्जी विपक्षियों के निशाने पर हैं। अपने ऊपर हो रहे हमलों को लेकर अब ममता बनर्जी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। दक्षिण दिनाजपुर में एक चुनावी सभा से इतर ममता बनर्जी ने एनआईए पर हमले की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए पूछा कि 'उन्होंने (एनआईए) आधी रात में छापेमारी क्यों की? क्या उन्होंने पुलिस से इसकी इजाजत ली? स्थानीय लोगों ने वही किया, जो किसी अजनबी के उनकी जगह पर आने पर उन्हें करना

सिसोदिया को 18 अप्रैल तक जेल से राहत नहीं

नई दिल्ली, (वार्ता)। दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक मामले

में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी। सिसोदिया न्यायिक हिरासत में हैं और उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री को सबसे पहले पिछले साल पहले 26 फरवरी को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने और बाद में नौ मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

आधी रात पुलिस से भरी बस कार से टकराई, पलटने से 3 की गई

सिवनी (वार्ता)। मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के केवलारी थाना क्षेत्र के लोपा गांव के पास एक बड़ा हादसा

हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सुरक्षा में तैनाती के लिए जा रही पुलिसकर्मियों की बस कार से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 21 लोग घायल बताए जा रहे हैं। बता दें मंडला निवासी कुछ लोग नागपुर से इलाज कराकर कार से वापस घर जा रहे थे। इस दौरान रात 1 बजे मंडला की ओर से 35वीं बटालियन के एसएफ जवानों को लेकर बस सिवनी आ रही थी।

गुरिल्ला-कॉमबैट वार के सामने नहीं टिक पाए नक्सली

- तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर
- पुजारी कांकेर करींगुटा जंगल में एलएमजी और एके 47 हथियार बरामद

बीजापुर/नवप्रदेश। चुनाव के मद्देनजर माओवादी प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा बलों का दबाव बढ़ता जा रहा है। इसी के तहत फोर्स और नक्सलियों के बीच लगातार मुठभेड़ हो रही है। माओवादी लगातार मारे जा रहे हैं। शनिवार को फिर बीजापुर के जंगल में मुठभेड़ हुई। जहां गुरिल्ला-कॉमबैट वार के सामने नक्सली नहीं टिक पाए। इस दौरान तीन नक्सली मारे गए। घटनास्थल से कुछ हथियार भी बरामद किए गए हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ग्रेहाउंड्स आंध्रप्रदेश के जवानों से मुठभेड़

ग्रेहाउंड्स आंध्रप्रदेश के जवानों की एक टीम है, जो गुरिल्ला और कॉमबैट वार के लिए जानी जाती है। तेलंगाना जिले की स्थापना के बाद भी इस टीम को यथावत रखा गया। ग्रेहाउंड्स के जवानों ने शनिवार 6 अप्रैल को बीजापुर के पुजारी कांकेर इलाके में तीन नक्सलियों को मार गिराया है। उसी इलाके में ग्रेहाउंड्स ने साल 2018 के अप्रैल माह में ही 8 नक्सलियों को और बीजापुर के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नक्सलियों के अस्थाई कैंप किए ध्वस्त : नारायणपुर के मसपुर तमोरा में डीआरजी, बस्तर फाईटर्स और सीएएफ की टीम एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकली हुई थी। इस दौरान जवानों का दल घने जंगलों के बीच नक्सल कैंप तक पहुंचा। नक्सलियों के संत्री ने जवानों के पहुंचने की जानकारी दी। इस वजह से नक्सली मौके पर से भाग गए। इस दौरान जवानों ने नक्सलियों के बनाए गए अस्थाई कैंप को ध्वस्त कर दिया। मौके पर से उन्होंने बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, संचार उपकरण, नक्सली बैनर, वर्दी, नक्सल साहित्य और अन्य दैनिक उपयोगी सामान बरामद किया है।

बाल तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, सात आरोपी पकड़ाए

- सीबीआई ने तीन नवजात को बचाया

नई दिल्ली, (वार्ता)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शिशु तस्करों के एक नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है और दिल्ली तथा हरियाणा में सात अलग-अलग स्थानों पर तलाशी के दौरान तीन नवजात शिशुओं को बचाया है। सीबीआई ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

अधिकारियों ने तलाशी के दौरान 5.5 लाख नगद, कई आपत्तिजनक वस्तुएं और अन्य दस्तावेज भी बरामद हुए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के हिस्से के रूप में, सीबीआई ने दिल्ली और हरियाणा में सात ठिकानों पर तलाशी ली।

सीबीआई ने कहा, ÷ऑपरेशन के दौरान उसने सिर्फ डेढ़ दिन और 15 दिन के दो शिशुओं और एक महीने की एक बच्ची को भी बचाया है।

जांच के दौरान पता चला कि आरोपी फेसबुक पेज और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विज्ञापनों की मदद से देशभर में निःसंतान दंपतियों से संपर्क करते थे जो बच्चे गोद लेने के इच्छुक थे। वे कथित तौर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बेहतर भविष्य के लिए..

नदियों, घाटियों के मुद्दे हों चुनावी घोषणा पत्रों में शामिल

नई दिल्ली, (वार्ता)। यह एक अच्छी सोच है कि बेहतर भविष्य के लिए आने वाली सरकार से मांग की जा रही है। राष्ट्रीय नदी घाटी मंच ने देशभर में नदियों और घाटियों से जुड़े मुद्दों को राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शामिल करने की मांग रखी है। मंच ने कहा है कि नदियों को एक सजीव इकाई के तौर पर मान्यता दी जाए और मछुआरों, खानाबदोशों, चरवाहों और अन्य समुदायों के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नई दिल्ली, (वार्ता)। भारतीय तट रक्षक बल ने त्वरित ऑपरेशन चलाकर समुद्र में फंसे 27 बंगलादेशी मछुआरों को सुरक्षित बचा लिया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार मछुआरों की नौका खराब हो गई थी और वह नियंत्रण से बाहर होकर भारतीय समुद्री सीमा में बह रही थी।

गरमा-गरम

राजनीति... भाजपा के 45वें रिपीट स्थापना दिवस पर करोड़ों कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन

भाजपा ने दी हाशिए पर पड़े लोगों को आशा, आवाज : मोदी

नई दिल्ली, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 45वें रिपीट पैंतालिसवें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं को शुभकामनायें देते हुये शनिवार को कहा कि उनके त्याग एवं तप से भाजपा आज 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं एवं सपनों का प्रतीक बन गयी है, जिसे लोग 21वीं सदी में भारत का योग्य नेतृत्वकारी दल मानते हैं।

मोदी ने सुबह एक्स पर कई पोस्ट में स्थापना दिवस का संदेश दिया। उन्होंने कहा, आज, भाजपा के स्थापना दिवस पर, मैं पूरे भारत के सभी साथी पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनायें देता हूं। मैं उन सभी महान महिलाओं और पुरुषों की कड़ी मेहनत, संघर्ष और बलिदान को भी बड़ी श्रद्धा के साथ याद करता हूं, जिन्होंने वर्षों तक हमारी पार्टी का निर्माण किया। मैं बड़े विश्वास के साथ कह सकता हूं कि हम भारत की पसंदीदा पार्टी हैं, जिसने हमेशा 'राष्ट्र प्रथम' के आदर्श वाक्य के साथ काम किया है।

पार्टी से युवाओं में आकांक्षाओं को पूरा करने का भरोसा है

पीएम मोदी ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि भाजपा ने अपने विकासोन्मुख दृष्टिकोण, सुशासन और राष्ट्रवादी मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के लिये अपनी पहचान बनायी है। हमारे कार्यकर्ताओं द्वारा संचालित, हमारी पार्टी 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतीक है। भारत के युवा हमारी पार्टी को एक ऐसी पार्टी के रूप में देखते हैं जो उनकी आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है और 21वीं सदी में भारत को नेतृत्व प्रदान कर सकती है।

केंद्र हो या राज्य, बीजेपी ने सुशासन को नई परिभाषा दी

प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे केंद्र हो या राज्य, हमारी पार्टी ने सुशासन को नयी परिभाषा दी है। हमारी योजनाओं और नीतियों ने गरीबों और वंचितों को ताकत दी है, जो लोग दशकों तक हाशिये पर थे, उन्हें हमारी पार्टी में एक आवाज़ और आशा मिली। हमने सर्वांगीण विकास प्रदान करने की दिशा में काम किया है, जिससे प्रत्येक भारतीय के लिये 'जीवनयापन में आसानी' को बढ़ावा मिला है।

उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने भारत को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, सांप्रदायिकता और वोट बैंक की राजनीति की संस्कृति से भी मुक्त किया है। मोदी ने कहा, हमें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का अभिन्न अंग होने पर भी गर्व है, जो राष्ट्रीय प्रगति और क्षेत्रीय आकांक्षाओं के बीच पूर्ण सामंजस्य प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा, मैं अपने सभी भाजपा और राजग कार्यकर्ताओं को भी शुभकामनाएं देता हूं क्योंकि वे लोगों के बीच काम कर रहे हैं और हमारे एजेंडे को विस्तार से बता रहे हैं।

वे सीटें जहां बाहुबलियों का था राज अपनी मर्जी से बनते थे सांसद-विधायक!

लखनऊ। चुनाव छोटा हो या बडा. गांव के चुनाव में प्रत्याशी से लेकर सांसद, विधायक तक के चुनाव में उन्हीं की हनक चलती थी. इन बाहुबलियों की मर्जी के बिना गांवों में प्रतिनिधि का पर्चा तक लोग भरने से घबराते थे, लेकिन समय बदला तो इनमें से तमाम बाहुबलियों की जमीन घिसक गई. कुछ इस दुनिया में ही नहीं रहे. इस लोकसभा चुनाव में शायद ही पूर्वांचल का कोई बाहुबली चुनाव मैदान में दिखेगा. आइए डालते हैं एक नजर..

80 के दशक में थी तिवारी जी की हनक

1980 के दशक में गोरखपुर में हरिशंकर तिवारी की हनक चलती थी. हरिशंकर तिवारी, बाबा के नाम से पॉपुलर थे. छात्र राजनीति से निकले हरिशंकर तिवारी की गिनती बाहुबलियों में होती थी. ठाकुर नेता वीरेन्?द्र प्रताप शाही से उनकी अदावत के किस्से आज भी मशहूर हैं. दोनों के बीच आए दिन खूनी जंग होती रहती थी. 1985 में तिवारी ने राजनीति में एंट्री ले ली और जेल में रहते हुए चिल्?लूपार से विधायक चुन लिए गए. वह लगातार 22 साल तक यहां से चुनाव जीते. सरकार किसी की हो, वह मंत्री भी बन जाते थे. 16 मई 2023 को उनका निधन हो गया.

मुख्तार अंसारी का दबदबा खत्म

पूर्वांचल में मुख्तार अंसारी का दबदबा किसी से छिपा नहीं था. पिछले 4 दशक से मुख्तार का पूर्वांचल में बोलबाला था. मुख्तार के खिलाफलगभग 65 मामले दर्ज थे. अभी हाल ही में मुख्तार का हार्ट अटैक के कारण निधन हो गया. वह मऊ विधानसभा सीट से 5 बार विधायक भी रहा. उसने आखिरी चुनाव वर्ष 2017 में लड़ा और वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में वह मैदान में नहीं उतरा. मुख्तार अंसारी पर भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या के भी आरोप थे.

तीन दशक से धनंजय सिंह का राज

धनंजय सिंह के नाम का सिक्का भी पूर्वांचल में खूब चलता था. धनंजय का आपराधिक रिकॉर्ड 3 दशक से अधिक पुराना है. उनके खिलाफ 1991 से 2023 के बीच कुल 43 मामले दर्ज है. ये मामले लखनऊ और जौनपुर ही नहीं, दिल्ली तक में दर्ज है, हालांकि 22 मामलों में धनंजय सिंह को दोषमुक्त कर दिया गया है. हाल ही में धनंजय सिंह को एक इंजीनियर के अपहरण के मामले में दोषी ठहराते हुए उन्हें 7 साल की सजा सुनाई गई. जिसके बाद अब धनंजय सिंह भविष्य में कोई भी चुनाव नहीं लड़ सकेंगे. उनके जौनपुर से लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चा थी. बता दें कि अपने रसूख को बचाने के लिए धनंजय सिंह ने वर्ष 2002 में राजनीति में एंट्री ली और रारी से विधायक बन गए. 2009 में लोकसभा का चुनाव जीता था.

अतीक अहमद का भी था आतंक

तब का इलाहाबाद और अब के प्रयागराज समेत पूर्वांचल के कई जिलों में अतीक अहमद की दहशत थी. जमीनें कब?जाने से लेकर कई तरह के गैरकानूनी कामों का दूसरा नाम बन चुका था अतीक. एक समय था जब पूर्वांचल की दर्जन भर सीटों पर अतीक अहमद का दबदबा माना जाता था. यह कहा जाता था कि ये सीटें अतीक के प्रभाव वाली हैं और तो और वह खुद इलाहाबाद शहर पश्चिमी सीट से पांच बार विधायक और एक बार सांसद भी रहा. अब अतीक अहमद की हत्या हो चुकी है.

बाहुबली विजय मिश्रा पर भी लगी रोक

बाहुबली विजय मिश्रा पर लगभग 83 मुकदमें दर्ज हैं. किसी समय में भदोही से लेकर प्रयागराज तक विजय मिश्रा का बोलबाला था. अपराधिक दुनिया के बाद विजय मिश्रा ने राजनीति में घुसपैठ की और भदोही की ज्ञानपुर सीट से लगातार चार बार विधायक रहे. योगी सरकार आने के बाद कार्रवाई शुरू हुई. 2022 के विधासभा चुनाव में वह तीसरे नंबर रहे. अभी हाल ही में 13 साल पुराने एक आर्म्स एक्ट के केस में तीस साल की सजा सुनाई गई, जिसके बाद वह 6 साल तक चुनाव नहीं लड़ सकते.

योगी आदित्यनाथ की परंपरा को आगे बढ़ाएं रवि किशन!

रवि किशन और काजल निषाद

गोरखपुर लोकसभा सीट पर बीजेपी ने एक बार फिर रवि किशन पर भरोसा जताते हुए उन्हें टिकट दिया है. रवि किशन के सामने इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी की काजल निषाद चुनाव लड़ रही हैं. काजल निषाद भी रवि किशन की तरह फिल्मी दुनिया से ताल्लुक रखती हैं. काजल ने कई भोजपुरी फिल्मों में काम काम किया है. उन्होंने 'लापतागंज' जैसे चर्चित हास्य धारावाहिक में भी काम किया है. काजल पहले कांग्रेस में थीं और उन्होंने हाथ के पंजे के चुनाव चिह्न पर उत्तर प्रदेश विधानसभा का चुनाव भी लड़ा था. हालांकि, उन्हें हार का सामना करना पड़ा. 2021 में वह समाजवादी पार्टी में आ गईं और 2022 कैम्पियरगंज सीट से साइकिल के निशान पर चुनाव लड़ा.

गोरखपुर। बात 1984 की है. प्रधानमंत्री पद पर रहते ही इंदिरा गांधी की हत्या खुद उनके सुरक्षाकर्मियों द्वारा ही कर दी गई थी. इसके कुछ दिनों बाद देशभर में लोकसभा चुनाव हो रहे थे. आज हाई प्रोफाइल मानी जा रही उत्तर प्रदेश की गोरखपुर लोकसभा सीट उन दिनों रणनीतिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण लेकिन वस्तुतः एक उपेक्षित-सी सीट थी. इस सीट पर कुल मिलाकर 19 प्रत्याशी मैदान में थे और इनमें से 14 निर्दलीय थे. मुकाबला केवल दो लोगों के बीच सिमटा था; एक तो कांग्रेस के मदन पाण्डेय और दूसरे लोकदल के हरिकेश बहादुर.

गोरखपुर लोकसभा सीट का इतिहास

आजादी की लड़ाई में क्रांति से लेकर शांति तक के रास्ते पर अगली पंक्ति में रहने वाले गोरखपुर क्षेत्र के लिए लोकतंत्र वैसे तो संस्कार का हिस्सा है. बुद्ध जिस कपिलवस्तु के राजकुमार थे, वह गणराज्य ही था और आज भी व्यापक अर्थों में इसी क्षेत्र का हिस्सा है. लेकिन आधुनिक अर्थों में विदेशी दासता से मुक्ति के बाद नए सिरे से लोकतंत्र की नींव पड़ने के बाद देश में पहली बार लोकसभा चुनाव 25 अक्टूबर, 1951 से 21 फरवरी, 1952 के बीच कराए गए थे. उस वक्त लोकसभा में कुल 489 सीटें थीं, लेकिन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या केवल 401 थी. इनमें 314 सीटें ऐसी थीं, जहां से केवल एक-एक प्रतिनिधि चुने जाने थे. इस व्यवस्था में गोरखपुर और आसपास के जिलों को मिलाकर यहां से कुल चार सांसद चुने जाने थे.

गोरखपुर की राजनीति और गोरखनाथ मठ

चुनावों में गोरखनाथ मठ ने पहली बार 1962 में दस्तक दी. गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजय नाथ पहली बार हिंदू महासभा के टिकट पर चुनाव लड़े. उन्होंने कांग्रेस के सिंहासन सिंह को कड़ी टक्कर दी, लेकिन कुछ मतों से हार गए. सिंहासन सिंह तीसरी बार सांसद चुन लिए गए. लेकिन 1967 में उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा और कांग्रेस के सिंहासन सिंह को हरा कर इस सीट पर कब्जा कर लिया. निर्दलीय होते हुए भी उन्होंने बड़े अंतर से सिंहासन सिंह को पराजित किया था।

लोकसभा चुनावी वॉच

दिल्ली में कांग्रेस के 3 उम्मीदवारों की रेस में ..ये नाम सबसे आगे

नई दिल्ली. दिल्ली में कांग्रेस को आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन के बाद मिली 3 सीटों पर उम्मीदवारों के पैनल का नाम तय कर दिया गया है.

सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में हर सीट पर 3 नामों का पैनल बनाया गया है. चांदनी चौक से जिन 3 नामों की चर्चा है, उनमें संदीप दीक्षित, जेपी अग्रवाल और अलका लांबा का नाम शामिल है. जिसमें संदीप दीक्षित का नाम सबसे आगे है. वहीं नार्थ वेस्ट दिल्ली से राजकुमार चौहान, उदित राज और सुरेंद्र कुमार के नाम शामिल हैं. सूत्रों के मुताबिक बताया गया कि कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में पार्टी के अध्यक्ष खड़गे उदित राज के पक्ष में हैं. लेकिन सीईसी के कुछ सदस्यों ने कहा कि खांटी पुराने कांग्रेसियों के रहते बाहर से आने वाले को तरजीह क्यों दी जाए. वहीं नार्थ ईस्ट दिल्ली सीट से पैनल में अरविंदर लवली का नाम शामिल है. लेकिन जब उदित राज पर सवाल उठे तो लवली ने कहा कि मुझे चुनाव लड़ाना भी है. कोई और लड़ जाए तो मुझे ऐतराज नहीं है. जिसके बाद चर्चा में मनोज तिवारी के सामने कन्हैया कुमार को उतारने की बात सामने आई. इसलिए दोनों सीटों पर अंतिम फैसला कांग्रेस अध्यक्ष पर छोड़ा गया. उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कल हो सकती है.

बेटा पहुंचा कांग्रेस में...

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित एक कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह की मौजूदगी में सन्नी हजारी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है.

बिहार में मंत्री पिता बोले- यह उसका राजनीतिक फैसला

सन्नी हजारी समस्तीपुर में पिछले कई सालों से सक्रिय हैं और पंचायती राज के क्षेत्र में उन्होंने बहुत कुछ किया है. कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद न्यूज़ 18 से खास बातचीत में सन्नी हजारी ने कहा कि अगर कांग्रेस हाई कमान उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति दे तब वे समस्तीपुर से कांग्रेस के प्रत्याशी होंगे. शांभवी चौधरी के समस्तीपुर के बाहर का उम्मीदवार होने के बारे में पूछे जाने पर सन्नी हजारी ने कहा कि इसका फैसला जनता करेगी. यह पूछे जाने पर की अपने अपने पिता की विपरीत विचारधारा की पार्टी को ज्वाइन किया है तो इसके लिए क्या उनकी अनुमति ली है? सन्नी हजारी ने कहा कि इसके लिए उन्होंने कोई अनुमति नहीं ली. उन्होंने कई उदाहरण दिए जिसमें पिता अलग पार्टी और पुत्र अलग विचारधारा की पार्टी में रहे हैं.

लोजपा से नहीं मिली टिकट, समस्तीपुर से लड़ना चाहते थे चुनाव

सन्नी हजारी के पिता महेश्वर हजारी चाहते थे कि उनके पुत्र को समस्तीपुर से लोजपा से टिकट मिले और इसके लिए बतौर पिता उन्होंने कोशिशें भी की थी. लेकिन आखिरकार मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी ने लोजपा का टिकट हासिल करने में सफलता पाई. इसके बाद से ही सन्नी हजारी नाराज चल रहे थे. उनके समर्थकों ने कहा था कि क्षेत्र में सक्रिय रहे सन्नी को चुनाव मैदान में डट जाना चाहिए. जनता उन्हें भारी मतों से जिताएगी. अब सन्नी ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा है.

पीढ़ियों से चली आ रही ग्वालियर के महाराज-राघौगढ़ के राजा की अदावत

ग्वालियर। ज्योतिरादित्य सिंधिया और जयवर्धन सिंह के बीच करीब 6 महीने पहले अदावत शुरू हुई थी. उस वक्त विधानसभा चुनाव के पहले सिंधिया ने राघौगढ़ में जयवर्धन सिंह को हराने के लिए रणनीति बनाई थी. साल 2023 के विधानसभा चुनाव में सिंधिया ने दिग्गी परिवार के खास रहे पूर्व विधायक मूल सिंह के बेटे हीरेंद्र सिंह बंटी को कांग्रेस से तोड़कर बीजेपी में शामिल कराया. सिंधिया ने राघौगढ़ विधानसभा सीट पर कांग्रेस के जयवर्धन सिंह के सामने हीरेन्द्र बंटी को खड़ा किया. सिंधिया और उनकी टीम ने बंटी को जिताने के लिए पुरजोर कोशिशें कीं. इसके चलते जयवर्धन सिंह विधानसभा चुनाव में हारते-हारते बचे.

साल 2018 में 50 हजार वोट से जीतने वाले जयवर्धन सिंह बीजेपी के हीरेन्द्र के सामने महज 4 हजार वोटों से जीत पाए थे. बता दें, जय विलास महल और राघौगढ़ के किले के बीच अदावत पीढ़ियों से चली आ रही है. राजशाही के दौर में सिंधिया महाराज और राघौगढ़ के राजा के बीच युद्ध तक हो चुका है. राजशाही खत्म होने के बाद लोकशाही में भी सिंधिया और दिग्गी परिवार के बीच टकराव जारी रहा. 1984 में पहली बार सांसद बने दिग्विजय सिंह ने अर्जुन सिंह की मदद से माधव राव सिंधिया को मात देते हुए प्रदेश अध्यक्ष का पद हासिल किया. 1991 में लोकसभा चुनाव जीतने के बाद दिग्विजय सिंह एक बार फिर से अर्जुन सिंह की मदद से माधवराव सिंधिया को मात देते हुए प्रदेश अध्यक्ष बने. 1993 में मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर दिग्विजय सिंह के पास महज 8 विधायकों का सपोर्ट था।

बड़े अंतर से हारे थे

2018 में मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो दिग्विजय सिंह ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को मुख्यमंत्री नहीं बनने दिया. 2019 के लोकसभा चुनाव में गुना सीट पर ज्योतिरादित्य सिंधिया को दिग्विजय गुट के अंदरूनी विरोध का सामना करना पड़ा, जिससे ज्योतिरादित्य सिंधिया बड़े अंतर से चुनाव हारे.

कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन

2020 में दिग्विजय और सिंधिया के बीच लड़ाई चरम पर पहुंच गई और आखिर में परेशान होकर सिंधिया ने अपने समर्थको के साथ कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया.

बसपा ने अपने 'गढ़' में महिला प्रोफेसर को बनाया उम्मीदवार

लखनऊ। बसपा ने लोकसभा चुनाव में धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलने वाली, तेज-तर्रार और छोटे बालों वाली युवती को लालगंज की सुरक्षित सीट से मैदान में उतारा है. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की संकाय सदस्य इंदु चौधरी ने राजनीति में कदम रखा है, क्योंकि उन्हें बसपा की विचारधारा पसंद है. वह कहती हैं, मैं बहुजन समुदाय के हित में काम करते हुए मायावती और कांशीराम के मिशन को जारी रखूंगी, जैसा कि मैं एक दशक से अधिक समय से करती आ रही हूं. बसपा ने 2019 में यह सीट जीती थी. पार्टी सांसद संगीता आज़ाद पिछले महीने भाजपा में शामिल हो गई.

अंबेडकर नगर जिले के निकसपुर गांव में जन्मीं इंदु का बचपन लखनऊ की रेलवे कॉलोनी में बीता, जहां उनके पिता काम करते थे. उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा इंटरमीडिएट स्तर तक एक पब्लिक स्कूल से पूरी की, उसके बाद उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से बीए, बीएड, एमए और पीएचडी की डिग्री ली. डॉक्टरेट करते समय उन्हें सैनिक स्कूल में अंग्रेजी शिक्षिका के पद के लिए चुना गया. इस स्कूल में उन्होंने दो साल तक सेवा की. उसके बाद उन्हें बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया. अपने शैक्षणिक कर्तव्यों के अलावा वह सामाजिक न्याय की आवाज बुलंद करने में सक्रिय रही हैं. वह बहुजन नेताओं के संघर्षों के बारे में मुखर रही हैं. उन्होंने बी.आर. अंबेडकर, कांशीराम और मायावती के आदर्शों और दृष्टिकोणों पर जोर दिया है, जिसका उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और बहुजन मिशन के लिए समर्थन जुटाना है।

हिमंत सरमा का कांग्रेस पर तंज, क्या घोषणापत्र बनाने के लिए...

गुवाहाटी। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र जारी होने के कुछ ही घंटे बाद असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने पार्टी पर हमला करते हुए पूछा कि क्या उसका घोषणापत्र किसी विदेशी एजेंसी ने तैयार किया है. सरमा ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि 'कांग्रेस के घोषणापत्र में एक निर्वाचित राज्य सरकार को हटाने, तीन तलाक को बहाल करने, ओपीएस पर यू-टर्न लेने का वादा किया गया है. इसके किसी भी वादे पर कोई डिलीवरी की तारीख नहीं है. इंडस्ट्री 4.0 के लाभों का दोहन करने की योजना का अभाव है. सबसे बुरी बात तो यह है कि थाईलैंड और अमेरिका की तस्वीरों को भारत का बताया गया है.' मुख्यमंत्री सरमा

ने सवाल किया कि 'क्या उन्होंने अपना घोषणापत्र तैयार करने के लिए किसी विदेशी एजेंसी को काम पर रखा है?' गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी मुख्यालय में आगामी लोकसभा चुनावों के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया. पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने घोषणापत्र जारी किया. कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र को 'न्याय पत्र' करार दिया है और 'पांच स्तंभों' के माध्यम से न्याय सुनिश्चित करने का वादा किया है. इस बीच, सरमा भाजपा उम्मीदवार सर्बानंद सोनोवाल के लिए प्रचार करने के लिए शुक्रवार को डिब्रूगढ़ में थे. मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री सोनोवाल के साथ अपने लंबे जुड़ाव का उल्लेख करते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि 'आज, जब मैं अपनी विजय संकल्प यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए डिब्रूगढ़ का दौरा कर रहा हूं, तो मुझे केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार श्री सर्बानंद सोनोवाल के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे जुड़ाव की याद आती है।

'हर घर से आवाज आने लगी है 4 जून 400 पार': पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत कर्नाटक के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से नमो एप के जरिए संवाद किया. पीएम मोदी ने कहा कि कन्नड़ भाषा और साहित्य दोनों ही भारत के लेखन परंपरा की धरोहर हैं. मुझे पता है कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान में पूरी तरह से जुटे हुए हैं. वैसे भाजपा का कार्यकर्ता हर समय जन सेवा के लिए समर्पित रहता है, लेकिन, इस समय आपका फोकस 26 अप्रैल और 7 मई को होने वाले वोटिंग की तैयारी पर है. भाजपा कार्यकर्ता होने के नाते मैं भी आप सबसे बात करने के लिए आपके बीच आया हूं.

पीएम मोदी ने कहा कि कर्नाटक के लोगों का भरोसा निरंतर भाजपा पर बढ़ा है. कर्नाटक के हर घर से आवाज आने लगी है 4 जून 400 पार. पीएम मोदी ने कार्यक्रम में सबसे पहले मैसूर के भाजपा कार्यकर्ता राजेश से बात की. उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए अब बहुत कम समय बचा है और बहुत काम बाकी है. इस चुनाव में मेरा एक लक्ष्य है कि बूथ कार्यकर्ताओं से बात इसलिए करता हूं, क्योंकि हमारा लक्ष्य बूथ जीतना है. पोलिंग बूथ में जीत पक्की करनी है.

6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस होता है. ये वो दिन है, जो जनसेवा के संकल्प को और मजबूत करता है. जनसेवा के इस महायज्ञ को जारी रखने के लिए सरकार में वापसी उतनी ही जरूरी है और जनता जनार्दन का आशीर्वाद भी उतना ही जरूरी है. इसलिए 10 वर्षों तक कार्य करके हमने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, हमें उन सबको जनता तक ले जाना है।

पीएम मोदी ने भाजपा कार्यकर्ता को सलाह देते हुए कहा कि वह पन्ना प्रमुखों के साथ दो से तीन कार्यकर्ताओं की एक-एक टोली बनाएं और एक टोली को 10 घर दें. इस टोली में महिलाएं भी होनी चाहिए. ऐसी कम से कम तीन टोली होनी चाहिए. चुनाव में प्रचार करना एक काम है और वोट पक्का करना दूसरा काम है. सबसे महत्वपूर्ण काम है वोट पक्का करना. इसलिए मेरा आग्रह है कि इन सब चीजों पर ज्यादा बल दें.

पीएम ने कहा कि मुझे पक्का विश्वास है कि आप लोग केंद्र सरकार की उपलब्धियां और लोकहित में जो काम हुए हैं, उसके बारे में लोगों को जरूर बताते होंगे. इसके साथ-साथ एक कागज में लिखना चाहिए कि कैसे कर्नाटक में कांग्रेस सरकार बनने के बाद लोगों को धोखा दिया गया. कांग्रेस ने जो वादे किए थे, उसे पूरा नहीं कर रही है, वो कैसे भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं और गुटबाजी कर रहे हैं. ये सारी बातें भी हर घर में जाकर लोगों को बतानी चाहिए.

इसके अलावा पीएम मोदी ने भाजपा कार्यकर्ता सरला से बात करते हुए राम मंदिर का जिक्र भी किया. उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में भाजपा सरकार के कई फैसलों से देश की नारी शक्ति को बहुत बल मिला है. 10 सालों में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' से लेकर 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' तक हमारे हर फैसले में नारी शक्ति रही है.

पीएम मोदी ने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को भाजपा ही पूरा कर सकती है. गरीब को पक्का मकान, पीएम किसान सम्मान निधि हो, शौचालय, बिजली, नल से जल और गैस कनेक्शन की सुविधा हो, ये सब काम भाजपा सरकार कर रही है और हर वर्ग के सपने को पूरा कर रही है.

न्यूज गैलरी

मोबाइल एप के लिंक से सट्टा खिलाने वाला गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। आईपीएल सट्टा कारोबार के मामले में पुलिस ने एक बड़े खाईवाल को पकड़ा है।

आरोपी मोबाइल एप के लिंक के जरिए ऑनलाइन कारोबार करने में जुटा था। पकड़े जाने के बाद पुलिस ने सट्टा कारोबार का खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक एंटी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट ने मुखबीर की सूचना मिलने के बाद आरोपी अभिषेक गोयल निवासी नया पारा गोल बाजार को दबोचा। पूछताछ में आरोपी से सट्टा कारोबार का खुलासा हुआ। आरोपी के मोबाइल की जांच करने के बाद ग्रांडेच.कॉम, ऑल पानेल . कॉम के वेबसाइट की लिंक के जरिए सट्टा कारोबार का खुलासा हुआ। वेबसाईट के लिंक की आई.डी. एवं पासवर्ड के माध्यम से ऑन-लाईन सट्टा संचालित करते आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी अपने दो सहयोगियों के साथ सट्टा कारोबार का संचालन कर रहा था। आरोपी अभिषेक गोयल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 02 नग मोबाईल फोन एवं नगदी रकम 1,100 रूपये जुमला कीमती लगभग 42,000 जब्त किया गया है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस-नवकार हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर में फ्री ओपीडी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। 1948 में प्रथम

स्वास्थ्य सभा में अपनी शुरुआत से और 1950 में प्रभावी होने के बाद से, उत्सव का उद्देश्य विश्व स्वास्थ्य संगठन के लिए चिंता के प्राथमिकता वाले क्षेत्र को उजागर करने के लिए एक विशिष्ट स्वास्थ्य विषय के बारे में जागरूकता पैदा करना है। स्थापना की सालगिरह का प्रतीक है और प्रत्येक वर्ष एक विशिष्ट सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता पर केंद्रित होता है। सभी के लिए स्वास्थ्य प्राप्त करने की यात्रा पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा , जो इस वर्ष की थीम है, WHO सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार के 76 वर्ष थीम के तहत अपनी 76वीं वर्षगांठ मनाएगा। इसी कड़ी में इस बार विश्व स्वास्थ्य दिवस पर नवकार हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर द्वारा फ्री ओपीडी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मस्तिष्क रोग विभाग हड्डी रोग विभाग स्त्री रोग विभाग जनरल मेडिसिन दंत रोग विभाग पेन मैनेजमेंट क्लिनिक का आयोजन किया जाएगा साथ ही 50त्न की विशेष छूट पर सभी प्रकारों का जांच किया जाएगा जिसका समय नवकार हॉस्पिटल रिंग रोड के पास 7 अप्रैल रविवार को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रखा गया।

ओम ऑटो व्हील्स हुआ दो राष्ट्रीय आवार्ड से सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। टाटा मोटर्स इंडिया लिमिटेड के अधिकृत डीलर ओम ऑटो व्हील्स को दो राष्ट्रीय

अवार्ड से सम्मानित किया गया है। टाटा मोटर्स इंडिया लिमिटेड द्वारा मुंबई मे आयोजित मिडईयर कांफ्रेंस मे ओम ऑटो व्हील्स को हाईएस्टवॉल्यूमग्रोथ डीलर फॉरवेस्ट जोन के बेस्ट डीलर और बेस्ट डीलर फॉरफ्लीट मैनेजमेंट सिस्टम के अवार्ड नवाजा गया है। ओम ऑटो व्हील्स को यह विशेष अवार्ड टाटा मोटर्स के ट्रक्स एंडबस के बिज़नेस हेड श्री राजेश कॉलजी और टाटामोटर्स के ट्रक एंडबस डिवीज़न के वेस्ट जोन के हेड श्री ऋषिसूरी जी द्वारा डीलरशिप के डायरेक्टर श्री पुनीत पारवानी जी को प्रदान किया गया। ओम ऑटो व्हील्स अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से निरंतर ऐसे अवार्ड लगातार जीतते जा रहे है और इसी कड़ी मे दो अवार्ड और जुड़ने से ओम ऑटोव्हील्स के सभी कर्मचारी और मैनेजमेंट काफी हर्षोउल्लास से भरे हुए है।

कबाड़ के अवैध कारोबार पर सख्ती, कई जगहों पर पुलिस की रेड

■ अलग-अलग ठिकानों से 97 लाख का माल जप्त

रायपुर। शहर में कबाड़ के अवैध कारोबार पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को अलग-अलग ठिकानों में छापेमार कार्रवाई करते हुए स्क्रैब जब्त किया। 44 आरोपियों की गिरफ्तारी करते हुए उनकी निशानदेही पर लोहा और दूसरे तरह का स्क्रैब बरामद किया।

पुलिस के मुताबिक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देश व अधीक्षक शहर लखन पटले के नेतृत्व में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अवैध कबाड़ के कारोबार पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिले के थाना प्रभारियों, एण्टी क्राईम एण्टी

साईबर यूनिट की टीम द्वारा अलग-अलग ठिकानों में दबिश देकर कार्रवाई की गई। थाना धरसींवा, खमतराई, उरला, डी.डी.नगर, आमानाका, मौदहापारा, तेलीबांधा, गुढियारी, न्यू राजेन्द्र नगर, पण्डरी, खम्हारडीह एवं गोबरानयापारा क्षेत्र में स्थित कबाडियों के यार्ड, गोदाम एवं अन्य स्थानों में जांच पड़ताल करते हुए यहां से सामान जब्त किए। कबाड़ के अवैध कारोबार में संलिप्त कुल 44 प्रकरणों में 44 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 25 टन से अधिक लोहे का कबाड़ एवं 17 नग चारपहिया वाहन जुमला कीमती लगभग 97,00,000/- रूपये जब्त कर कार्रवाई की। कबाड़ के अवैध कारोबार करने वालों के पुराने रिकार्ड देखते हुए उनके खिलाफ में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की।

ठगी करने के बाद फ्लाइट पकड़ने वाले गिरोह का पर्दाफाश, थमा जाते थे सोने की नकली ब्रेसलेट

■ महाराष्ट्र के शातिर ठगों को क्राइम ब्रांच ने पकड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में सोने की नकली ब्रेसलेट गिरवी करके सराफा कारोबारियों को चूना लगाने वाले ठगों को आखिर पुलिस ने धर दबोचा है। महाराष्ट्र गिरोह के दो शातिरों को पुलिस सीसीटीवी फुटेज से शिनाख्त होने के बाद गिरफ्तार किया। सोने के बदले कैश लेकर गिरोह के मेंबर फ्लाईट में चढक़र फरार हो जाते थे। इस बार सटीक जानकारी हाथ लगने के बाद पुलिस को उन्हें पकडऩे में सफलता मिली।

शनिवार को एएसपी क्राइम संदीप मित्तल और डीएसपी क्राइम संजय सिंह ने अंतर्रा'यीय ठग गिरोह का खुलासा किया। महाराष्ट्र से रायपुर आकर तीन जगहों में ठगी करने वाले आरोपी साहेब बेनर्जी और अक्षय सोनी को गिरफ्तार कर उन्हें जेल दाखिल कराया। एएसपी के मुताबिक प्रार्थी महेश कुमार थवाईत ने बीते 19 मार्च को विधानसभा थाना में धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया था। महेश के पास पहुंचे दो लोगों ने सोने का ब्रेसलेट गिरवी किया था। प्रार्थी को सोना गिरवी रखने के लिये सोने के ब्रेसलेट के साथ उसका रसीद एवं आधार कार्ड दिखाते हुए कहा कि मुझे इसे गिरवी

रखकर जमीन खरीदने हेतु पैसे की अत्यंत आवश्यकता है, उसके द्वारा लाये गये ब्रेसलेट में हॉलमार्क अंकित था तथा रसीद व आधार कार्ड भी दिया। इसके आधार पर प्रार्थी ने ब्रेसलेट वजनी 61 ग्राम 740 मि.ग्रा. को अपने पास गिरवी रखकर 02 लाख 50 हजार रूपये नगद दे दिया। प्रार्थी द्वारा पुन÷ ब्रेसलेट का परिक्षण किया गया जिससे उसे ज्ञात हुआ कि सोने का ब्रेसलेट नकली है। इस प्रकार विशाल कुमार सोनी नामक व्यक्ति द्वारा प्रार्थी के पास नकली सोना गिरवी रखवाकर ठगी किया गया। इसी तरह की घटना आरंग स्थित समृद्धि 'वेलर्स के संचालक नरेन्द्र कुमार सोनी ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई। पुरानी बस्ती थाना में भी संदिग्ध लोगों ने इसी तरह से घटना को अंजाम दिया। तीन जगहों पर एक जैसे मामले सामने आने के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की। इसके बाद आरोपी गिरोह के बारे में पता चला। तुरंत महाराष्ट्र जाकर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

बार-बार फुटेज देखने पर मिला क्लू

जांच टीम के सदस्यों द्वारा प्रार्थियों की दुकान में लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के साथ ही आस-पास लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन किया गया। बार-बार फुटेज देखने के बाद संदिग्धों के बारे में पता चला। आरोपियों द्वारा दिया गया आधार कार्ड अन्य रा'य का था जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा

देशभर में घूम-घूमकर ठगी

आरोपी वारदात के फौरन बाद फ्लाईट पकडक़र फरार हो जाते थे। उनसे पूछताछ में पता चला है उन्होंने घूम-घूम कर मध्यप्रदेश, आडिशा, झारखण्ड एवं गुजरात सहित अन्य कई रा'यों में इसी तरीके से वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अब दूसरे रा'यों की पुलिस से संपर्क कर क्राइम रिकार्ड खंगाल रही है।

हनुमान जी की आठ छलांगों पर केंद्रित होगा पं. मेहता का व्याख्यान

रायपुर/नवप्रदेश। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रायपुर समेत देश भर में रामनवमीं पर एक साथ एक ही समय पर सवा करोड़ श्री हनुमान चालीसा का महापाठ किया जाएगा। इसका मुख्य आयोजन केंद्र रायपुर के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स मैदान में होगा। श्री हनुमान महापाठ समिति द्वारा यह आयोजन पिछले 15 वर्षों से किया जा रहा है। समिति द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर विचार विमर्श करने एक बैठक रखी गई थी। बैठक में रायपुर शहर के कार्यक्रम संयोजक विजय अग्रवाल व राष्ट्रीय सचिव शिवनारायण मूंधड़ा उपस्थित थे।

सीएम के बयान से छेड़छाड़ करने वाले के खिलाफ केस दर्ज

■ सोशल मीडिया में नकारात्मक वीडियो वायरल करने का मामला

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विडियो को सोशल मीडिया में छेड़छाड़ कर नकरात्मक संदेश प्रसारित करने के मामले में सिविल लाइंस थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ साइबर एक्ट की धारा 465, 469, 471 व 66 सी के तहत अपराध दर्ज किया।

पुलिस के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता चिमनानी की शिकायत पर अपराध दर्ज किया गया। भाजपा प्रवक्ता के मुताबिक 3 अप्रैल को महासमुंद के मंच से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दिए गए उद्बोधन में छेड़छाड़ करते हुए कांग्रेस पार्टी के राजनांदगांव प्रत्याशी भूपेश बघेल के लिए वोट करते दिखाया गया।

यह विडियो आपत्तिजनक है वरन चुनाव आचार संहिता का उल्लघंन एव मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने का प्रयास भी है। इस मामले को लेकर सिविल लाइंस थाना में अज्ञात शख्स के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी जिसमें पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया।

नारायणा हेल्थ इंसाइडर ने मेडिकल डॉक्यू सीरीज आयोजित की

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर नारायणा हेल्थ रायपुर ने इंसाइडर, भारत की पहली मेडिकल डॉक्यू-सीरीज़ का रेड कार्पेट इवेंट आयोजित किया। इसमें रायगढ़ के हार्डवेयर उपकरण दुकान के मालिक विकास अग्रवाल की कहानी शामिल है उनके साथ एक बड़ा हादसा हुआ था, जब वे काम से लौट रहे थे। उन्हें बहुत बुरी तरह से नुकसान पहुचा था, जिसमें उनकी हड्डियाँ भी टूट गई थीं और उनके कई अंगों को नुकसान पहुंचा था। उन्हें इमरजेंसी में लाया गया फिर उनका इलाज किया गया, जिसमें डॉ. अजय कुमार मिश्रा (आपातकालीन

चिकित्सा), डॉ. जे रॉय चौधरी (ऑर्थोपेडिक्स), डॉ. पी.के.हरि कुमार (कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी), और डॉ. प्रदीप शर्मा (क्रिटिकल केयर) ने मिल के मरीज़ की जान बचाई।

हिन्दू नववर्ष पर 9 अप्रैल को जुटेंगे बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के सदस्य

रायपुर/नवप्रदेश। प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज द्वारा मनाया जाएगा नववर्ष चैत्र प्रतिपदा 9 अप्रैल को सुहागा मंदिर में हिन्दू नववर्ष मनाया जाएगा जिससे संबंधित कार्यक्रम की रूपरेखा और कार्य विभाजन की जिम्मेदारी हेतु एक बैठक आज रोहिणी पुरम स्थित सामुदायिक भवन में रखा गया था । नववर्ष के शुभारंभ 9 अप्रैल 2024 को अपने अपने घरों में शक्ति स्वरूपा माँ जगदम्बा की पूजा अर्चना स्थापना के साथ ही संगठन द्वारा इस दिन 101 कन्याओ का पूजन कर उपहार सामाग्री भेट कर कन्या भोज का आयोजन किया गया हैं । सर्व कल्याण की भावना से संगठन प्रतिवर्ष अपने नववर्ष के बारे में समाज को संदेश देने का और बच्चों को इससे जोड़ने के लिए प्रयासरत हैं। इस दिन को हिन्दू नववर्ष क्यों मनाया जाता हैं बच्चों के लिए नववर्ष पर क्या और क्यों प्रश्नोत्तरी कर अपने अपने घरों और आसपास के मंदिरो में ध्वजा रोहन और वितरण करेंगे बच्चों के द्वारा साँस्कृतिक कार्यक्रम और महिलाओं के बीच जसगीत प्रतियोगिता भी रखा गया हैं साथ ही नववर्ष पर 501 दीप प्रज्वलित की जाएगी। आज की इस अहम बैठक में श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा, अल्का

दीवान, सुषमा तिवारी, भारती किरण शर्मा, सरिता शर्मा , प्रीति शुक्ला, सुनीता मिश्रा, शजिंता शुक्ला, मीना शर्मा ,रानी दुबे, शुभाशीणी शर्मा, सुषमा शुक्ला, कुसुम शर्मा, रीता पांडे, रोशनी शर्मा , सुषमा कौशलेंद्र शुक्ला ,रत्ना तिवारी ,पप्पी ,वैशाली शर्मा,अणिमा शर्मा, श्री प्रकाश दीवान ,उमेश मिश्रा, ईश्वर शर्मा, प्रकाश दुबे उपस्थिति थे यह जानकारी मीडिया प्रभारी कमलेश शर्मा द्वारा दी गई।

ब्राह्मण समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन

वैवाहिक पत्रिका 'आशीर्वाद' के 13वें संस्करण का विमोचन

रायपुर। सर्व ब्राह्मण समाज के अविवाहित युवक-युवतियों का भव्य परिचय सम्मलेन आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार, रायपुर के भव्य प्रांगण में आयोजित किया गया। अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल, सचिव पं. सुरेश मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 475 परिवार, युवक-युवती शामिल हुए एवं एक-दूसरे से परिचय प्राप्त किये। मंच पर एलईडी टीवी लगाकर लाइव साक्षात्कार प्रसारित किया गया एवं पत्रिका में प्रकाशित 400 परिवारों की जानकारी पढ़कर एवं दिखाकर बतायी गई। लगभग 100 युवक-युवतियों ने मंच पर आकर अपने विचार, प्रश्नकर्ता एंकर के माध्यम से उपस्थित जनों के बीच रखी। पत्रिका में बायोडाटा प्रकाशन से लेकर कुण्डली मिलान, आवास, चाय, नाश्ता एवं भोजन की सभी व्यवस्थाएं निःशुल्क रही। समृद्ध मंच से आशीर्वाद पत्रिका के 13वें संस्करण का भव्य विमोचन किया गया। मंच पर सम्माननीय नागपुर से पं. बद्री प्रसाद शंकर प्रसाद पाण्डेय-अध्यक्ष हिंदी भाषी ब्राह्मण विकास संघ नागपुर, महासचिव - पं. विजय तिवारी, सहसचिव पं. हेमन्त पाण्डेय, कोषाध्यक्ष-पं. लालजी दुबे, बिलासपुर से पं. अरविंद दीक्षित महासचिव-छ.ग. प्रदेश कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा, पं. रामप्रसाद शुक्ल, पं. प्रभात मिश्र, चाम्पा से पं. मंतुराम शर्मा, भिलाई से पं. संजय शर्मा-प्रांताध्यक्ष भट्ट ब्राह्मण समाज छ.ग., झारसुगुडा से पं. उदय शंकर मिश्र, रायपुर से पं. योगेश तिवारी-अध्यक्ष अखण्ड ब्राह्मण समाज रायपुर, बलौदाबाजार से पं. अरविंद शुक्ल उपाध्यक्ष-छ.ग. प्रदेश कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा, पं. राजेन्द्र दुबे अध्यक्ष-सनाड्य ब्राह्मण समाज रायपुर, बिलासपुर से सचिव पं. राजेश पाण्डेय एवं पं. मनोहर लाल मिश्र, समाज के अध्यक्ष पं. अरूण शुक्ल, सचिव पं. सुरेश मिश्र, उपाध्यक्ष पं. राघवेन्द्र मिश्र, उपाध्यक्ष श्रीमती निशा अवस्थी, सहसचिव पं. रज्जन अग्निहोत्री, पं.गौरव शुक्ल, महिला मंडल प्रभारी-श्रीमती नीता अवस्थी, स्कूल प्रभारी-पं. अतुल पाण्डेय, संपादक मण्डल के सदस्य पं. राजकुमार अवस्थी, पं. चन्द्रभूषण बाजपेयी, श्रीमती शशी शुक्ला, श्रीमती शर्मिला शुक्ला उपस्थित रहें।

पहले शो से छा गए जादूगर अजूबा दर्शकों के सिर चढ़ कर बोला जादू

■ जादूगर अजूबा ने अंडर वाटर डेथ चैलेंज मैजिक दिखा दर्शकों को चकित किया

■ जादूगर सम्राट अजूबा के शो का उद्घाटन

रायपुर/नवप्रदेश। आज शाम शुक्रवार को रंगमंदिर (सिटी कोतवाली के पास) रायपुर में में जादूगर सम्राट अजूबा के विश्व प्रसिद्ध इंद्रजाल शो का भव्य आगाज़ हुआ.शो का शुभारंभ मुख्य अतिथि भातखण्डे ललित कला शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्री तरल मोदी जी, सचिव श्रीमती शोभा खण्डेलवाल जी एवं उपाध्यक्ष श्री अजय तिवारी जी ने सामूहिक रूप से मंच पर जैसे ही दीप जलाकर जादू शो का शुभारंभ किया और प्रेक्षागृह तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजने लगा. जादूगर अजूबा ने अपने जादू से पुष्पाहार पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सभी अतिथियों का भव्य सम्मान किया. हॉल पल पल सम्मान में तालियों से गूंजता रहा, ऐसा नजारा बहुत ही कम देखने को मिलता है।

अपने संबोधन में अतिथियों ने जादूगर अजूबा के वर्षो की, कला साधना, विज्ञान के प्रचार प्रसार और सामाजिक हित में चलाए जाने वाले उनके मैजिक की भरपूर सराहना करते हुए कहा कि रायपुर के लोगों को एक अच्छा कार्यक्रम दिखाने के लिए हम आभार व्यक्त करते हैं और हर शो हाउसफुल हो यही शुभकामनाएं देते हैं. विश्व के महानतम शोमैन द्वारा उपस्थत अतिथियों, मीडिया कर्मियों और सभी दर्शकों को रोमांचित और आनंदित करने का दौर. पल पल एक नया चमत्कार और नए नए बदलते ड्रेस मे जादूगर का मंच पर आना. कभी लड़की को मंच पर बुलाकर हवा में झुलाया तो कभी सुंदर सी लड़की को खूंखार गोरिल्ला बनाकर सभी को हतप्रभ कर दिया. कई हास्य भरे जादुई करतबों पर खूब ठहाके लगे तो दुनियां के सबसे खतरनाक स्टंट मैजिक अंडर वाटर डेथ चैलेंज एक्ट दिखा कर जादूगर ने सभी की चकित कर दिया.यह शो कई जन संदेशों से भरा था जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशे से दूर रहे, अपराध ना करें, पाखंडी बाबाओं से सावधान रहे जैसे अनेक संदेश भरे करतब को दर्शकों ने बेहद सराहा. शनिवार से यहां ऐसे ही अचरज मे डाल देने वाले रोजाना तीन शो 1बजे, 4 बजे और संध्या 7बजे से दिखाए जाएंगे द्य जिसका टिकट हॉल पर सुबह 10 बजे से मिला करेगा, ऑनलाइन टिकट www. jadugarajooba. com से एडवांस मे भी लिया जा सकता है यह जानकारी शो प्रबंधक रुद्र प्रताप सिंह व पिंकी राना ने दी।

गृहमंत्री विजय शर्मा के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने निर्वाचन आयोग से की शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने छत्तीसगढ़ शासन के गृहमंत्री विजय शर्मा के विरूद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन किये जाने की शिकायत कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त से किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने चुनाव आयोग को दिये ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान समय में आदर्श आचार संहिता लागू है ऐसे स्थिति में छत्तीसगढ़ शासन के गृहमंत्री श्री विजय शर्मा के द्वारा अपने नेतृत्व में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुये छत्तीसगढ़ राज्य के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के निवास स्थान में भाजपा नेताओं/कार्यकर्ताओं की भीड़ के साथ प्रदर्शन करने गये तथा उनके बंगले के दरवाजा को तोडकर घुसने का प्रयास किया गया।

गृहमंत्री जिनके ऊपर राज्य के कानून व्यवस्था को संभालने की जवाबदारी है वे स्वंय लोगो की भीड़ लेकर विरोधी दल के प्रमुख नेता के यहां प्रदर्शन करने गये तथा उन्होंने वहां पर नारे बाजी एवं उपद्रव मचाया।

गृहमंत्री स्वंय कानून को अपने हाथ में लेंगे तो पुलिस कैसे उनको नियंत्रण करेगी। उनके इस कृत्य से कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर संवैधानिक संकट खड़ा हो गया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मांग किया कि छत्तीसगढ़ शासन के गृहमंत्री श्री विजय शर्मा के विरूद्ध आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने हेतु तत्काल कानुनी/समुचित कार्यवाही किये जाने की कृपा की जाये। साथ ही जब तक लोकसभा चुनाव चल रहे है। गृहमंत्री विजय शर्मा को मंत्री पद से बर्खास्त किया जाये। पूर्व में भी कांग्रेस पार्टी ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से किया था। उस शिकायत पर कार्यवाही नहीं होने के कारण पुनः प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने शिकायत किया। ज्ञापन सौंपने वाले में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, वार रूम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, महामंत्री सुबोध हरितवाल, दीपक मिश्रा, प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, घनश्याम राजू तिवारी, सुरेन्द्र वर्मा, विकास तिवारी, वंदना राजपूत, अशोक राज अहूजा, सकलेन कामदार, संगीता दुबे सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

अनोखी लघु कहानियां

बुराई का जड़ से खात्मा

एक बार चाणक्य अपने शिष्यों के साथ सम्राट चन्द्रगुप्त से राजकाज सम्बन्धी कार्यों के लिए मिलने जा रहे थे. रास्ते में एक मैदान था जिसमें एक विशेष प्रजाति कुश नामक घास उगी हुई थी. चाणक्य जब उस मैदान से गुजर रहे थे तब कुश का तीखा और नुकीला सिरा उनके पांव में चुभ गया. उनके मुंह से आह निकल गयी. चाणक्य ने नीचे झुककर उस घास को देखा और फिर अपने शिष्यों से कुदाल मंगवाई और फिर स्वयं अकेले ही अपने हाथों से मैदान की सारी घास को उखाड़ना शुरू कर दिया. जब सारी घास उखड़ गयी तो चाणक्य ने कुश घास की जड़ों को भी निकालकर जला दिया. तत्पश्चात उन्होंने अपने शिष्यों से मठ्ठा (कच्चा घी जो छाछ बिलो कर निकाला जाता है) मंगवाया और सारी जमीन को उससे सींच दिया ताकि कुश फिर कभी ना पनप सके और किसी राहगीर को कष्ट ना पहुंचा सके. यह सब देखकर एक शिष्य ने जिज्ञासावश चाणक्य से पूछा, ' गुरूजी, इस नुकीली घास को निकालने के लिए आपने खुद इतनी मेहनत क्यों की ? आपने हमें आदेश दिया होता, हम शीघ्र ही यह कार्य कर देते. ' चाणक्य यह सुनकर मुस्कुराये और बोले, ' तुम सबको एक शिक्षा देने के लिए ही मैंने यह कार्य स्वयं किया है. यह करके मैं तुम सबको यह सिखाना चाहता हूँ कि बुराई को हमेशा जड़ से खत्म किया जाना चाहिए. जब तक हम ऐसा नहीं करेंगे तो बुराई कभी ना कभी किसी ना किसी को अपनी चपेट में लेती ही रहेगी. इसलिए बुराई को सिर्फ दूर नहीं करना चाहिए बल्कि इसे जड़मूल से समाप्त कर देना चाहिए, ताकि यह वापस कभी ना पनप सके.'

सांसारिक बंधन

एक बार की बात है. एक व्यक्ति मथुरा से गोकुल जाने को निकला. इसके लिए उसे यमुना नदी को नाव में बैठकर पार करना था. वह व्यक्ति भांग के नशे में था. वह नौका में बैठा और चप्पू चलाने लगा. उसे लगा थोड़ी देर में वह गोकुल पहुँच जाएगा. उस व्यक्ति ने सारी रात नाव चलायी. सुबह उजाला होने पर देखा तो उसे मथुरा जैसा ही शहर दिखाई पड़ा. उसने किसी से पूछा, 'यह कौनसा शहर है ?' जवाब मिला , 'मथुरा.' अब उस व्यक्ति का नशा उतरने लगा और उसे अपनी गलती का अहसास हुआ. उसने सारी रात नौका तो चलायी लेकिन नौका जो कि घाट के साथ एक रस्सी से बंधी हुई थी उसे तो खोला ही नहीं. इसी तरह सांसारिक बंधन है, जिन्हें खोलकर ही संसार सागर से पार पाया जा सकता है.

निंदक और चापलूस

एक सभा में राजा ने सभी विद्वानों से प्रश्न किया, ' दुनिया में सबसे तेज कौन काटता है ?' किसी का जवाब था, 'डांस मच्छर' , किसी ने कहा, ' मधुमक्खी' , किसी ने 'बिच्छू' तो किसी ने 'सांप' का नाम लिया. लेकिन राजा किसी भी जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ. उसने अपने मंत्री की ओर संकेत किया तो मंत्री ने कहा, ' महाराज, दुनिया में दो तरह के व्यक्ति सबसे तेज काटते हैं. एक निंदक और दूसरा चापलूस. निंदक पीछे से काटता है जिसके काटने से मनुष्य की आत्मा तिलमिला जाती है और चापलूस आगे से काटता है, जिसके काटने से मनुष्य अपने होशो हवास खो बैठता है.

चालाक बंदर

किसी नदी के किनारे एक बहुत बड़ा पेड़ था। उस पेड़ पर एक बन्दर रहता था। उस पेड़ पर बहुत ही मीठे फल लगते थे। बन्दर उन्हें भरपेट खाता था और मौज उड़ाता था। उस बन्दर के अकेले में बहुत ही अच्छे दिन बीत रहे थे। एक दिन एक मगरमच्छ नदी में से उस पेड़ के किनारे आ गया। बन्दर के पूछने पर उसने बताया कि वो वहाँ खाने की तलाश में आया है। बन्दर ने उस मगरमच्छ को पेड़ से बहुत सारे मीठे फल तोड़कर खाने के लिए दिए ! इस तरह उन दोनों की दोस्ती हो गई। अब तो मगरमच्छ रोज रोज वहाँ आता और बन्दर के साथ मिलकर खूब फल खाता। बन्दर भी एक दोस्त पाकर बहुत खुश था। एक दिन बातों-बातों में मगरमच्छ ने बन्दर को अपनी पत्नी के बारे में बताया जो नदी के दूसरी तरफ रहती थी। यह सुनकर बन्दर ने बहुत सारे मीठे फल मगरमच्छ को उसकी पत्नी के खाने के लिए दिए। अब तो मगरमच्छ रोज मन भरकर फल खाता और अपनी पत्नी के लिए साथ लेकर जाता। मगरमच्छ की पत्नी को फल खाना तो बहुत अच्छा लगता था लेकिन उसका रोज-रोज घर देरी से आना पसंद नहीं था। एक दिन मगरमच्छ की पत्नी ने मगरमच्छ से कहा कि अगर वह बन्दर रोज-रोज इतने मीठे फल खाता है तो उसका कलेजा कितना मीठा होगा। मुझे उसका कलेजा खाना है। मगरमच्छ ने उसे बहुत समझाया लेकिन उसकी पत्नी नहीं मानी। अगले दिन मगरमच्छ दावत के बहाने बन्दर को अपनी पीठ पर बैठकर अपने घर ले जाने लगा। नदी के बीच में उसने बन्दर को अपनी पत्नी की कलेजे वाली बात बता दी। यह सुनकर बन्दर ने बताया कि वो तो अपना कलेजा पेड़ पर ही छोड़ आया है। वह उसे पेड़ पर संभाल कर रखता है, इसलिए उन्हें वापिस जाकर कलेजा लाना होगा। मगरमच्छ बन्दर को पेड़ पर वापिस ले गया। जैसे ही वो पेड़ के पास पहुंचे, बन्दर छलांग मारकर पेड़ पर चढ़ गया और हँसकर बोला ÷घर वापिस चले जाओ मुर्खराजा और अपनी पत्नी से कहना कि तुम इस दुनिया के सबसे बड़े मुर्ख हो। भला कोई अपना कलेजा अपने शरीर से निकालकर अलग रखा सकता है क्या और इस तरह बन्दर ने अपनी चालाकी से अपनी जान बचा ली।

हिंदू नववर्ष की शुरुआत है चैत्र नवरात्रि

चैत्र नवरात्रि की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। चैत्र नवरात्रि के 9 दिनों तक घरों एवं मंदिरों में शक्ति की देवी दुर्गा की विशेष पूजा की जाती है। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नवरात्रि के समय में पूरे विधि-विधान के साथ देवी के नौ रूपों की पूजा करने से व्यक्ति को शुभ फल की प्राप्ति होती है। इस बार, चैत्र नवरात्रि, 09 अप्रैल 2024 से शुरू हो रही हैं, क्योंकि प्रतिपदा तिथि 08 मार्च की रात से लग रही है। इसलिए, उदया तिथि के कारण नवरात्रि 09 अप्रैल से शुरू होंगी और 17 अप्रैल 2024 को राम नवमी मनाई जाएगी।

इस बार क्या है माता की सवारी?

हिन्दू शास्त्रज्ञों के अनुसार, इस बार माता रानी घोड़े पर सवार होकर आएंगी। अगर नवरात्रि की शुरुआत मंगलवार से हो तो माना जाता है कि मां घोड़े पर सवार होकर आती हैं, जिसे शुभ नहीं माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इससे राष्ट्र में प्राकृतिक आपदा होने की संभावना बढ़ सकती है।

कलश स्थापना मुहूर्त

इस बार नवरात्रि पर कलश स्थापना के लिए सिर्फ50 मिनट का समय है। कलश स्थापना 09 अप्रैल को सुबह 06 बजकर 12 मिनट से सुबह 10 बजकर 23 मिनट तक कर सकते हैं। यह सामान्य मुहूर्त है

जिसकी कुल अवधि 04 घंटे 11 मिनट की है। घटस्थापना, अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12 बजकर 3 मिनट से 12 बजकर 53 मिनट तक है, जिसकी कुल अवधि केवल 50 मिनट की ही है।

कलश स्थापना सामग्री

हिंदू धर्म के अंदर नवरात्रि में कलश स्थापना करना बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। कलश स्थापना के लिए सात तरह का अनाज, मिट्टी का बर्तन, पवित्र स्थान से लायी गयी मिट्टी, कलश, गंगाजल, आम या अशोक के पत्ते, सुपारी, जटा वाला नारियल, लाल सूत्र, मौली, इलायची, लौंग, कपूर, रोली, अक्षत, लाल कपड़ा और फूलों की सामग्री की आवश्यकता होती है ।

हवन सामग्री

नवरात्रि में हवन सामग्री के लिए पीपल का तना और छाल, बेल, नीम, पलाश, चंदन की लकड़ी, अश्वगंधा, ब्राह्मी, मुलैठी की जड़, तिल, चावल, लौंग, गूलर की छाल, गाय का घी, गुग्गल, लोभान, इलायची, शक्कर, जौ, सूखा नारियल, कलावा और लाल रंग का कपड़ा होना आवश्यक है। मां दुर्गा की कृपा पाने का प्रयास हर भक्ति पूरी निष्ठा के साथ करता है। माना जाता है कि अगर पूरे विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की पूजा की जाए तो भक्तों के घर में सुख-शांति का वास होता है और साथ ही मां दुर्गा की कृपा सदैव उन पर बनी रहती है।



नवरात्रि का आध्यात्मिक महत्व

सर्दी और गर्मी की ऋतुओं का मिलन काल आश्विन और चैत्र मास में जिन दिनों आता है, वे नवरात्रि कहलाते हैं। उन दिनों शरीर, मन और प्रकृति के विभिन्न घटकों में विशेष रूप से उल्लास भरा रहता है। वातावरण में विशिष्टता व्याप्त रहती है। शरीर दबे हुए रोगों को निकालने का प्रयास करता है।इसीलिए इन दिनों रोग बढ़ जाते हैं। आयुर्वेद इस अवसर को शरीर शोधन के लिए विशेष उपयोगी मानता है। चैत्र नवरात्र में वसंत होता है। प्रकृति की शोभा देखते ही बनती है। वनस्पतियां नवीन पल्लव धारण करती हैं। प्रकृति का उल्लास अपना प्रभाव समूचे वातावरण पर डालता है। जीवधारियों के मन विशेष प्रकार की मादकता से भर जाते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से मनीषियों ने इन दिनों आत्मा के ऋतुमति होने का आलंकारिक संकेत किया है। उनके अनुसार, इन दिनों वह अपने प्रियतम परमात्मा से मिलने के लिए विशेष रूप से आतुर होती है। नौ दिन का व्रत-उपवास प्राकृतिक उपचार के समतुल्य माना जा सकता है। इसमें प्रायश्चित के निष्कासन और पवित्रता की अवधारणा दोनों भाव हैं। अध्यात्म पथ पर प्रगतिशील साधकों के लिए नवरात्रि के त्यौहार की अनुपम महिमा है। संपूर्ण वर्ष में आती 'शिवरात्रि' साधक के लिए साधना में प्रवेश करने का काल है तो 'नवरात्रि' उत्सवपूर्ण नवीनीकरण के अवसर की नौ रात्रियां हैं। प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं.मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कि नवरात्रि महत्वपूर्ण क्यों है और हम इसका लाभ कैसे उठा सकते हैं। नवरात्रि व्रत का मूल उद्देश्य है इंद्रियों का संयम और आध्यात्मिक शक्ति का संचय। वस्तुतः नवरात्र अंतःशुद्धि का महापर्व है। आज वातावरण में चारों तरफविचारों का प्रदूषण है। ऐसी स्थिति में नवरात्र का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। अपने भीतर की ऊर्जा जगाना ही देवी उपासना का मुख्य प्रयोजन है। दुर्गा पूजा और नवरात्र मानसिक-शारीरिक और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक हैं।

चांद नजर आ गया अल्लाह ही अल्लाह छा गया

इस समय रमजान का पाक महीना चल रहा है। जैसे-जैसे रमज़ान के आखिरी दिन नज़दीक आ रहे हैं, मुस्लिम समुदाय इस्लाम के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक, ईद-उल-फित्र के उत्सव का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रमजान इस्लामिक कैलेंडर का नौवां महीना होता है और रमजान महीने के आखिरी दिन ईद-उल-फितर मनाई जाती है। इस तरह से इस्लामिक चंद्र कैलेंडर के अनुसार, शव्वाल (10वां महीना) महीने के पहले दिन ईद का त्योहार मनाया जाता है। मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए ईद के पर्व को बहुत ही खास माना गया है और सभी को इसका बेसब्री से इंतजार रहता है। ईद उल फितर का पर्व को रोजा के पूर्ण होने का भी प्रतीक माना जाता है। पाक महीने रमजान में मुसलमान पूरे 29-30 दिनों का रोजा रखते हैं और ईद का चांद नजर आते ही रोजेदारों का रोजा भी पूरा हो जाता है. ईद-उल-फितर के खुशी के मौके पर लोग नए-नए कपड़े पहनते हैं, मीठी सवईंयां खाई जाती है, एक-दूसरे के घर दावत पर जाते हैं, दान दिए जाते हैं, अल्लाह की इबादत की जाती है और बच्चों को ईदी भी दी जाती है।

ईद-उल-फित्र का महत्व

इस्लाम धर्म को मानने वाले लोगों के लिए ईद का त्योहार बेहद खास होता है। ये अल्लाह का शुक्रिया अदा करने का दिन होता है। मुस्लिम समुदाय के लोग खुशी और जश्न के साथ ईद मनाते हैं। ईद उल फित्र, जिसे अरबी और एशियाई देशों में 'ईद अल फ़ित्र' के नाम से जाना जाता है, ईद-उल-फितर को छोटी ईद और मीठी ईद भी कहा जाता है। इस्लामिक कैलेंडर में रमजान का महीना नौवां महीना होता है। वहीं दसवां महीना शव्वाल है। शव्वाल के पहले दिन दुनिया भर में ईद-उल-फित्र यानी ईद मनाई जाती है। शव्वाल का अर्थ है, 'उपवास तोड़ने का त्योहार।' इस दिन एक महीने तक रोजा रखने के बाद लोग उपवास तोड़ते हैं और त्योहार का जश्न मनाते हैं।

इस तरह मनाते हैं ईद का त्योहार

ईद-उल-फितर के दिन सुबह सबसे पहले नमाज अदा की जाती है। इसके बाद खजूर या कुछ मीठा खा कर रोजा समाप्त किया जाता है। इस दिन लोग नए कपड़े पहनकर मस्जिद में नमाज अदा करने जाते हैं। साथ ही एक दूसरे से गले मिलकर खुशियां जाहिर करते हैं। सभी रिश्तेदार और दोस्त एक दूसरे के घर दावत पर जाते हैं और ईद की मुबारकबाद देते हैं। साथ ही घरों में तरह-तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं। इस दिन मीठी सेवइयां खाई जाती हैं और बच्चों को ईदी भी दी जाती है। ईद में स्पेशल होता है शीर खुरमा और कीमामी सेवई -

शीर खुरमा

ईद के अवसर पर दो तरह की सेवई बनाई जाती है इसमें दोनों से वइया लगभग घरों में बनाई जाती है. इसमें शीर खुरमा का स्वाद लोगों को बेहद पसंद आता है. ये दूध और मेवा के साथ पकाया जाता है, इसके बाद इसे ईद वाले दिन लोगों को नास्ते में परोसा जाता है। ये काफी पौष्टिक माना जाता है और लोगों को स्वाद के साथ तालमेल से भी समृद्ध बनाता है।

कीमामी सेवई

ईद के त्योहार पर किमामी सेवई का भी काफी ज्यादा पसंद है. इसे चाशनी के साथ पकाया जाता है. इसके अलावा इसमें चीनी मेवा और सेवई का उपयोग किया जाता है. साथ ही साथ इसमें मखाना खोआ, बादाम और मेठे मिलाए जाते हैं. जो सेवई के स्वाद को बढ़ाता है इस खाने के साथ साथ लोग आपसी तालमेल में भी मधुरता घोलता है।

आज का इतिहास

1767 बर्मीज़ कोनबंग राजवंश के सैनिकों ने बर्मीज़-सियामी युद्ध को समाप्त करने के लिए स्याम देश के नगर अयुत्या को बर्खास्त कर दिया, जिससे चार शताब्दी पुरानी अयुत्या साम्राज्य का अंत हो गया। 1788 अमेरिकी अग्रदूतों ने मैरिएट्टा (आधुनिक ओहीओ में) शहर की स्थापना की, जो ओरिजिनल तेरह कालोनियों के बाहर पहली स्थायी अमेरिकी बस्ती थी। 1805 जर्मन संगीतकार लुडविग वान बीथोवेन ने थिएटर में डेर विएन में थर्डसिमोनी का प्रीमियर किया। 1818 ब्रूक्स ब्रदर्स, संयुक्त राज्य अमेरिका में सबसे पुराने कपड़ो के व्यापारियों ने न्यूयॉर्क शहर में कैथरीन और चेरी स्ट्रीट्स के पूर्वोत्तर कोने पर अपना पहला स्टोर खोला। 1819 लिवोनिया राज्यपाल ने अपने किसानों को रूसी साम्राज्य के गुलामों से बचाया। 1856 नेल्सन कॉलेज की स्थापना न्यूज़ीलैंड में की गयी। 1862 अमेरिकी गृहयुद्ध-संघ की सेना ने उस समय के अमेरिकी इतिहास में टेनेसी के शिल्लोह में कन्फेडरेट्स को हरा दिया था, जो उस समय हेनरी काउंटी, टेनेसी में था। 1928 हेरोल्ड लॉयड मूक कॉमेडी फिल्म स्पीडी जारी की गई।

QUIZ TIME

1) भारत में हर वर्ष किस तिथि को हिंदी रंगमंच दिवस मनाया जाता है?

2) पूर्णा नदी किसकी सहायक नदी है?

3) अनुच्छेद 51-क मौलिक कर्तव्य की व्याख्या करता है फिलहाल कितने मौलिक कर्तव्यों का उल्लेख है?

4) आर्यमंजूश्रीमूलकल्प किससे संबंधित है?

5) हाल ही में किस दिग्गज हॉलीवुड अभिनेत्री का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 03 अप्रैल (2) गोदावरी नदी (3) 11 (4) महायान और वज्रयान (5) बारबरा रश

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पंक्ति 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भस्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वार 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 017 का हल

वि	ज	य		ब	नि	या		दे
वा		ती	त	र		रा	जी	ब
ह	मा	म		स	प	ना		ता
	न				टा			
दा	व	त		वि	ना	श		अ
य		ह	त्या			ह	जां	ना
रा	ह	त		न	ज	र		ब
	वा				मी		ना	श्य
दु	ला	रा		जा	न	की		क

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:15, सूर्यास्त : 06:46, चन्द्रोदय : 29:01, चन्द्रास्त :16:03,

अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय)

ऋतुः : वसंत, शक सम्वतः : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः : 2080 (पिंगल), मास : चैत्र,पक्ष : कृष्ण, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्र : पूर्वाभाद्रपद, योग : शुक्ल, प्रथम करण : तैतिल (10:19 तक), द्वितीय करण : गर (20:38 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मीन, चंद्र : कुम्भ, मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मेष (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:54 से 12:45, अमृत काल : 09:12 से 10:38, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:16, गोधूलि मुहूर्त : 18:37 से 19:00, सायाह्न सन्ध्या : 18:39 से 19:47, निशिता मुहूर्त : 23:56 से 24:41, राहुकाल : 16:30 से 18:00, राहुवास : पूर्व, यमगण्ड : 13:54 से 15:29, होमाहुति : केतु, दिशाशूल : पूर्व, नक्षत्र शूल : दक्षिण (15:39 से), अग्निवास : पृथ्वी, चन्द्रवास : पश्चिम, शिववास : नन्दी पर (10:19 से भोजन में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है लेकिन दिन के आरम्भ से ही व्यवहार में मृदुता लाने का प्रयास करें।

वृषः आज के दिन का आरंभ सुखद रहेगा किसी जटिल समस्या का तुरंत समाधान करने पर प्रशंसा के पात्र बनेंगे।

मिथुनः आज आप दिन भर पूर्वाग्रह से ग्रसित रहेंगे जल्दी से किसी की बात सुनने के लिये तैयार नही होंगे।

कर्कः आज के दिन आपकी सेहत में उतार चढ़ाव लगा रहेगा। जल्दी से किसी कार्य को करने का मन नही करेगा जब भी कार्य करने का मन बनाएंगे तभी शारीरिक समस्या जोर पकड़ेगी आलस्य भी आज प्रत्येक कार्य मे बाधा डालेगा।

सिंहः आज दिन के आरम्भ में आप के ऊपर अकस्मात कार्य भर बढेगा। घरेलू वातावरण शांत रहेगा परिजन किसी समारोह के कारण व्यस्त रहेंगे।

कन्याः आज का दिन आपके धनधान्य में वृद्धि करेगा। पिता अथवा किसी पैतृक समस्या का समाधान होने से राहत मिलेगी।

तुलाः आज आपकी मानसिक स्थिति सुदृढ़ रहेगी लेकिन दाम्पत्य में छोटी-छोटी बातों को प्रतिष्ठा से जोड़कर झगड़ पड़ेंगे।

वृश्चिकः आज आपका स्वभाव छोटी छोटी बात पर गरम होगा। सेहत में भी आज कुछ न कुछ विकार लगा रहेगा जिससे स्वभाव में झुंझलाहट आ सकती है।

धनुः आज के दिन आप विचारों से साहसी नजर आएंगे लेकिन नरम सेहत लगभग सभी कार्यो को अस्त व्यस्त बनायेगी।

मकरः आज के दिन आपका दिमाग स्थिर नही रहेगा। पल पल में निर्णय बदलने से स्वयं तो परेशान होंगे साथ वालो को भी असमंजस में डालेंगे।

कुंभः आज के दिन आपका व्यक्तित्त्व भीड़ में अलग ही नजर आएगा। सरकारी कार्य आज ना करें धन के लेनदेन में सावधानी बरतें।

मीनः आज आप राग-द्वेष की भावना से भरे रहेंगे। किसी को आगे बढ़ते हुए देखना पसंद नही आएगा।

बिलासपुर-रतनपुर रोड पर दो हादसों में 2 की मौत

एक को बस ने मारी टक्कर दूसरे को ट्रक ने कुचला

बिलासपुर/नवप्रदेश। रतनपुर थाना क्षेत्र में एक ही दिन हुए दो अलग अलग हादसों में 2 युवकों की दर्दनाक मौत हो गई है। वही एक युवक घायल है जिसका रतनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पहला हादसा रतनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम घासीपुर सैनिक कैंप के पास हुई है, जहाँ पेंड्रा की ओर से आ रही बस ने रतनपुर की तरफ से पेंड्रा की ओर जा रहे बाइक सवार को ठोकर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कोटा थाना अंतर्गत बेलगहना चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेंदुभाठा के आश्रित ग्राम नवागांव धरसापारा में रहने वाले त्रिभुवन अघरिया पिता छिटकूराम अघरिया जो अपने एक अन्य साथी के साथ रतनपुर आए हुए थे जो सुबह 9 बजे के करीब वापस लौट रहे थे, जो ग्राम घासीपुर के पास बस की चपेट में आ गए, जिससे त्रिभुवन के सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वही पीछे बैठा एक अन्य साथी घायल हो गया है, जिसका रतनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है वही रतनपुर पुलिस बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कर आगे की जांच कार्यवाही में जुट गई है। वही दूसरी घटना में ट्रक ने स्कूटी के पीछे बैठे युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे युवक की घटनास्थल में ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रतनपुर महामाया पारा निवासी संकेत तिवारी महामाया मंदिर चौक से अपने साथी के साथ स्कूटी में सवार होकर कर नया बस स्टेंड की ओर जा रहा था तभी बिलासपुर की ओर जा रहे धान से लोड ट्रक क्र. सीजी 16 सीके 8179 को ओवरटेक करने के प्रयास में पीछे बैठा संकेत तिवारी ट्रक के पिछले पहियों के नीचे गिर गया और ट्रक का पहिया संकेत के पैरो से गुजर गया जिससे गंभीर रूप से घायल संकेत की घटना स्थल में ही मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक उक्त बाइक को कौन चला रहा था अभी तक जानकारी नहीं मिल पाई है। वही रतनपुर पुलिस ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच में जुट गई है।

साहू समाज ने मनाई माता कर्मा जयंती

बिलासपुर/नवप्रदेश। साहू समाज की कुल गुरु भक्त माता कर्मा की जयंती ग्राम पंचायत रोहराकला में बड़े धूमधाम से मनाई गई,जहाँ उनके तैलिक चित्र पर टीका व पुष्प की माला पहनाई गई। साहू समाज के पदाधिकारी, समाज के नागरिकों ने आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भोग के रूप में खिचड़ी की प्रसाद ग्रामवासियों को वितरण किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत रोहराकला के सरपंच राजेन्द्र साहू ने कहा कि भक्त माता कर्मा त्याग व बलिदान की प्रतिमूर्ति रही है, उनके द्वारा किये गए कार्य आज भी समाज के लिए काम आ रहा है, हमे सतत रूप से उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलना है और उनका सदैव अनुग्रहन करना है। इस मौके पर सरपंच राजेंद्र साहू, झुमुक लाल साहू, सीताराम साहू, राधेराम साहू, परसु राम साहू, केजहाँ राम साहू, चोला राम साहू, भगबली साहू, झामन सिंह, जनी राम साहू, बहोरन साहू, हिंछराम साहू, धनूराम आहू, बछला राम साहू, कन्हैया राम साहू, दुर्गेश साहू, हीरालाल साहू, बाबूलाल साहू,दिनेश साहू, अशोक साहू, सेवक राम साहू, लुरेंद्र साहू, गोलूराम साहू, एवं अन्य लोग थे।

आरटीई के तहत ऑनलाइन आवेदन 15 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। आरटीई के तहत जिले के निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश के लिए इच्छुक पात्र विद्यार्थी 15 अप्रैल तक आरटीई पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते है। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत आवेदन करने की प्रक्रिया 1 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है। जिले के 551 निजी विद्यालयों के कुल 4530 सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन लिए जा रहे है। सभी आवेदकों को अपना आवेदन फार्म आरटीई पोर्टल में भरने के बाद सभी आवश्यक दस्तावेज के साथ संबंधित विद्यालय के नोडल अधिकारी (प्राचार्य) के पास 15 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। आरटीई के तहत प्रवेश के लिए जन्म प्रमाण पत्र, माता-पिता, अभिभावक का पता और पहचान पत्र, बीपीएल सर्वे सूची में नाम, जाति प्रमाण पत्र, सरकारी अस्पताल से 40 प्रतिशत मानसिक या शारीरिक रूप से विकलांग प्रमाण पत्र, सीडब्ल्यूसी प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज होने आवश्यक है। प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में जारी समय सारणी के अनुसार प्रथम चरण में छात्र पंजीयन 15 अप्रैल तक, नोडल अधिकारियों के द्वारा दस्तावेजों की जांच 18 अप्रैल से 17 मई, लॉटरी एवं आबंटन 20 मई से 30 मई एवं स्कूल दाखिला प्रक्रिया 1 जून से 30 जून 2024 तक है। इसी प्रकार दूसरे चरण में नवीन स्कूल पंजीयन एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन 15 जून से 30 जून, छात्र पंजीयन 1 जुलाई से 8 जुलाई, नोडल अधिकारियों के द्वारा दस्तावेजों की जांच 9 जुलाई से 15 जुलाई, लॉटरी एवं आबंटन 17 जुलाई से 20 जुलाई, स्कूल दाखिला प्रक्रिया 22 जुलाई से 31 जुलाई एवं वर्ष 2023-24 हेतु ऑनलाईन दावा प्रक्रिया 1 अगस्त से 30 अगस्त 2024 तक निर्धारित की गई है।

भाजपा विधायक के तथ्यहीन बयान से समाज अचंभित : चित्रकांत

सीपत/नवप्रदेश। केश शिल्प बोर्ड के उपाध्यक्ष चित्रकांत श्रीवास ने सीपत में पत्रकारवार्ता कर यह बयान दिया है कि वैशाली नगर के भाजपा विधायक समाज के गौरव है। चित्रकांत ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने सेन समाज के बारे में ऐसी कोई टिप्पणी नही की है इसके बावजूद भी वैशाली नगर के भाजपा विधायक रिकेश सेन समाज के लोगों से उनका दाढ़ी बाल न बनाने की बात कही है। चित्रकांत श्रीवास ने प्रेसवार्ता में कहा कि वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन का बयान समाज के लोगो को नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के विरुद्ध उनकी दाढ़ी बाल कार्य न करने कहना बिल्कुल गलत है। भाजपा विधायक के तथ्यहीन बयानबाजी से समाज अचंभित है। गलत बयान बाजी करना, राजनीति लडाई को समाज की लड़ाई न बनने दें। उन्होंने कहा कि समाज मे सभी दल के लोग हैं अगर कोई हमारे समाज के बारे में कुछ बोलता है तो निःसन्देह सभी एकजुट हो कर लड़ाई लड़ेंगे और सभी कोई खुल के विरोध करेंगे चाहे किसी भी पार्टी के लोग क्यों न हो। विधायक को यह अधिकार नही है किसी को समाज से बाहर कर देंगे यह कहना सरासर गलत है और समाज का नाम लेकर अगर कोई बयान देना है तो समाज से राय मसवीरा कर बयान बाजी करें।

तोड़फोड़ की सूचना पर कार्रवाई नहीं, टीआई निलंबित

शिकायत के बाद एसपी ने की कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। बीते दिनों शहर के तोरवा क्षेत्र में कुछ बदमाशों ने मोहल्ले में जमकर आतंक मचाते हुए घर के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की थी। जिसकी शिकायत मोहल्लेवासियों ने तोरवा थाने में की। शिकायत के बाद भी थाना प्रभारी अंजना केरकेट्टा ने मामले में केस दर्ज नहीं किया। एसपी रजनेश सिंह ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया और टीआई को सस्पेंड कर दिया है। पूरा मामला तोरवा थाने के साई मंदिर के पास का है। तीन अप्रैल की रात कुछ बदमाश लड़को ने गैंग में आकर मुंह में गमछा लपेटकर जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान युवको ने मोहल्ले में गाली गलौज किया और कई गाड़ियों में तोड़फोड़ की। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी तोरवा थाना प्रभारी अंजना केरकेट्टा को दी। थाना प्रभारी ने इस घटना को नजरअंदाज किया और दूसरे दिन आने की बात कह कर सभी को चलता कर दिया और बाद मे इस मामले में किसी प्रकार का कोई केस दर्ज नहीं किया गया। इस बात की शिकायत स्थानीय वार्ड पार्षद ने मोहल्ले वालों के साथ जाकर बिलासपुर एसपी रजनेश सिंह से की।मोहल्ले वासियों की शिकायत पर एसपी रजनेश सिंह द्वारा मामले की जानकारी लेने पर पता चला कि तोरवा थाना प्रभारी ने इस मामले में केस दर्ज नहीं किया है। एसपी रजनेश सिंह ने इस मामले पर थाना प्रभारी की निष्क्रियता,और घोर लापरवाही मानते हुए टीआई अंजना केरकेट्टा को सस्पेंड कर दिया है।

चिलचिलाती धूप, उमस भरी गर्मी से लोग हलाकान

मौसम में बदलाव की संभावना

बिलासपुर/नवप्रदेश। तेज धूप और झुलसाने वाली गर्मी के बीच मौसम का मिजाज बदल सकता है। द्रोणिका के असर से प्रदेश में फिर आंधी-वर्षा की संभावना है। शनिवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया जबकि एक दिन पहले पारा 39.8 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विभाग की मानें तो अगले दो-तीन दिनों में लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है।

हालांकि मौसम विभाग का अनुमान है कि शनिवार से अगले तीन दिनों तक शहर का मौसम राहत देने वाला होगा। शनिवार को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने का अनुमान है। सोमवार को भी कुछ स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है। मार्च के अंतिम हफ्ते में पारा 38.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। इसके बाद तापमान में थोड़ी कमी आई। अंतिम दो दिन यानी 30 और 31 मार्च को तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम रहा। एक अप्रैल को तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके बाद दूसरे दिन यानी 2 अप्रैल को पारा 39.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। 3 अप्रैल को यह बढ़कर 38.8 डिग्री सेल्सियस रहा और 4 अप्रैल को भी पारा इतना ही रहा। इधर, शुक्रवार को सुबह से ही तेज धूप निकल आई। इसके कारण गर्मी महसूस होने लगी। सुबह 10 बजे ही धूप इतनी तेज थी कि लोग परेशान होने लगे। शहर में अब तेज धूप के साथ गर्मी बढ़ रही है। तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। भीषण गर्मी से लोग हलकान हैं। इस बीच 7 और 8 अप्रैल को मौसम का मिजाज बदलने की संभावना है। इससे तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की जा सकती है। लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डा.एचपी चंद्रा के मुताबिक एक द्रोणिका, हवा की अनियमित गति पूर्वी विदर्भ से कोमरान क्षेत्र तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन प्रारंभ होने की संभावना है। प्रदेश में छह अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। अधिकतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। इधर शनिवार को दिनभर तेज धूप रही। दोपहर को सड़कों पर अवागमन भी कम नजर आया। हालांकि शाम ढलते ही लोगों की चहल-पहल होने लगी।

मितानिन दीदियों ने ली मतदान की शपथ, लोगों को किया जागरूक

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में व्यापक तौर पर स्वीप कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चला कर लोगों को मतदान के महत्व से अवगत कराया जा रहा है। निर्वाचनों में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूर्ण करने महिलाएं भी मतदाता जागरूकता की अलख जगा रहे है। जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र घुटकू, बंधवापारा, नुनियापारा, सत्तीपारा, सिंगारबाड़ी की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका बड़ी संख्या में मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल हुई। कार्यक्रम में शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाकर मतदाता जागरूकता धूमधाम से मनाया गया । इसी तरह ग्राम पंचायत बेलतरा में भी स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बिना ढंके राखड़ परिवहन 10 हजार जुर्माना

बिलासपुर/नवप्रदेश। एनटीपीसी सीपत डेम से राखड़ परिवहन में लगे वाहनों द्वारा परिवहन नियमों का उल्लंघन कर बिना तालपत्री ढंकी वाहनों की धूल से आम लोगों को हो रही परेशानी की शिकायतें प्राप्त होने पर जिले के पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह (भापुसे) को उक्त वाहनों पर सख्त कार्यवाही करने के लिए निर्देशित करने पर आज गतौरा किसान परसदा मुख्य मार्ग पर सरप्राइज चेकिंग किया गया। जिसमें परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले बिना तालपत्री ढंके राखड़ का परिवहन करते पाए जाने वाले ट्रक/हाइवा वाहनों क्रमशः सीजी 25 बी 0118, सीजी22वाई 4032, सीजी10 बी 5018 एवं सीजी 05 एसी 4552 वाहनों पर 10500 का जुर्माना वसूल किया गया। उक्त कार्यवाही मस्तूरी पुलिस और परिवहन विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

छजकां के सैकड़ों कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोटा भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कोटा में किया था जिसमें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव सहित विधायक और वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

राज पैलेश कोटा में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन मंगलवार को हुआ जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही छजका से भाजपा के हुए सैकड़ों कार्यकर्ताओं का भी जोरदार स्वागत हुआ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने माला ग्रहण करा दी द्य जिससे पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों में खुशी की लहर दिखाई दी तो वहीं भाजपा के कई कार्यकर्ताओं में मायूसी भी देखी गई। वैसे भी अब हम तो सनम आपके हो ही गये। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने मिडिया से चर्चा के दौरान कहा कि हमनें संकल्प लिया है कि कोटा विधानसभा से भाजपा को ऐतिहासिक लीड दिलाएंगे और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए हम सब एकजुट होकर मेहनत करेंगे और बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू को रिकार्ड जीत दिलाएंगे द्य आज बड़ी संख्यां में हमारे साथियों कांग्रेस और जनता कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ली है ये नरेंद्र मोदी जी की लोकप्रियता का परिणाम है द्य कांग्रेस डूबता जहाज है समझदार लोग उससे बाहर निकलकर आ रहे है। प्रत्याशी तोखन साहू ने कही ये बात भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू ने कार्यक्रम के बिच से समय निकालकर पत्रकारों से काफी देर चर्चा की और लोकसभा को लेकर अपनी प्राथमिकताएं भी बताई । उन्होंने लोकसभा की समस्याओं को दूर करने का वादा किया और कहा कि वे संसद में बिलासपुर के हितों को हमेशा उठाते रहेगें और इस बार बिलासपुर में भाजपा की रिकार्ड मतों से जीत होने वाली है । पत्रकारों ने उनसे रेल से लेकर अन्य मुद्दों पर बात की । लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू ने विश्वास दिलाया कि वे जीतने के बाद रेल आंदोलन में जिन युवाओं पर केस दर्ज हुए हैं ,उन्हें वापस लेने के लिए काम करेंगे साथ ही कोटा में रेल के स्टापेज सहित अन्य मुद्दों पर गंभीरता से प्रयास करेंगे और सभी के सहयोग से बिलासपुर लोकसभा के विकास के लिए काम करेंगे । कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यरूप से धरमलाल कौशिक, धरमजीत सिंह, अमर अग्रवाल, तोखन साहू, पुन्नू लाल मोहले, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, सियाराम साहू, अनुराग सिंह, मोतीलाल साहू, इंद्रजीत सिंह, रामदेव कुमावत, कन्हैया राठौड़, हर्षिता पांडेय, अरूण सिंह चौहान, घनश्याम कौशिक, मोहित जयसवाल, राकेश चतुर्वेदी, पवन गर्ग, लवकुश कश्यप, मोहित जयसवाल, वेंकट अग्रवाल, दुर्गेश साहू, गायत्री साहू, प्रदीप कौशिक, रजनीश गुप्ता, सत्यशील अग्रवाल, मुरारीलाल गुप्ता,नीरज जैन, ऋषि ठाकुर, शिवमान सिंह सहित बडी संख्या में भाजपा नेता मौजूद थे। कोटा विधानसभा से छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के विकास सिंह के नेतृत्व में रवि मिश्रा, विमल गुप्ता, राकेश त्रिवेदी, दीपक सोनी, अनिरूद्ध गुप्ता, बैकुंठनाथ जयसवाल, कुलदीप शर्मा , विष्णु अग्रवाल, भानु मिश्रा, राम सोनी, मनोज गुप्ता, प्रहलाद अग्रवाल, गणेश राम, उमेश अग्रवाल,अंशु तिवारी, गौरव सोनी, माधव सिंह ,राहुल गुप्ता, लाला महराज सहित बड़ी संख्या में छजका कार्यकर्ताओं नें भाजपा की सदस्यता ली

पत्रकारों ने मनाया होली मिलन

जर्नलिस्ट एंड मीडिया संघ छत्तीसगढ़ बेलगहना का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्लोबल जर्नलिस्ट यूनियन एंड मीडिया संघ बेलगहना द्वारा ब्लॉक स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन बेलगहना फारेस्ट रेस्ट हाउस में किया गया। इस बैठक में प्रदेश एवं जिला स्तर के पत्रकार बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान ग्लोबल जर्नलिस्ट के अध्यक्ष हरीश चौबे ने ग्रामीण पत्रकारों को संबोधित किया और सोर्स आफ इनफॉरमेशन पर ज़ोर देते हुए कहा कि सिर्फ प्रेस विज्ञप्ति लिख देना ही पत्रकारिता नहीं है। इस दौरान ग्लोबल जर्नलिस्ट यूनियन एंड मीडिया संघ के प्रदेश महासचिव सत्यनारायण पटेल ने संघ के द्वारा पत्रकार हित में किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। ग्लोबल जर्नलिस्ट यूनियन एंड मीडिया संघ के प्रदेश सचिव फिरोज खान ने सच्ची पत्रकारिता के मुद्दे पर ज़ोर दिया और कहा कि गलत खबरें चलाने से पत्रकारों को बचना चाहिए। साथ ही हर खबरों का मूल्यांकन सोच विचार कर करना चाहिए। होली मिलन समारोह का अभिवादन ग्लोबल जर्नलिस्ट यूनियन एंड मीडिया संघ के संभागीय उपाध्यक्ष रविराज रजक के द्वारा किया गया एवं पत्रकारों का परिचय देते हुए बैठक को आगे बढ़ाया गया। इस बैठक में ग्लोबल जर्नलिस्ट एंड मीडिया संघ के प्रदेश सलाहकार राजेश वर्मा यासीन मेमन एवं कोटा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरज गुप्ता, कोटा प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष जावेद खान वरिष्ठ पत्रकार जहीर जुनजानी, रवि ठाकुर, इमरान खान , नंद यादव, गेंदपाल मरकाम, राजेश पाण्डेय, मनमोहन सिंह राजपूत, राजेश गिरी, पवन मिरी भरत गुप्ता संघ के कोषाध्यक्ष रामनारायण यादव राजकुमार गंधर्व कुलदीप शर्मा राकेश पांडे अजय पटेल कार्यक्रम में शामिल थे। स होली मिलन समारोह के दौरान सभी पत्रकारों ने एक दुसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं एवं बधाई दिए और एक दूसरे के लिए सहयोग का हाथ बढ़ाते हुए समस्त पत्रकारों ने एकजुट हो कर काम करने

जागरूक | अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम

मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी: कुलपति बाजपेयी

कुलपति ने दिलाई मतदान की शपथ, नए मतदाताओं का किया गया सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में लोगों की शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में भी शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने जिले में लगातार स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में आज अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य एडीएन बाजपेई, सीईओ जिला पंचायत आर.पी चौहान, नगर निगम के अपर आयुक्त खजांची कुमार, एसडीएम पीयूष तिवारी, कुलसचिव शैलेन्द्र दुबे, अधिष्ठाता एच.एस.होता, परीक्षा नियंत्रक तरूणधर दीवान, एनएसएस प्रभारी मनोज सिन्हा सहित यूनिवर्सिटी के प्राध्यापक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम में पहली बार मतदान करने जा रहे नव मतदाताओं को सम्मानित किया गया। निर्वाचन से संबंधित क्विज प्रतियोगता आयोजित की गयी और सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति आचार्य श्री बाजपेई ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का आधार है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जिसमें हमें अपनी सरकार चुनने का अधिकार मिला है। मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों को जीवंत रखने के लिए हम सभी को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने सभी लोगों से अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्री चौहान ने कहा कि मजबूत और सशक्त लोकतंत्र के निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति का मतदान करना महत्वपूर्ण होता है। यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि युवा बढ़-चढ़कर स्वीप की गतिविधियों में भाग ले रहे है। वे लगातार अपने परिवार सहित अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे है। उन्होंने सभी से अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी डॉ. मनोज सिन्हा ने एनएसएस द्वारा स्वीप के लिए की जा रहीं गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। कुलपति आचार्य श्री बाजपेई ने दिलाई मतदाता शपथ- कार्यक्रम में कुलपति आचार्य श्री बाजपेई द्वारा सभी लोगों को देश की लोकतांत्रिक परम्परा बनाये रखने तथा निर्भिक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई।

न्यूज गैलरी

स्व-सहायता समूह की सदस्यों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा है। इसी के तहत आज जिले के ग्राम पंचायत धनेलीकन्हार में स्व सहायता समूह के सदस्यों ने स्वीप सहेली टीम के माध्यम से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया तथा गांव के मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदाता के लिए शपथ भी दिलाई गई।

संवीक्षा के दौरान 9 नामांकन विधिमान्य पाए गए

कांकेर/नवप्रदेश। लोकसभा आम चुनाव के अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्र कांकेर के लिए अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा आज विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में की गई। संवीक्षा के उपरांत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र कांकेर के लिए प्राप्त कुल 10 नाम-निर्देशन पत्रों में से 09 अभ्यर्थियों के दस्तावेज विधिमान्य पाए गए। उक्त 9 अभ्यर्थियों में तिलकराम मरकाम, बीरेश ठाकुर, भोजराज नाग, जीवनलाल मातलाम थाकेश माहला भोजराम मण्डावी, विनोद कुमार नागवंशी, सुकचंद नेताम और सोनसिंह के नाम शामिल हैं।

मतदाता सूचना पर्ची वितरण का कार्य प्रारंभ

कांकेर/नवप्रदेश। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-11 कांकेर (अजजा) के लिए मतदान 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक संपन्न होना है। आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु सभी पंजीकृत मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची वितरण का कार्य किया जाना है। जिले के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों में संबंधित मतदान केन्द्र के बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूचना पर्ची वितरण किया जा रहा है और मतदान दिवस के 5 दिवस पूर्व तक किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह द्वारा जिले के सभी मतदाताओं से अपील की गई है कि मतदान दिवस के दिन बीएलओ द्वारा प्राप्त मतदाता सूचना पर्ची के साथ मतदान केन्द्र में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

कांग्रेस न्याय अभियान समिति के बस्तर समन्वयक बने नितिन

कांग्रेस का घोषणा-पत्र देश की जनता की आवाज है : पोटाई

कांकेर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा देश में हो रहे लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय के तहत 25 गारंटी को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अभियान चलाने हेतु लोकसभा न्याय अभियान समन्वयकों की नियुक्ति की है। जिसमें बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए कांकेर के वरिष्ठ कांग्रेसी पूर्व अजजा आयोग सदस्य एवं वनोपज संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई को जवाबदारी सौंपी गई है।

नव नियुक्त बस्तर लोकसभा के समन्वयक नितिन पोटाई ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रथम चरण के चुनाव हेतु देश के कुल 74 लोकसभा क्षेत्र हेतु न्याय अभियान समन्वयकों की नियुक्ति की है। इन न्याय समन्वयकों के द्वारा प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर बैठक आयोजित कर विशिष्ट हित समूह से संबंधित 200-200 व्यक्तियों को इस अभियान के लिए प्रशिक्षित किया जायेगा। इनका प्रमुख कार्य कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय युवा न्याय गारण्टी, नारी न्याय गारण्टी, किसान न्याय गारण्टी, श्रमिक न्याय गारण्टी एवं हिस्सेदारी न्याय गारण्टी का प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

इस न्याय अभियान समिति के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारियों के साथ प्रत्येक ब्लॉक में न्याय समिति का गठन होगा जिसके पदाधिकारी गाँव-गांव एवं घर-घर जाकर कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय के तहत 25 गारण्टी का प्रचार-प्रसार करेगे। नितिन पोटाई ने आगे बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा बनाया गया चुनावी घोषणा-पत्र एवं गारण्टी महज चुनावी दस्तावेज नहीं है बल्कि यह भारत के करोड़ो देशवासियों के साथ हुए संवाद से निकला रोड़ मैप है जो रोजगार क्रांति और अधिकारपूर्ण भागीदारी के माध्यम से हर वर्ग का जीवन बदलने जा रहा है दूसरे शब्द में कंहू तो यह देश की जनता की आवाज है जिसे राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा एवं भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत देश के करोड़ों व्यक्तियों से संवाद एवं उनकी समस्याओं जानने के पश्चात बहुत सोच समझकर तैयार किया गया है जिसके भविष्य में दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। बस्तर लोकसभा के न्याय अभियान समिति के समन्वयक नितिन पोटाई अपने साथियों के साथ बस्तर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा का प्रचार-प्रसार करने एवं उसे विजय बनाने हेतु कांग्रेस के घोषणा-पत्र के अनुसार पांच न्याय एवं 25 गारंटी को घर-घर तक पहुंचाने के लिए अपनी पूरी क्षमता लगा देंगे।

कांग्रेस के घोषणा पत्र को भाजपा नेताओं ने बताया झूठ का पुलिंदा

कांकेर/नवप्रदेश। कांग्रेस की जनघोषणा पत्र पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा है। आज तक रिकार्ड है कि कांग्रेस ने जितने भी वादे किए है, उसमें एक भी पूरा नहीं किया। कांग्रेस की घोषणा पत्र में किए गए वादों से प्रतीत होता है कि कांग्रेस का प्रयास है कि किसी भी तरह जनता को झांसा देकर केंद्र की सत्ता हासिल करना है। कांग्रेस की नारी न्याय गारंटी के जरिए महिलाओं को दिग्भ्रमित करने का प्रयास है। क्योंकि महिलाओं के एक लाख रुपए सालाना देने का वादा भी तर्क संगत नहीं है। क्योंकि इस वादे को पूरा करने के लिए पैसा कहां से लाएंगे। देखा जाए तो यह देश के बजट से भी ज्यादा खर्च होंगे। ऐसे वादे कर कांग्रेस की हास्यापद स्थिति में है।

भाजपा विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणापत्र में न्यूनतम मजदूरी की बात करते हैं, जबकि पीएम मोदी की सरकार उनके वादे से ज्यादा ही दे रही है। मोदी ने अपनी गारंटी से 10 वर्षों में 25 करोड़ से ज्यादा युवाओं को रोजगार दिया है। ये तो सिर्फ पांच साल में 40 लाख सरकारी नौकरी देने की बात कर रहे हैं। जबकि मोदी की सरकार में डेढ़ करोड़ से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दिया है। मोदी की सरकार में देश की जनता को आयुष्मान के लिए निः शुल्क इलाज की सुविधाएं मिल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस घबराई हुई है कि इसलिए अपने जनघोषणा पत्र में हवा-हवाई वादों के जरिए झूठ की इमारत खड़ी कर रही है। जिसे जनता भली भांति जान समझ चुकी है। इस बार नरेंद्र मोदी 400 पार सीटों के साथ प्रधानमंत्री बनेंगे। देश की जनता कांग्रेस के झूठ में फंसने वाली नहीं है। क्योंकि जनता ने यूपीए सरकार के 10 साल को भी देखा है। उस दौरान यूपीए की सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ डाले थे। इस फिर कांग्रेस भ्रष्टाचार से बचने और फिर भ्रष्टाचार करने के लिए जनता से झूठे वादे कर रही है।

केन्द्र में तीसरी बार बनेगी मोदी सरकार

- **मंडल प्रभारी ढोकने ने ली धनेलीकन्हार बूथ की बैठक**

कांकेर/धनेलीकन्हार/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी मंडल धनेलीकन्हार की बैठक मंडल मुख्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष पंचुराम नायक की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में देश में तीसरी बार नरेन्द्र मोदी की सरकार बनाने के लिए योजना बनाई गई। बैठक में बैठक के प्रभारी कमलेश ढोकने ने कहा की हम सभी कार्यकर्ताओं को स्वयं को प्रत्याशी मानते हुए पार्टी के लिए वोट प्रतिशत बढाने पर जोर दिया गया। इसके लिए केन्द्र की मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी देने पर जोर दिया साथ ही साथ राज्य सरकार की 90 दिनों में ही मोदी की गारंटी को पूरा करने वाली योजनाओं का प्रचार प्रसार करने की बात कही। शुक्रवार को मंडल के सातों शक्ति केन्द्र की बैठक आयोजित करनी है। बैठक में अपने अपने बूथों में झंडा लगाने हैं व 6 अप्रैल को पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर बूथ में बैठक आयोजित करने पर जोर दिया है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष व मंडल प्रभारी श्रीमती निर्मला नेताम ने भी अपने विचार रखे।

इस बैठक में मंडल सह प्रभारी सुषमा गंजीर महामंत्री लोकेश्वर सेन अब्दुल खलील खां माखन सिंह मंडावी डाकेश साहू सितम्बर कावडे, महावीर धनेलीया अजय पटेल राजेन्द्र वैष्णव लाल दास साहू टाकेश धनकर अमरसिंह बढ़ई हेमलाल गढीया निर्मल यादव मधुसूदन साहू चुमेश पटेल रमेश कुमार साहू लक्षिन्दर सिंह नाग कृष्णा साहू किरण दरो नितेश सलाम अंकित टावरी कन्हैया शोरी उपस्थित थे।

मतदाता जागरूकता अभियान में मतदान की दिलाई शपथ

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला नोडल अधिकारी स्वीप सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत आज ग्राम गोविंदपुर में आगामी लोकसभा चुनाव में 100 फीसदी मतदान करने मतदाताओं को शपथ दिलाई गई एवं रैली के द्वारा प्रेरित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर रंगोली के माध्यम से मतदान हेतु समूह की महिलाओं द्वारा प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम अवसर पर सतरूपा कांगे ,आर पी एस ठाकुर,आबिद खान,ज्ञानेश चतुर्वेदी, धीरज रजक,हेमलाल साहू,विजय रामटेके,राधिका चंद्राकर, बीएलओ कौशल मंडावी,प्रदीप टाडिया,लोकेश साहू,संजय पटेल,दूलचंद पटेल,चिंताराम यादव,ममता केशरवानी,साधना मटियारा ,मनीष साहू, भारती मांडवी,हेमलाल साहू, इंद्रा कचलाम,सावित्री बघेल,पुष्पा ठाकुर,लक्ष्मी पटेल,सावित्री बघेल,गीता यादव,भारती मंडावी व कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बिहान योजना से लाभान्वित महिलाएं, मितानिन, पंचायत सचिव, स्कूली बच्चे, शिक्षकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

ज्योति कलश स्थापना की ऑनलाइन बुकिंग शुरु

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। टेंपल एस्टेट दंतेवाड़ा द्वारा जानकारी अनुसार चैत्र नवरात्रि पर्व की शुरुआत 9 अप्रैल से होगी। इसका समापन 17 अप्रैल को होगा। इस संबंध में आदिशक्ति मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा में ज्योति कलश स्थापना हेतु तेल ज्योति कलश 1100 व घी ज्योति कलश 2100 रुपए निर्धारित की गयी है। ज्योति कलश स्थापना हेतु अंतिम तिथि 8 अप्रैल है। शक्तिपीठ मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा में नवरात्रि में ज्योति कलश की ऑनलाइन बुकिंग भी की जा रही है।

कलेक्टर ने पीएससी की तैयारी में जुटे युवाओं को दिए टिप्स

- **लिखित परीक्षा के संबंध में कलेक्टर की महत्वपूर्ण सलाह**
- **प्रश्नों की प्रकृति को समझकर ही उत्तर लिखें**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आंवराभाटा स्थित नवीन ग्रंथालय के प्रांगण में पीएससी मुख्य परीक्षा 2024 की तैयारी कर रहे युवाओं से चर्चा कर उन्हें इस लिखित परीक्षा में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। उन्होंने युवाओं से कहा कि प्रश्न पत्र मे दिए गये प्रश्नों को पहले ठीक से समझना सर्वाधिक जरूरी है, हमें यह ध्यान रखना होगा कि प्रश्नों में ही उत्तर लिखने की कुंजी रहती है। अतः प्रश्नों की जितनी मांग है हमें उतना ही उत्तर लिखना चाहिए और इस बात का अवश्य ध्यान रखना चाहिए कि अनावश्यक तथ्य का हमारे उत्तर में उल्लेख न हो। इसके अलावा ''भारत की अर्थव्यवस्था'' संबंधी पूछे गये प्रश्नों में अद्यतन डेटा भी अवश्य लिखें साथ ही इस संबंध में बनायी गई कमेटी और नीतियों के संबंध में भी जानकारी दी जा सकती है। ''भारत के संविधान '' के अन्तर्गत उत्तरों में मूलभूत जानकारी के साथ-साथ नवीनतम मुद्दों में दिये गये संवैधानिक निर्णय एवं संविधान संशोधन को भी अवश्य जोड़े और अगर आर्टिकल का भी संक्षिप्त उल्लेख करते हैं तो यह उत्तर को अधिक प्रभावी बनाएगा। ''भारत का भूगोल'' आधारित प्रश्नों के उत्तर के तहत आवश्यकतानुसार भारत के नक्शे का चित्राकंन करें साथ ही अपने उत्तरों में डायग्राम, टेबल, फ्लो चार्ट को भी शामिल करें। इसके अलावा अपने सभी उत्तरों के महत्वपूर्ण बिंदुओं को अंडरलाइन भी करते रहें। जिससे परीक्षक उत्तरों के महत्वपूर्ण पहलुओं को आसानी से परख सकें। ''निबंध '' पेपर के अंतर्गत चयनित निबंध की भूमिका एवं उपसहार प्रभावशाली होना चाहिए साथ ही निबंध की मुख्य विषयवस्तु को आर्थिक सामाजिक राजनैतिक शैक्षणिक आधार देते हुए बहुआयामी बनाया जा सकता है। निबंध के चयन के पश्चात परीक्षार्थी पहले उसका एक खाका तैयार कर लें उसके बाद लिखना प्रारंभ करें।

गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा मुख्यालय के नवीन ग्रंथालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे जिले के युवाओं के लिए ''अनुभव की पाठशाला'' नामक प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ किया गया है जिसमें जिले के अधिकारियों द्वारा परीक्षार्थियों के लिए परीक्षाओं की पूर्व तैयारियां, कोचिंग की आवश्यकता, महाविद्यालय एवं प्रतियोगी परीक्षा में अंतर, पठन सामग्री की गुणवत्ता, पढ़ने तरीके जैसे विषय वस्तुओं पर युवाओं को मार्गदर्शन देने के अलावा अपने परीक्षा तैयारियों के अनुभव युवाओं से साझा की जाती है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

शिक्षण सामग्री खरीदी में हुई थी ...

28 साल से दस्तावेज एक कमरे में जांच के लिए सील बंद रखा गया है। इस मामले में सहायक संचालक शिक्षा और लिपिक आरोपी बनाए गए थे। जो अब सेवा से निवृत्त हो चुके हैं। वहीं मामले में ये बात भी सामने आ रही है कि एक आरोपी का निधन हो चुका है।

मामले पर मिली जानकारी के मुताबिक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में वर्ष 1994-95 में औपचारिकेत्तर शिक्षा योजना में पढने वाले बच्चों के लिए 5 लाख 59 हजार 380 रुपए की सामग्री खरीदी गई थी। इस खरीदी में भारी गड़बड़ी पकड़ी गई थी।

मोदी ने चुराया हमारी...

चीर हरण कर रहे हैं। विपक्ष के नेताओं को भाजपा में शामिल करवाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। संविधान बदलने का षडयंत्र रचा जा रहा है, यह तो तानाशाही है। पढ़ें, विपक्ष के नेताओं ने क्या क्या कहा?

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा- मोदी झूठों के सरदार हैं, वह हमेशा झूठ बोलते हैं, गांरटी हमारा शब्द है मोदी ने इसे चुरा लिया। उन्होंने कहा कि मोदी संविधान बदलना चाहते हैं। खरगे ने कहा- कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है वह हमारी गारंटी है। हम सभी गारंटी को अमल में लाएंगे। हम कभी झूठ नहीं बोलते, जैसे मोदी बोलते हैं।

हम न्याय की रोशनी ...

ने जो-जो किया है वह हमारे और आपके सामने है। देश से उपर हो जाने की बात सपने में भी नहीं सोची जा सकती। क्या कोई देश से बड़ा हो सकता है। दुर्भाग्य से आज हमारे देश में ऐसे नेता सत्ता में विचारमान है।

बंगाल में एनआईए की ...

महिलाओं पर हमला होगा तो क्या वो चुप रहेंगी?

'चुनाव आयोग निष्पक्ष होकर काम करे'

ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार चुनाव जीतने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि 'हम चाहते हैं कि चुनाव आयोग निष्पक्ष होकर काम करे और भाजपा द्वारा संचालित आयोग न बने।' राज्य के पुलिस अधिकारियों के तबादले पर ममता बनर्जी ने सवाल उठाया कि 'ईडी, सीबीआई और आईटी विभाग के अधिकारियों के तबादले क्यों नहीं किए जा रहे हैं।

शशि पांजा ने भाजपा पर बोला हमला

टीएमसी नेता शशि पांजा ने कहा कि भाजपा के पास महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर कहने के लिए कुछ नहीं है। जिस इंसान के नौकरी नहीं है, वह कैसे अमृतकाल के बारे में सोच सकता है? भाजपा सिर्फ भविष्य की बात करती है। बंगाल में विश्वविद्यालयों को कथित गलत इस्तेमाल पर राज्यपाल द्वारा न्यायिक जांच के आदेश पर टीएमसी नेता ने कहा कि 'अभी देश में चुनाव आचार संहिता लागू है। अभी राज्यपाल की कोई भूमिका नहीं है और सिर्फ चुनाव आयोग ही कोई कार्रवाई कर सकता है।'

गुरिल्ला-कॉमबैट वार के ...

घटना उसूर थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी अनुसार, तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर पुजारी कांकेर के कर्रीगुटा के जंगलों में डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और छत्तीसगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकली थी। इस दौरान नक्सलियों से उनकी मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में अब तक 3 नक्सली मारे गए हैं।

ग्रेहाउंड्स आंध्रप्रदेश के...

उसूर ब्लॉक के जंगलों में 10 नक्सलियों को मार गिराया था। ग्रेहाउंड्स ने एंटी नक्सल ऑपरेशन के दौरान सुकमा और पामेड़ के जंगलों में एक दर्जन से ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया था।

बाल तस्करी नेटवर्क का ...

पर वास्तविक माता-पिता के साथ-साथ सरोगेट माताओं से भी बच्चे खरीदते थे और उसके बाद प्रति नवजात को चार से छह लाख रुपये में बेचते हैं।

गोद लेने से संबंधित फर्जी दस्तावेज तैयार

बयान में कहा गया है कि ये आरोपी कथित तौर पर गोद लेने से संबंधित फर्जी दस्तावेज बनाकर कई निःसंतान दंपतियों से लाखों रुपये की ठगी करने में भी शामिल हैं।

नदियों, घाटियों के मुद्दे ...

अधिकारों की रक्षा के लिए नदीय प्रशासन को मजबूत करने के साथ-साथ विकेंद्रीकृत भी किया जाए।

स्कूली बच्चों से भरी ...

जीप को ठोकर मार दिया।

इस हादसे में सागर ध्रुव पिता घनश्याम ध्रुव (8 साल) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे बच्चों को गंभीर चोटें आई। घायलों में ऋषभ ढीढी पिता संदीप, दीपांशु पिता सुरेश, कौशल पिता मनहरण, लक्ष्य पिता नागेश, हुमन दास पिता नागेश, सिद्धार्थ पिता भुनेश, आशी पिता राजेंद्र, वंशराज पिता राजेंद्र शामिल हैं। सभी बच्चे केजी 1 और केजी 2 के हैं। इसमें ज्यादातर बच्चे उसलापुर गांव के हैं। दो बच्चे तेलीनसत्ती गांव के थे।

हादसे के बाद पुलिस ने हाईवा को जप्त कर लिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। जरूरत पड़ने पर स्कूल प्रबंधन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

अभिषेक सिंह, एएसपी, धमतरी

बुझ गया घर का चिराग

इस हादसे में एक परिवार का चिराग बुझ गया है। यह दुखद घटना थी। हादसे में भले ही गलती किसी की भी हो, लेकिन लापरवाही के कारण 8 बच्चे जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं। सवाल उठ रहा है कि स्कूल प्रबंधन ने इतने छोटे बच्चों को किसके भरोसे और कैसे छोड़ा गया था। महज 5 से 7 साल के ये बच्चे नन्हीं सी जान अब दहशत में हैं। पुलिस ने इस मामले में जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

चुनाव आयोग की वेबसाइट ...

इस मामले की जांच के लिए उन्होंने पुलिस को पत्र लिखा है।

बता दें कि लोकसभा चुनाव में आचार संहिता की पालन करते हुए सभी राजनीतिक दलों को कोई भी रैली या सभा का आयोजन करने से पहले जिला प्रशासन से इसकी ऑनलाइन अनुमति लेनी होती है। इसके लिए चुनाव आयोग ने ईकोर वेबसाइट भी लॉन्च की हुई है। जिसकी मदद से ये पूरी प्रक्रिया चल रही है।

नन्हें परिंदे संस्था पातररास में चयन के लिए प्रवेश परीक्षा

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले में संचालित जवाहर नवोदय चयन पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र पातररास दंतेवाड़ा में नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए जिले के विभिन्न विकासखंडों के 6 परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त परीक्षा केन्द्रों में 548 बालक एवं 576 बालिकाएं कुल 1123 बच्चे सम्मिलित हुए। अवगत हो कि ''नन्हें परिन्दे''पातररास दंतेवाड़ा में कक्षा 5वीं के अध्ययन के साथ ही जवाहर नवोदय विद्यालय, सैनिक विद्यालय, जवाहर उत्कर्ष योजना एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है इसके लिए प्रत्येक वर्ष जिले के विभिन्न विकासखण्डों से कुल 150 छात्र-छात्राओं का चयन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाता। वर्ष 2023 में सैनिक विद्यालय के आयोजित प्रवेश परीक्षा में ''नन्हें परिन्दे''पातररास से 20 बच्चों ने क्वालीफाई किया एवं जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा के लिए 49 बच्चों से सफलता हासिल की है। इस संबंध में जिला मिशन समन्वयक एस.एल.सोरी ने बताया कि ''नन्हें परिन्दे'' एक उत्कृष्ट संस्था है, ''नन्हें परिन्दे'' से प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में बच्चों का नवोदय विद्यालय एवं सैनिक विद्यालय जैसी संस्थाओं में होना क्षेत्र के बच्चों के भविष्य के लिए बेहतर अवसर है।

नारंगी नदी मुक्तिधाम बना पालिका का कचरा प्रबंधन स्थल

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिला के नारंगी नदी मुक्तिधाम में इन दिनों नगर पालिका के माध्यम से कचरा प्रबंधन स्थल बन गया है। नगर से निकलने वाले सभी कचरों को पालिका के द्वारा मुक्तिधाम में ही फेंका जा रहा है। नगर पालिका की इस कृत्य के बारे में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी ही नहीं है।

जिला मुख्यालय कोण्डागांव के बहुप्रतीक्षित मांगों में से एक नारंगी नदी घाट पर मुक्तिधाम निर्माण सौंदर्यीकरण कार्य शामिल है। इसके लिए शासन के माध्यम से दो करोड रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत कर वर्ष 2020 में इसका सौंदरीकरण व निर्माण कार्य किया गया है। लेकिन नगर पालिका के माध्यम से इन दिनों इसी मुक्तिधाम को कचरा निष्पादन करते हुए नष्ट किया जा रहा है। कोंडागांव नगर से प्रतिदिन टनों-टन कचरा निकलता है। जिसे नगर पालिका प्रतिदिन मुक्तिधाम में लाकर डंप कर रहा है। लगातार नगर से निकलने वाले कचरा को नारंगी नदी मुक्तिधाम में डंप करने के बाद पालिका कर्मचारी इसमें आग लगा देते हैं। जिससे मुक्तिधाम पहुंचने वाले लोगों को कचरा जलने की बदबू से परेशान होना पड़ रहा है। नारंगी नदी में स्थित मुक्ती धाम के निर्माण एक ओर नगर वासियों शासन सुविधा उपलब्ध कराया है तो वंही इस मुक्ति धाम के रख रखाव की जिम्मेदारी है वही ही कजरा प्रबंधन स्थल बनाने में जुटा हुआ है।

बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता घर में ही करेंगे मतदान

कोंडागांव/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को दी गई घर में ही वोट डालने की सुविधा के अंतर्गत होम वोटिंग के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देश पर शनिवार को जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में मतदान दल के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

कोंडागांव जिले के अंतर्गत कोंडागांव और नारायणपुर (आंशिक) विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और 40 फीसदी के अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए 8 और 9 अप्रैल को होम वोटिंग की व्यवस्था की जाएगी। इसी तरह केशकाल विधानसभा क्षेत्र में 13 से 17 अप्रैल के मध्य होम वोटिंग कराई जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

नेवता में मनाया गया भाजपा का 44 वां स्थापना दिवस

कोंडागांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी का ग्राम पंचायत नेवता में जिला प्रभारी बृजमोहन देवांगन मंडल प्रभारी जितेन्द्र सुराना मंडल अध्यक्ष मीनू कोर्राम कि उपस्थिति में 44वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला प्रभारी ने कहा कि 1980में भाजपा कि स्थापना हुई थीं और उस समय भाजपा 2 सीट जीत थी और आज 303 पर है। सबसे बड़ी पार्टी बन गई हैं और 17 प्रदेश में सरकार है। आज मोदी ज़ी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने की और अग्रसर है।

भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है कि आज हम फिर से सरकार में आए हैं और इतनी बड़ी जीत हमें मिली है। इस दौरानग्राम पंचायत नेवता के कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा के रीति नीति से प्रभावित होकर कमल मरकाम ,सोनू मंडावी ,जगबीर कोर्राम ,संजीत कोर्राम,धनुर मंडावी भाजपा में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में हीरा मौर्य, नंदलाल राठौर, रैमल दीवान, गंजु मरकाम, प्रकाश तिवारी, कानेश्वर पांडे, गोमेश्वर, धनी यादव, बेजू नेताम, मधु देवांगन, नरेंद्र पांडे आदि उपस्थित थे।

25 वां रोजा पूरा कर अलविदा जुम्मा किया

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय कोंडागांव के अंजुमन इस्लामिया कमेटी के माध्यम से रमजान का पाक महीना मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय प्रतिदिन रमजान का रोजा रख रहे हैं। वहीं हर शाम समुदाय के लोग रोजे का इफ्तारी कर रात में पवित्र कुरान का पाठ कर नमाज अता की जा रहीं हैं। रमज़ान के आखिरी शुक्रवार (जुम्मा) को अलविदा जुम्मा का मुस्लिम समुदाय के बीच बहुत महत्व है। लोग प्रार्थना करते हैं, उपवास करते हैं, कुरान पढ़ते हैं, और खुशी और खुशी के साथ दान में संलग्न होते हैं। अल्लाह की शिक्षाओं के बारे में चर्चा करते हैं। यह ईद-उल-फितर त्योहार की शुरुआत का प्रतीक है, और यह दिन इस्लामी समुदाय के लिए बहुत शुभ है। मुस्लिम समुदाय के लोग पवित्र कुरान का पाठ करते हैं और शुभकामनाएं प्राप्त करते हैं।

गणगौर शोभायात्रा 11 को

भाटापारा/नवप्रदेश। राजस्थान का सबसे बड़ा उत्सव ईशर गणगौर पूजा इन दिनों नगर में पूरे विधि विधान से मनाया जा रहा है। मारवाडी परिवार की बहनों के द्वारा होली के दिन से 16 दिन तक शिव पार्वती की आराधना कर सुखी वैवाहिक जीवन का आशीष मांगा जाता है खासकर नव विवाहिता एवं युवतियां माता पार्वती से सौभाग्य मांगती है। नगर के समाजसेवी धनजी भाई जोशी के द्वारा इस वर्ष भी गणगौर महोत्सव का आयोजन 11 अप्रैल को किया जा रहा है। उनके द्वारा पिछले 13 वर्षो से आयोजन नगर में किया जा रहा है।

यूपी की 3 महिलाएं 30 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। एमपी, राजस्थान,ओडिसा के बाद अब यूपी की महिला तस्कर 3 लाख कीमती गांजा के साथ पकड़ी गई।बड़ी बड़ी ट्राॅली बैग के अंदर नई साड़ियों में लपेट रखा था गांजा,यात्री बस से उतार कर मैनपुर पुलिस ने की कार्यवाही।

आज मैनपुर पुलिस ने देवभोग से रायपुर जाने वाली यात्री बस में सवार हो कर जा रही तीन महिलाओं को 30 किलो गांजा सप्लाई करते गिरफ्तार कर लिया है ,तीनों महिलाए यूपी की बलिया जिला की रहने वाली हैं। पकड़ी गई आरोपियों में विजय लक्ष्मी 32 वर्ष ,सीमा खातून 40 वर्ष, कमलवती 40 वर्ष सभी यूपी बलिया जिले के बोरिया थाना क्षेत्र की रहने वाली है। एसडीओपी बाजी लाल सिंग ने बताया की सभी आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। जप्त गांजा की कीमत लगभग 3 लाख है।

भारी भरकम ट्राॅली लेकर देवभोग स्टेंड से बस में हुई सवार द्रमहिलाए जब

भारी भरकम ट्राॅली बैग लेकर जब देवभोग बस स्टेंड से रायपुर निकलने वाली बस में सवार हुई तो उसी समय वे संदेह के घेरे में आ गई। मुखबिर के सूचना के बाद मैनपुर थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा ने नेशनल हाइवे में बोईर गांव के पास बस को रोक कर पूछताछ किया तो तीनो हरकत में आ गई। उनके ट्राॅली बैग को उतार कर गवाहो के समक्ष पुलिस ने जांच किया।नई साड़ियों में लपेटे हुए गांजा के पैकेट मिले। चार दिन के भीतर 3 कार्यवाहीद्ध बस से 26 किलो गांजा ले जाते सबसे पहले कोतवाली पुलिस ने एमपी और राजस्थान के दो तस्करों को 2 अप्रैल को गिरफ्तार किया था,फिर 3 अप्रैल को देवभोग पुलिस ने ओडिसा के दो सप्लायर को 28 किलो गांजा के साथ दबोचा था,आज मैनपुर पुलिस ने यूपी के 3 महिला तस्करों को 30 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। तीनो कालाहांडी जिले के ठिकानों से गांजा ले कर आ रहे थे। कालाहांडी के पहाड़ी इलाके के अलावा कोरापुट के पहाड़ो में गांजा की खेती भारी मात्रा में होती है।

रामनवमी शोभायात्रा के लिए तैयार हो रहा रथ

धमतरी/नवप्रदेश। 17 अप्रैल को रामनवमी पर्व है। इसे लेकर रामनवमी आयोजन समिति ने तैयारी शुरु कर दी है। क्योंकि इस समिति द्वारा गत वर्ष से धर्म की नगरी में ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली जा रही है। समिति केतीरथराज फुटान एवं अशोक पवार ने बताया कि रामनवमी की तैयारी शुरु हो गई है। इसके तहत मर्यादा पुरुषोत्तम राम के रथ की विधिवत पूजन कर सज्जा कार्य शुरु की गई है। साथ ही समिति का कार्यालय भी खोला गया। रामनवमी पर्व को समिति द्वारा महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

नए तकनीक की मदद से दिव्यांग रोगियों के पुनर्वास में मदद करें पीएमआर चिकित्सक

■ एम्स में दो दिवसीय कार्यशाला और सीएमई संपन्न, 40 विशेषज्ञ हुए शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। देशभर के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों के फिजिकल मेडिसिन एंड रिहेब्लिटेशन (पीएमआर) विशेषज्ञों ने ऑस्टियो आर्थराइटिस, रुमेटाइड आर्थराइटिस, स्पाइनल कॉर्ड, ऑटिज्म आदि के रोगियों को राहत देने के लिए नई तकनीक का सहारा लेने का आह्वान किया है। विशेषज्ञों का कहना था कि बढ़ती जनसंख्या के कारण वर्ष 2050 तक भारत में ऐसे रोगियों की संख्या सर्वाधिक होगी ऐसे में पीएमआर

विशेषज्ञों को अत्याधुनिक तकनीक की मदद से रोगियों का पुनर्वास करना होगा। ये विशेषज्ञ एम्स के पीएमआर विभाग और इंडियन एसोसिएशन ऑफ पीएमआर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला और सीएमई में भाग ले रहे थे।

सीएमई का उद्घाटन करते हुए कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (रिटा) ने कहा कि पीएमआर की सबसे पहले आवश्यकता सेना को हुई थी। अभी भी भारतीय सेना इंजीनियर्स की मदद से विकलांग हुए सैनिकों के पुनर्वास में मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि एम्स का पीएमआर विभाग गुणवत्तापूर्ण कृत्रिम अंगों को प्रदान कर रहा है। रोगियों को इसका लाभ उठाना चाहिए।

चिकित्सा अधीक्षक प्रो. रेनू राजगुरु ने कहा कि कार्यशाला की मदद से पीजी छात्रों को पीएमआर में प्रयुक्त की जा रही नई तकनीक के बारे में जानकारी मिल सकेगी। एम्स पटना के पीएमआर विभागाध्यक्ष और आईएपीएमआर के महासचिव प्रो. संजय कुमार पांडे का कहना था कि वर्ष 2050 तक भारत में पीएमआर के रोगियों की संख्या सर्वाधिक होगी।

भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थी माता कर्मा : रंजना साहू

धमतरी/नवप्रदेश। संत शिरोमणि भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त मां कर्मा की 1008वीं जयंती पूरे क्षेत्र में सामाजिक माताओं बंधुओं द्वारा मनाई जा रही है। धमतरी गोकुलपुर वार्ड के कर्मा चौक में सामाजिक जनों के द्वारा साहू समाज की आराध्य देवी भक्त मां कर्मा की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू भी पूजा अर्चना में शामिल हुईं। उन्होंने भगवान श्री कृष्णा एवं मां कर्मा की प्रतिमा में माल्यार्पण कर क्षेत्र की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। संत शिरोमणि मां कर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी। भगवान श्री

कृष्ण की अनन्य भक्त मां कर्मा थी। जिन्होंने समाज के उद्धार के लिए अपने हाथों से भगवान श्री कृष्ण को खिचड़ी खिलाई और आज भी ओडिशा में विराजमान जगन्नाथ मंदिर में प्रभु को खिचड़ी का भोग लगाया जाता है। इस मौके पर कर्मा चौक में खिचड़ी प्रसादी वितरित किया गया। कर्मा माता की महाआरती में बड़ी संख्या में सामाजिक जन शामिल हुए।

स्वीप के तहत साइकिल रैली में कलेक्टर-एसपी हुए शामिल

भाटापारा/नवप्रदेश। लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी

क्रम में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत साइकिल जागरूकता रैली का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित पं.चक्रपाणि स्कूल परिसर में किया गया। जिसमें कलेक्टर के एल चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी शामिल हुए। रैली को जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल रैली पं.चक्रपाणि स्कूल परिसर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड,गार्डन चौक,जनपद पंचायत कार्यालय होते हुए पं.चक्रपाणि स्कूल परिसर में ही समाप्त हुई। जिसमें बढ़ चढ़ कर विद्यालयों के छात्र-छात्राओं,खिलाड़ी, पुलिस कर्मचारी, अधिकारी कर्मचारी ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। कलेक्टर ने सभी को लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता के बारे में बताया एवं आगामी लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु सभी को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने भी सभी जिला वासियों से अपने मताधिकार के प्रयोग करने की अपील की है। इस मौके एसडीएम अमित गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला खेल अधिकारी प्रीति बंछोर बिजौरा,तहसीलदार राजू पटेल, जनपद पंचायत सीईओ मंडावी,सीएमओ भोई सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

विहिप के प्रांतीय संगठन मंत्री का पहली बार धमतरी आगमन, जोरदार स्वागत

धमतरी/नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री पहली बार धमतरी आगमन पर विहिप और बजरंग दल ने उनका जोरदार स्वागत किया। विहिप, बजरंग दल सदैव हिंदू समाज की सेवा करता रहा है

विहिप, बजरंग दल धमतरी का कार्य प्रांत स्तर पर भी ख्याति अर्जित कर रहा है। नए संगठन मंत्री नंददास दंडोतिया, प्रांत मंत्री विभूति भूषण पांडेय के साथ पहली बार धमतरी पहुंचे। उनका विहिप बजरंग दल की टीम ने भव्य स्वागत किया। शहर आगमन पर जिलामंत्री रामचंद देवांगन, जिला सह संयोजक डाकेश्वर साहू और अन्य पदाधिकारियों ने फूल माला और

भगवा गमछा पहनाकर स्वागत किया। महाराणा प्रताप गार्डन विवेकानंद नगर में बैठक हुई। जहां पर प्रांत संगठन मंत्री नंददास दंडोतिया और प्रांत मंत्री विभूति भूषण पांडेय को जिलामंत्री रामचंद द्वारा जिला, प्रखण्ड औऱ नगर के पदाधिकारियों का परिचय कराया। उन्हें जिले में अभी तक किए गए कार्यों की जानकारी दी। जिला कार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर ने ग्राम पोटियाडीह में ईसाई मिशनरियों द्वारा धर्मान्तरित हुए यादव परिवार के घर वापसी के घटना के संबंध में जानकारी दी। नंददास ने धमतरी में संगठन विस्तार कर संगठन को मजबूत करने, हिन्दू समाज को आगे बढ़ाने, हिन्दू संस्कार, हिन्दू संस्कृति को संरक्षित, धर्म विरोधी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के खिलाफ सुनियोजित तरीके से संघर्ष करने और राष्ट्र विरोधियों के खिलाफ समाज को जागृतकर आगे बढ़कर लड़ाई लड़ने हेतु मार्गदर्शन दिए।

जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने संगठन के द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी और विश्व हिंदू परिषद की मजबूती के संबंध में अपने विचार रखें। इस दौरान धमतरी प्रखंड के नए अध्यक्ष के रूप में गौरव जैन के नाम की घोषणा की गई। मोंटी पाहुजा को सह प्रचार प्रमुख और विजय राजवानी को सह संपर्क प्रमुख शहर का बनाया गया ।

नहर सफाई अभियान शुरु

दुर्ग। भीषण गर्मी के मौसम में शहर नगरवासियों को निस्तारी जल के संकट से दूर करने के उद्देश्य से नहर नाली के माध्यम से शहर के तालाबों में पानी भरने का कार्य के लिए नगर के मध्य से गुजरने वाली प्रमुख नहर नालियों की सफाई का कार्य सफाई कर्मियों को लगाकर कार्य प्रारंभ किया गया है। नगर पालिक निगम क्षेत्र अन्तर्गत बोरसी के क्षेत्र में स्थित नहर नाली की सफाई प्रगति पर है एवं रायपुर नाका बीआईटी कॉलेज के सामने से होते हुए वार्ड क्रमांक 23 आत्मानंद स्कूल होते हुए वार्ड 22 एवं शीतला तालाब तक जाने वाले नहर की सफाई का कार्य जारी है। आयुक्त लोकेश चंद्राकर नहर नाली सफाई कार्य का अवलोकन करते हुए कहा कि सिचाई विभाग द्वारा 9 अप्रैल से छोड़े जाने वाले पानी के पूर्व नहर की सफाई का कार्य पूरा कर लिया जाए द्रनहर नाली के माध्यम से शहर के निस्तारित तालाबों में जलभराव किए जाने से वार्ड वासियों एवं नगर वासियों को राहत मिलेगी। आयुक्त के निर्देशों के अनुरूप सफाई विभाग के कर्मियों के माध्यम से नहर नाली की सफाई कार्य कराया व नहर नाली के माध्यम से तालाबों में पानी भरे जाने हेतु निगम के कार्यो का अवलोकन भी किया।

अवैध नल और टुल्लू पंप चलाने वालों पर पालिका ने की कार्यवाही

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। जैसे जैसे तापमान में वृद्धि हो रही है लोगों के घरों में पानी की समस्या भी बढ़ रही है वहीं पानी की किल्लत का मुख्य कारण लोग अपने घरों में अवैध रूप से टुल्लू पम्प चला रहे हैं जिससे अन्य लोग प्रभावित हो रहे हैं। इसी समस्या के मद्देनजर पालिका को शिकायत मिली थी कि वार्ड 11 के कुछ घरों में अवैध रूप से मोटर लगाकर पानी लिया जा रहा है जिससे दूसरे घरों में पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है इसपर गुरुवार को पालिका द्वारा कार्यवाही करते हुए एक अवैध नल का नियमितिकरण किया गया। एक अवैध नल को हटाया गया। 4 टुल्लू पंप जप्त किए एवं 5 लोगों पर कार्रवाई भी की गई। कार्यवाही के दौरान मोहल्ले के लोगों में खासी नाराजगी देखी गई और उन्होंने इसका जमकर विरोध भी किया। मोहल्ले वालों का कहना था कि हमे पर्याप्त पानी नहीं मिलता है इसलिए टुल्लू पम्प का सहारा लेना पड़ता है। पालिका राजस्व निरीक्षक राकेश साहू ने बताया कि लगातार शिकायत मिल रही थी कि लोग घरों में टुल्लू पंप लगा रहे हैं इसलिए यह कार्यवाही की जा रही है ऐसे ही कई और वार्डों से भी शिकायतें मिल रही है

कर्मा जयंती और वार्षिक सम्मेलन में निकाली गई कलश यात्रा

नगरी/नवप्रदेश। परिक्षेत्र साहू समाज नगरी द्वारा कर्मा जयंती पर कलश यात्रा निकाली गई। साहू सदन से निकलकर हाई स्कूल लाईन पारा राजाबाड़ा चौक से बजरंग चौक बस स्टैंड से होते हुए वापस लौटकर परिक्षेत्र साहू सदन पहुंचा। यहां कर्मा माता की महाआरती और पूजा अर्चना की गई। मुख्य अतिथि को फूल माला पहना कर श्री फल के साथ सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि पुनीत राम साहू, अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी सिहावा बीरकुमार साहू , अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज नगरी सहदेव राम साहू, संरक्षक तहसील साहू समाज नगरी धनीराम साहू, पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी लक्ष्मण सिंह साहू, सहसंयोजक क.प्र. जि. साहू संघ धमतरी अनराज साहू ,

उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी कौशलदेवी साहू , उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी पेमन साहू, माहेश्वरी साहू जी, अध्यक्ष म.प्र. तह. साहू समाज नगरी वरुण किरण साहू जी, अध्यक्ष कर्म.प्र. तह. साहू समाज नगरी बृजलाल साहू, अध्यक्ष संचालक मंडल नगरी भरत लाल साहू , सचिव संचालक मंडल नगरी अनिरुद्ध साहू , अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ तह. साहू समाज नगरी पेमंत कुमार साहू, सहसचिव तहसील साहू समाज नगरी परसापानी सुरेश साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज घटुला प्रदीप साहू , अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज मावलीपारा लक्ष्मण सिंह साहू जी, अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज बिरगुड़ी मनीराम साहू सांकरा लालसिंह साहू, अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज सिरसिदा श्री रामगोपाल साहू, संरक्षक परिक्षेत्र साहू समाज नगरी भूपेन्द्र साहू , सभापति नगर पंचायत नगरी ललिता साहू , सभापति नगर पंचायत नगरी परिक्षेत्र साहू समाज महिला पुरुष कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित थे प्रसादी मे खिचड़ी वितरण किया गया। साथ कार्यक्रम का मंच संचालन योगेश साहू ने किया।

माता कर्मा के उपदेश को आत्मसात करें : ललित

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इकाई साहू समाज मोहरी मरोदा,डुंडेरा,नागपुरा द्वारा आयोजित भक्त शिरोमणि माता कर्मा जयंती के समारोह में विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। आयोजित कार्यक्रम में भक्त माता कर्मा को नमन करते हुए माता कर्मा के बताए हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया और साहू समाज को जयंती पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर उनके साथ अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, मण्डल अध्यक्ष गिरेश साहू , महामंत्री राजू जंघेल, ग्राम डुंडेरा साहू समाज से अध्यक्ष छगा लाल साहू , महापौर रिसाली शशि सिन्हा , उपाध्यक्ष उमाशंकर साहू, महिला अध्यक्ष श्रीमती अनु साहू, उपाध्यक्ष नारायणी साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस

अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि परम आराध्य साध्वी भक्त शिरोमणि मां कर्मा बाई देश विदेश में आवासित करोड़ करोड़ सर्व साहू तेली समाज की आराध्य देवी मां कर्मा बाई की गौरव गाथा जन-जन के मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से विगत हजारों वर्षो से अंकित चली आ रही है। इतिहास के पन्नों पर उनकी पावन गाथा तथा उनसे संबंधित लोकगीत की किवंदतियां और आख्यान इस बात के प्रमाण है कि मां कर्मा बाई कोई काल्पनिक पात्र नहीं है। माता कर्मा के द्वारा किए गए कार्य आज भी आम जनमानस को दिखाई पड़ता है। आज उपस्थित साहू समाज के समस्त माता बहनों भाइयों और बुजुर्गो को भक्त शिरोमणि माता कर्मा की जन्म जयंती की बधाई देता हूं और आह्वान करता हूं की माता कर्मा के बताए हुए मार्ग पर चले और उनके उपदेश को आत्मसात करें। इस दौरान नागेश साहू, बालमुकुंद साहू, दीपक साहू, रामकुमार साहू, भूपेंद्र साहू, गैंदलाल साहू, प्रदीप साहू, रामूलाल साहू, भूषणलाल साहू, खेमू साहू, बसंत साहू, होमलाल साहू, अध्यक्ष निर्मल साहू, कीर्ति साहू, पार्षद ईश्वरी साहू, सुनीता साहू, तामेश्वरी साहू, किशोरी साहू, परमेश्वरी साहू, यामनी साहू, किशोरी साहू, शकुंतला साहू, यागेश साहू, दिलेश्वर साहू, सचिव जानकी साहू, पूर्व अध्यक्ष सावित्री देवी साहू, लक्ष्मी साहू, गोविंद साहू, छाया पार्षद ,युवा अध्यक्ष संजय साहू, युवा उपाध्यक्ष गीरिश साहू व बड़ी संख्या में समाज गंगा के लोग उपस्थित रहे।

विधायक साव ने फिल्म मेरी मां कर्मा समाजजनों के साथ देखी

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर साहू समाज द्वारा माता कर्मा की 1008 वीं जयंती के अवसर पर स्थानीय साहू छात्रावास, दानवीर भामाशाह चौक के पास सामाजिक भवन में महाआरती कार्यक्रम में विधायक इन्द्र साव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा माता कर्मा प्रसादी (खिचड़ी) का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम के बाद विधायक इन्द्र साव के सौजन्य से स्थानीय सिटी सेंटर मॉल में प्रदर्शित धार्मिक हिन्दी फिल्म मेरी माँ कर्मा, साहू

समाज के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं अन्य सहयोगियों के साथ स्वयं विधायक ने भी इस फिल्म को देखा। फिल्म देख कर विधायक ने इस फिल्म के निर्माता-निर्देशक व सभी फिल्म में काम करने वाले कलाकारों, गीतकार, संगीतकार आदि की प्रशंसा की। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि इस फिल्म को देखने वाली नई पीढ़ी को साहू समाज की इष्ट देवी माता कर्मा को जानने-समझने का मौका मिलेगा। इस दौरान सर्व समाज के गणमान्य नागरिकों ने भी धार्मिक हिंदी फिल्ममेरी माँ कर्मा÷ की प्रशंसा की।

न्यूज गैलरी

एग्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर रहेगा प्रतिबंध

सक्ती/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आगामी 19 अप्रैल से 01 जून 2024 तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) को सुबह 7 बजे से 1 जून 2024 (शनिवार) की शाम 06ः30 बजे के बीच की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

10 लीटर कच्ची महुआ शराब तस्करी करता एक गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भा.पु.से) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल (रा.पु.से), एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सक्ति मनीष कुंवर (रा.पु.से.) के द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध शराब बिक्री एवं तस्करी की रोकथाम के लिए कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिए गए है। जिसके परिपालन में मुखबिर सूचना पर ग्राम नंदेली बस स्टैंड में शराब रेड कार्यवाही किया गया जहां आरोपी जितेंद्र कुमार नारंग पिता देव राज नारंग उम्र 23 साल साकिन छीतापड़रिया थाना बाराद्वार के द्वारा अपने मोटर साइकिल लाल काला रंग के बजाज पल्सर में अवैध 10लीटर हाथ भट्ठी की बनी हुई कच्ची महुआ शराब कीमती 1000/- रूपये को परिवहन करते गवाहों के समक्ष जब्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से दिनांक 06.04.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक ललित चंद्रा के मार्गदर्शन में सहा. उप निरी. हरनारायण ताम्रकार, रोहित भारद्वाज, आर. दिनेश पटेल, अरुण चंद्रा का सराहनीय योगदान रहा।

स्कूल सुबह लगाने शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन

मुंगेली/नवप्रदेश। भीषण गर्मी में विद्यालय सुबह लगाने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। विद्यालय समय में परिवर्तन करने बाबत आवेदन देकर निवेदन करते हुए विद्यालय में समय परिवर्तन करने हेतु विज्ञप्ति दिया गया। जिसमें प्रमुख रूप से कृष्ण कुमार नवरंग, प्रदेश अध्यक्ष गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में दिनेश घोषले, बसंत कुमार बंजारे, संतोष सोनकर, सनत बंजारे, गनपत घृतलहरे, दिलीप जाटवर, मीनदास पात्रे, सिद्ध राम भास्कर, मोहर बघेल, एचडी डहरिया, मन्नीराम धुव्र, विजय मारखंडे, दिलीप काठले शामिल रहे।

बढ़ती गर्मी से लोग बेहाल, लू के हालात

मुंगेली/नवप्रदेश। अंचल में तेज गर्मी पड़ने लगी है। दोपहर में शहर की सड़के सूनी हो जाती है। अप्रेल माह के प्रथम सप्ताह से ही गर्मी पड़ने से लोग बेहाल हो रहे है। हवा बंद रहने और आसमान साफ होने से गर्मी अधिक महसूस हो रही है। दिन में हल्की-हल्की उमस भी हावी होने लगी है। लेकिन गर्मी जिस तेजी से बढ़ रही है, उससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। मौसम के बदलने से अस्पतालों तथा निजी डाक्टरो के पास मरीजों की संख्या में बढोत्तरी हुई है।

मौसम के बदले मिजाज ने अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया हैं। नगर सहित अन्य सड़को पर दोपहर 12 बजे के बाद वीरानी छा जाती है। गर्मी की मार से चेहरे को बचाने के लिए युवक-युवतियां विशेष ध्यान दे रही हैं। युवतियां तो हाथों में विशेष प्रकार के ग्लोब्ज, चेहरे पर रुमाल और चश्मा लगाकर घर से निकलती हैं। सूर्य की तपिश बेहाल करने लगी है। सूर्य की तपन से लोग बचने के लिये तरह-तरह के जतन कर रहे है। शीतलता देने वाले संसाधनों की मांग बढ़ी है। गर्मी के चलते लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। दोपहर में सड़क सूनसान हो जाती है। सूर्य की तपन दिन ब दिन बढ़ने लगी है।

लगातार बढ़ते तापमान का प्रभाव दिखने लगा है। गर्मी को देखते हुए लोग खान-पान में भी सतर्कता बरतने लगे हैं। शाम 5 बजे के बाद ही सड़को में चहल-पहल दिखती है, तो वही नगर के मेन रोड सदर बाजार में भी वीरानी छाई रहती है। शाम ढ़लते ही दुकानों में रौनकता आने लगती है। 5-6 दिनों से निरंतर तापमान बढ़ रहा है। भीषण गर्मी की वजह से लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हो गई है। पिछले तीन चार दिनो से क्षेत्र में पारा 40 डिग्री तक पहुंच गया है। आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ने की आशंका से लोग चिंतित है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग गर्मी से राहत दिलाने वाले उपकरण खरीद रहे हैं। कुछ ऐसे भी लोग हैं जो महंगाई के कारण पुराने उपकरणों की सर्विसिंग करा रहे हैं।

खास तौर पर कूलर, फ्रिज, एससी और पंखों की सर्विसिंग हो रही हैं। गर्मी को देखते हुए शहर के छोटे-बड़े हर इलेक्ट्रानिक दुकानों पर एसी, रेफ्रिजरेटर, कूलर, पंखे की दुकाने सजने लग गई हैं। गुप्ता इलेक्ट्रानिक्स के संचालक प्रभात गुप्ता ने बताया कि गर्मी की शुरूआत के साथ ही प्रतिदिन 5 से 10 कूलर की बिक्री हो रही है। ग्राहक कूलर की वेरायटी एवं कम पानी खपत करने वाले कूलर के बारे में पूछताछ करते रहते है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोगों ने पुराने कूलर, एसी, फ्रिज को दुरुस्त करने के लिए इलेक्ट्रिशियन के पास भेजना शुरू कर दिया हैं। तेज गर्मी के चलते लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

पारा चढ़ते क्रम पर, लू से बचाव के तरीके अपनाएं

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए हीट

वेव या लू की आशंका बनी हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव एवं स्वस्थ रहने के लिए विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा ने बताया कि गर्मी के मौसम में तापमान में वृद्धि के कारण लू लगने की आशंका रहती है, जो कि शरीर के लिए खतरनाक एवं जानलेवा हो सकता है। उन्होंने बताया कि लू के कारण शरीर में नमक व पानी की कमी और पसीने लगातार निकलने से शरीर में गर्मी बढ़ जाती है। सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी और शरीर में दर्द, शरीर का तापमान अधिक होने पर भी पसीना नहीं निकलना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना आदि लक्षण दिखाई देने लगते हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्देश के अनुसार लू से बचाव के लिए धूप में कम से कम निकलें। यदि बहुत आवश्यक हो तो सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह बांधकर ही बाहर निकलें। लू से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पानी पिएं और नरम, मुलायम और सूती कपड़े पहने। सीएमएचओ डॉ. पैकरा ने बताया कि अधिक पसीना आने की स्थिति में ओर. आर. एस. का घोल पिएं और लू के लक्षण होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक की सलाह लें।

चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन रोकने सी-विजिल एप का करें उपयोग

सक्ती/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन उपलब्ध कराया गया है। सी-वीजिल का अर्थ 'सिटिजन वीजिलेंस' यानि नागरिकों की सतर्कता है। सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत किया जा सकता है।

इसके माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की गतिविधि को रोकने में मदद मिलती है और निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरुण सोम से प्राप्त जानकारी अनुसार सी- विजिल एप के माध्यम से कोई भी आम व्यक्ति शिकायत दर्ज कर सकते है। यह एप रियल टाइम इनवायरमेंट में काम करता है और लाइव फोटो, विडिओ और आडियो रिकार्ड कर कोई भी आम व्यक्ति शिकायत दर्ज करा सकते है। इस एप में मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी प्राप्त करके तथा आज्ञात व्यक्ति के रूप में भी शिकायत किया जा सकता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया की सी-विजिल एप में शिकायत दर्ज करने के पश्चात यह जिला कंट्रोल रूम से 5 मिनट में आस पास उपस्थित सम्बंधित उड़नदस्ता को शिकायत आबंटित कर दिया जाता है।15 मिनट में उक्त शिकायत को सम्बंधित उड़नदस्ता द्वारा एक्सेप्ट किया जाता है। 30 मिनट में उड़नदस्ता द्वारा शिकायत का निराकरण किया जाता है। 50 मिनट तक सम्बंधित एआरओ द्वारा शिकायत का समाधान करने के पश्चात अभिमत दर्ज किया जाता है। सी-विजिल मोबाईल एप्लीकेशन निर्वाचन सीमा के भीतर प्रत्येक नागरिक को आवेदन में साइन-इन करके अपने मोबाइल फोन के माध्यम से फोटो, ऑडियो, वीडियो लेकर आदर्श आचार संहिता व व्यय उल्लंघन की रिपोर्ट करने की अनुमति देता है। ऐप नागरिकों को उनके व्यक्तिगत विवरण पहचान का खुलासा किए बिना गुमनाम रूप से शिकायत करने की भी अनुमति देता है। जब उपयोगकर्ता उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए सी-विजिल में अपने कैमरे को चालू करते हैं, तो ऐप स्वचालित रूप से एक जियो-टैगिंग सुविधा को सक्षम करता है, जिससे फील्ड यूनिट की घटना के सटीक स्थान को जानने में मदद मिलती है। ऐप सभी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन व शिकायतों तक पहुंच सकता है और रीयल-टाइम प्रगति की जांच कर सकता है। फील्ड यूनिट द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के बाद निर्णयकर्ता व रिटर्निंग अधिकारी सी-विजिल मामलों पर ड्रॉप, डिसाइड और एस्केलेट जैसी कार्रवाई कर सकते हैं।सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर एवं एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एप्लीकेशन नागरिक जुड़ाव और प्रवर्तन प्रक्रिया में भागीदारी को बढ़ावा देता है।

आधी रात तक हुई रजिस्ट्री फिर भी 3 करोड़ पीछे

मुंगेली/नवप्रदेश। जमीन रजिस्ट्री में तीस फीसदी छूट एक अप्रैल से बंद किए जाने के ऐलान के बाद वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन 31 मार्च को आधी रात तक जमकर रजिस्ट्री दर्ज की गई। हालांकि टारगेट से अधिक रजिस्ट्री का अनुमान गलत साबित हुआ और कारोबार 94 प्रतिशत तक ही रहा। यानि 36 करोड के सालाना टारगेट में जिला पंजीयक विभाग को 33 करोड 82 लाख का आय प्राप्त हुआ है।

राज्य के भाजपा सरकार द्वारा कलेक्टर गाइड लाइन में तीस फीसदी छूट को बंद किए जाने की बात कही है। जिसके चलते रजिस्ट्री कराने जिला पंजीयक कार्यालय में क्रेता और विक्रेताओं की 31 मार्च को आधी रात तक भीड़ कार्यालय में ही उमडी रही। जिला पंजीयक राजीव कुमार स्वर्णकार ने बताया कि 36 करोड़ के मुकाबले आखिरी दिन 31 मार्च को 73 दस्तावेजों से 42 लाख की आय हुई। कुल लक्ष्य का 93.96 प्रतिशत ही लक्ष्य पूरा हो पाया है। बताया गया कि इस साल कारोबार पिछले सालों के मुकाबले कमजोर रहा। बीते पांच साल से 30 प्रतिशत पंजीयन की दर में दी गई छूट की अवधि 31 मार्च को समाप्त हो गई। रजिस्ट्री की नई दर 1 अप्रैल से राज्य सरकार ने लागू की है। आम खरीददार 30 प्रतिशत की छूट का लाभ उठाने सामने नहीं आए। परिणाम स्वरुप पंजीयन विभाग 36 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध महज 33 करोड़ 82 लाख राजस्व आय ही अर्जित कर सका। दस्तावेज पंजीयन दर में 30 प्रतिशत की छूट प्रदेश में कांग्रेस सरकार के बनने के बाद दी गई थी। छूट का परिणाम यह रहा है कि शुरुआती दौर में तो लोगों ने इस छूट का लाभ उठाया। जिससे पंजीयन विभाग की राजस्व आय भी बढ़ी किंतु बीते दो वर्ष से छूट का लाभ उठाने वालों में रुचि नहीं दिखी। विभाग को छूट की वजह से राजस्व की कम आय हुई। 31 मार्च को छूट की यह दर समाप्त कर दी गई है। हालांकि इसकी अधिकृत जानकारी पंजीयन विभाग के पास नहीं पहुंची है किंतु यह माना जा रहा है कि चार वर्ष से पंजीयन दर नहीं बढ़ने के कारण राजस्व आय की क्षति हो रही थी। जिसे देखते हुए जिले के पंजीयन विभाग ने दस्तावेज पंजीयन की जो दर वर्ष 2018-19 में निर्धारित थी। उक्त दर को ही आगे बढ़ाने की तैयारी करते हुए प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा है।

मतदाता जागरुकता के लिए निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर के साथ विविध कार्यक्रम

मुंगेली/नवप्रदेश। मतदाता जागरूकता अभियान स्विप कार्यक्रम के तहत 14 अप्रैल भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस को चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर, ब्लड डोनेशन, खून जांच सहित विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन के संबंध में संगठन के पदाधिकारी द्वारा जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र पैकरा, सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय डॉक्टर एमके राय, खंड चिकित्सा एवं अधिकारी डॉक्टर ज्वाला प्रसाद कौशिक से मिलकर निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने की मांग रखी। सभी अधिकारियों ने मांग सहर्ष स्वीकार कर 14 अप्रैल को कम्युनिटी हाल पुराना बस स्टैंड में समय 10 बजे से शाम 2 बजे तक आयोजित करने का सहमति दिया। संगठन व विभिन्न समाज प्रमुख, भीमोत्सव समिति सम्बद्ध गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम के प्रदेशाध्यक्ष कृष्ण कुमार नवरंग, जिला अध्यक्ष संतोष सोनकर व सनत बंजारे, सतनामी समाज के अनिल प्रबल, जगदीश यादव, स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन के डोम प्रकाश

कश्यप ने बताया कि कम्युनिटी हॉल पुराना बस स्टैंड में आयोजित कार्यक्रम के शुरुआत चिकित्सा क्षेत्र पारंगत ख्याति अर्जित चिकित्सक द्वारा आंख कान गला, हृदय, हड्डी सहित विभिन्न रोग बीमारियों का निशुल्क चेकअप कर इलाज व परामर्श मुफ्त में कर दवाई दी जाएगी। चश्मा वितरण किया जाएगा। 50 से अधिक युवाओं द्वारा ब्लड डोनेट किया जाएगा। आयोजन समिति के राजेश कुमार लहरे, रोहित डिंडोरे एचडी डहरिया ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे चरण में दोपहर 3 बजे से गुरु घासीदास चैक दाउपारा से एक रैली में मतदाताओं को जागरूक कर शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान करते हुए व बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव के रैली में आगे बढ़ते हुए चैक-चैराहे पुराना बस स्टैंड सदर बाजार बालानी चैक होकर पड़ाव चैक में संगोष्ठी में तब्दील हो जाएगा। पड़ाव चैक में संगठन के पदाधिकारी द्वारा खीर का वितरण किया जाएगा।

254 लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रदेश में भाजपा सरकार के 100 दिनों में ही मोदी की गारंटी के कई महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण हो चुके हैं और कई के कार्य प्रगति पर हैं। भगवान श्रीराम के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराने वालों को जनता सबक सिखाएगी। ये बातें खाद्यमंत्री दयालदास बघेल ने भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन मंडी प्रांगण में कही। सम्मेलन में 254 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली।

कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ के खाद्यमंत्री दयालदास बघेल ने आगे कहा कि केंद्र की मोदी की सरकार लगातार गांव गरीब किसान मजदूर महिला युवा सभी वर्ग के विकास के लिए काम कर रही है विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों को विकास के मुख्य धारा से जोड़ा गया है। छत्तीसगढ़ को विष्णु देव सरकार ने 100 दिन में अपने लगभग सभी बड़े-बड़े वादे पूरे कर दिए हैं। बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक ने कहा कि डबल इंजन की सरकार विधानसभा चुनाव में आपने बनाया है अब इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीता कर फिर से डबल इंजन की सरकार बनाना है और मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि बिलासपुर लोकसभा का सांसद मुंगेली से पिछले कई चुनावों से बन रहे हैं, यह मुंगेली के लोगों के लिए फिर से अच्छा अवसर मिला है तोखन साहू अच्छे व्यक्ति हैं अतः रिकॉर्ड मतों से भाजपा प्रत्याशी को लीड दिलाना है। उन्होंने राम मंदिर निर्माण, धारा 370, सर्जिकल स्ट्राईक सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा उनको तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाए और केंद्र की मोदी सरकार तथा छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार की जनहितकारी योजनाओं से अवगत कराकर प्रत्येक बूथ में कमल खिलाएं और मुंगेली से सर्वाधिक लीड का रिकॉर्ड बनाएं। बिलासपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू ने कहा कि क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता स्वयं ही नरेंद्र मोदी हैं वही तोखन साहू हैं अतः बिलासपुर लोकसभा को रिकॉर्ड मतों विजयी बनाकर हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े और प्रसिद्ध नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सिर पर लाठी मारने की बात कहने वाले कांग्रेस नेता जान लें कि भाजपा का एक एक कार्यकर्ता, देश का एक एक राष्ट्रवादी नागरिक सब मोदी के परिवार हैं। यदि लाठी मारना है तो सबसे पहले हम सबको लाठी मारें हम सब कार्यकर्ता तैयार हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन को पूर्व विधायक चोवादास खाण्डेकर, विक्रम मोहले,जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक ने भी संबोधित किया।

धर्म-संस्कृति

नवरात्रि में कई योग बन रहे हैं जो पूजन की दृष्टि से खास है, ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक सर्वार्थ सिद्धि व रवि योग भी है

चैत्र नवरात्रि की तैयारियों में जुटे श्रद्धालु

मुंगेली/नवप्रदेश। हिन्दू नववर्ष की शुरूआत चैत्र नवरात्रि से होती है, इस वर्ष चैत्र नवरात्रि की शुरूआत 9 अप्रैल से होगी, रेवती नक्षत्र में नवरात्रि प्रारंभ होगी, वैसे तो नवरात्रि की तिथि पुण्यकारी होती ही है, लेकिन इस वर्ष नवरात्रि में कई योग बन रहे है, जो पूजन की दृष्टि से खास है, ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक सर्वार्थ सिद्धि व रवि योग निर्मित हो रहा है। जिसके लिए जिले के विभित्र मंदिरो मे तैयारिया प्रारभ कर दी है,जिले मे भी कई ऐतिहासिक मंदिर है,जिनमे से प्रमुख मंदिरो का अपना इतिहास है।

हृदय स्थल में विराजित मां महामाया का दर्शन अद्भुत एवं निराली है। मंदिर के पूजारी भरतनाथ जोगी के अनुसार मां महामाया की प्रतिमा को नाथजोगी संप्रदाय के योगियों द्वारा 350 वर्ष पूर्व राजस्थान के आबूपर्वत स्थित बोहरखेड़ी नाथ अखाड़ा से लाया गया तत्पश्चात् इसे वर्तमान स्थल पर मुड़िया के रूप में स्थापित किया गया जिसे 50 वर्ष पूर्व भवानी साव अंबिका साव द्वारा मंदिर के रूप में जीर्णोद्धार कराया गया। मंदिर के हवन कुंड एवं प्रांगण की दानदाता स्व तेंजमल गोयल द्वारा निर्मित कराया गया।

सिद्धपीठ के रूप में प्रसिद्ध यह मंदिर भक्तों के अंगाध.श्रद्धा का केन्द्र हैं।चैत्र एवं क्वांर नवरात्रि में यहां बड़ी संख्या में भक्तगण मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराते है। मुंगेली बिलासपुर मार्ग पर स्थित ग्राम धरमपुरा से दक्षिण पूर्व में 2 किमी दूरी पर ग्राम हथनीकला में विराजित अष्टभूजी मां महिषासुर मर्दिनी देवी की विलक्षण प्रतिमा मंदिर में

विराजित है।इस मंदिर का निर्माण पूर्व मालगुजार स्व रोहनसिंह राजपूत की स्मृति में उनके परिवारजनों के द्वारा जनसहयोग से सन 1972 में कराया गया। मंदिर में विशाल शिवलिंग के साथ शिरडी के साईबाबा की प्रतिमा भी मंदिर प्रांगण में विराजित है। मंदिर प्रांगण में नारियल के लम्बे वृक्ष एवं सामने पूर्व दिशा में निंत तालाब इस मंदिर की छटा में चार.चांद लगाते हैं नवरात्रि पर्व में पूरे ग्रामवासी मिलकर पूरे भक्ति.भाव से देवी मां की चरणों में सेवा एवं पूजा अर्चना में लीन रहते है। मंदिर ट्रस्ट द्वारा जन सहयोग से ज्योतिकलश कक्ष एवं अन्य निर्माण कार्य कराये जा रहे है।नगर से 16 किमी दूरी पर स्थित ग्राम सेतगंगा के ऐतिहासिक राम जानकी मंदिर के ऐतिहासिक राम.जानकी मंदिर के बगल में स्थित मां महामाया के प्रचीन मंदिर का जीणोद्धार 2009 में स्थानीय दानदाताओं के सहयोग से कराया गया।और इस मंदिर को नवीन रूप दिया गया। भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने वाली मां महामाया के इस मंदिर में चैत्र एवं क्वांर नवरात्रि में भक्तगण बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित करते है।तंत्र मंत्र एवं साधना के लिए प्रख्यात नगर के हृदय स्थल में निर्मित नगर का एक मात्र 3 मंजिला मंदिर में 13 अक्टूबर 1977 से अखण्ड ज्योति प्रज्जवलित है।मंदिर में मां दुर्गा,मां गौरी एवं मां काली की विलक्षण प्रतिमाएं विराजमान है मंदिर के प्रमुख पुजारी स्व गुरू गच्छ गुरू जी के नेतृत्व में भक्तगण नवरात्रि के अवसर पर विशेष साधना में लीन रहते थे वर्तमान मे उनके शिष्यो ने परंपरां को कायम रखा है।मुंगेली पंडरिया मार्ग में नगर के पश्चिमी छोर पर स्थित मां शक्ति माई का मंदिर सिद्ध स्वरूप में जागृत है। अत्यन्त प्राचीन विशाल पीपल वृक्ष के नीचे विराजित मां शक्ति की महिमा के विषय में एक भक्त ईश्वर यादव बताते है कि आदि स्वरूपा मां दुर्गाशक्ति के रूप में सतबहनियां का रूप लिये पीपल के वृक्ष पर विराजित है जो सफेद नांग के रूप में अक्सर दिखाई देता है।प्राचीन समय में इस पीपल के वृक्ष आस पास रक्शाए भैंसासुर एवं मां के कई रूपों का दर्शन साक्षात होता है।जन सहयोग से यह मंदिर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है।नगर में भी दाउपारा स्थित मां महामाया मंदिर मलाईघाट स्थित ठाकुर देव मंदिर खर्रीपारा स्थित काली मंदिर मल्हापारा स्थित महामाया मंदिर सोनारपारा के राम मंदिर स्थित मैंहर वाली मां शारदा रामगढ़ के आगर नदी के तट पर स्थित मां महामाया मंदिर भी भक्तों के श्रद्धा का केन्द्र है।जिले से लगे ग्राम सेंतगगा मे भी दुर्गा मंदिर क्षेत्र मे आस्था का केन्द्र है।

माता कर्मा की 1008वीं जयंती पर लगाया गया भंडारा

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम चातरखार में युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ मुंगेली के द्वारा साहू समाज की आराध्य देवी भक्तिन दाई कर्मा की 1008वीं जयंती के अवसर पर बजरंग चैक में भक्तीन दाई कर्मा की समस्त ग्रामवासी पूजा अर्चना, आरती कर खीर-पुड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। इस जयंती अवसर में लखन साहू, अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ मुगेंली चुणामडी साहू, मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र साहू, सरपंच ग्राम पंचायत चातरखार रेशकुमार दिवाकर, अयोध्या साहू, रामजी साहू, नंदू साहू, रामभरोस, सतीश, पेखन, अश्वनी, मानस, गोकुल, रामस्वरूप साहू, दिलहरण, यशवंत, कैलाश, मुकेश, रज्जू साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

नवरात्रि में चंद्रपुर के लिए पदयात्रा 13 अप्रैल को

सक्ती/नवप्रदेश। मातारानी की अनोखी भक्ति और शक्ति का अद्भुत नजारा देखना यहां मिल रहा है। चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति द्वारा निकाली जाने वाली पदयात्रा में लोग घर परिवार के साथ अपने गांव और जिले की सुख समृद्धि की कामना करने और लोगों को धर्म के प्रति जागरूक करने के लिए हर साल पैदल यात्रा करते हैं। इस वर्ष भी चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति सक्ती द्वारा मां महामाया देवी मंदिर सक्ती से 13 अप्रैल की सायं 5 बजे पदयात्रा निकाली जाएगी जो शाम 7 बजे मां अष्टभुजी मंदिर पहुंचेगी। इस पदयात्रा में सैकड़ों भक्त शामिल होंगे। इस दौरान जगह-जगह पदयात्रा का स्वागत भी किया जाएगा। साथ ही पदयात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए ग्रामवासियों द्वारा जलपान की भी व्यवस्था की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए संयोजक श्याम सुंदर अग्रवाल ने बताया कि 13 अप्रैल दिन शनिवार को निकाली जा रही पदयात्रा के अड़भार स्थित मां अष्टभुजी मंदिर पहुंचने के उपरांत शाम 7 बजे विशाल भण्डारा का आयोजन होगा, जहां आने वाले भक्त माता का प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। ऐसी मान्यता है कि पदयात्रा में शामिल होने वाले भक्तों की माता रानी मुरादें पूरी करती हैं, इसलिए सैकड़ों भक्त हर साल माता के दरबार जाते हैं। उन्होंने बताया कि पदयात्रा में शामिल होने वाले भक्तों के हाथों में माता की चुनरी से बना लाल झंडा होता है जो जय माता दी के जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ते जाते हैं।

बिना अनुमति भाजपा ने खोला चुनाव कार्यालय, शिकायत

कांगेस ने की चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के लिए कार्रवाई की मांग



सक्ती/नवप्रदेश। कांग्रेस ने यहां भारतीय जनता पार्टी द्वारा बिना अनुमति चुनाव कार्यालय खोलने की शिकायत प्रशासन से करते हुए चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में कार्रवाई की मांग की है।

लोकसभा चुनाव संचालन के लिये भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े ने स्टेशन रोड चन्द्रा भवन में 4 मार्च को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी कमलेश जांगड़े पूर्व विधायक खिलावन साहू भाजपा के संगठन के साथ बड़े ताम झाम के साथ कार्यालय का उद्घाटन किया उसके बाद उक्त कार्यालय से लगातार लोकसभा चुनाव का संचालन किया जा रहा है पूरे देश में 16 मार्च को लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू की गई आचार संहिता लागू होने के बाद भाजपा के चुनाव संचालक कार्यालय में प्रभारी मंत्री गृह मंत्री एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं का आगमन उसे कार्यालय में हुआ लेकिन भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी कमलेश जांगड़े ने निर्वाचन कार्यालय से चुनाव कार्यालय का कोई वैधानिक अनुमति नहीं लिया इस संबंध में आज नगर कांग्रेस अध्यक्ष दिगंबर चौबे वरिष्ठ कांग्रेस नेता खिलावन राठौर गिरधर जायसवाल महेश अग्रवाल के साथ सहायक निर्वाचन अधिकारी पर पर को एक ज्ञापन सौंप कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए भाजपा के प्रत्याशी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग करते हुए ज्ञापन सोपा है नगर कांग्रेस अध्यक्ष दिगंबर चौबे ने कहा कि विदित होगी वर्तमान में राज्य एवं केंद्र में दोनों में भाजपा सरकार होने के कारण भाजपा कार्यकर्ताओं बीजेपी नेताओं द्वारा सरेआम चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है और अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं ऐसे में कैसे भरोसा किया जा सकता है की पारदर्शिता के साथ चुनाव होगा वरिष्ठ नेता गिरधर जायसवाल ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी गांव-गांव में अपने जीत के लिए भाजपा के नेताओं के साथ दौरा कर रही है सभाए ले रही है ध्वनि विस्तार केंद्र का उपयोग किया जा रहा है जिसका निर्वाचन कार्यालय से कोई अनुमति प्राप्त नहीं किया गया है जो की आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन है इसकी शिकायत चुनाव आयोग में भी की जाएगी एवं प्रत्याशी पर कार्यवाही नहीं होने पर पार्टी के निधन निर्देशन निर्देशों के अनुसार वैधानिक किया जाना वैधानिक कार्रवाई किया जाना प्रस्तावित है।

सरपंच पति पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार



सक्ती/नवप्रदेश। भगवती गोंड पति दाऊ लाल गोंड निवासी कोटेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई की 5 अप्रैल की शाम 6 बजे गांव का अर्जुन सिदार इसके घर आकर बताया कि दाऊ लाल गोंड को गांव का भोलू सीदार ऊर्फ गोविंद सिदार ने जवाहर यादव के घर के सामने पुरानी रंजिश पर से जान से मारने के नियत से प्राण घातक हमला कर लोहे की रॉड से सिर के पीछे भाग , हाथ दोनो पैर में गंभीर चोटे आई है रिपोर्ट पर रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 45/2024 धारा 294, 506, 323 भा.द.वि. पंजीबद्ध कर आहत का मुलाहिजा कराया गया आहत दाऊ लाल के चोट में फैक्चर आना एवम चोट प्राणघातक होना लेख किए जाने पर प्रकरण में धारा 325, 307 भा.द.वि. जोड़ी गई है । मामला गंभीर प्रकृति का होना पाए जाने से

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी मनीष कुंवर के द्वारा आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने का निर्देश दिये गये है, के परिपालन में 5 अप्रैल को आरोपी भोलू सिदर ऊर्फ गोविंद पिता चंद्रशेखर उम्र 30 साल निवासी कोटेटरा को उनके गांव कोटेतरा में पकड़े जिन्हे पूछताछ करने पर दाऊ लाल गोंड को अश्लील गली गलौच करते जान से मारने के नियत से रॉड मारपीट करना स्वीकार किया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा का पाया गया तथा मामला अजमानतीय होने से 5 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक ललित चंद्रा के मार्गदर्शन में सहा. उप निरी. भारद्वाज आर. दिनेश पटेल का सराहनीय योगदान रहा।

सीईओ ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीति पवार और कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत ग्राम पंचायत तेंदूटोहा, जाजंग, जुड़गा, नवापाराखुर्द, टोहिलाडीह एवं सकरेलीखुर्द सहित अन्य विभिन्न ग्राम पंचायतो में लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान केन्द्रो में बिजली,पानी एवं शौचालय जैसे आधारभूत व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया तथा 7 मई 2024 को लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत होने वाले मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उक्त ग्राम पंचायतों में आवास कार्यो का निरीक्षण करते हुए अधूरे पाये गये आवासों को पूर्ण कराने हेतु हितग्राही एवं सचिवों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़

7.86 लाख का माल जप्त, सोयाबीन, वनस्पति तेल से बनाया जाता था

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले में प्रशासनिक टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री पर दबिश दी और कुल 7.86 लाख कीमत के सोयाबीन, वनस्पति तेल सहित मिश्रित घी को सीज किया है। मुख्य डाक घर के पास, गोयल प्रिंटिंग प्रेस गली में, बाबूपारा, अंबिकापुर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अम्बिकापुर के निर्देशानुसार राजस्व, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, पुलिस और खाद्य विभाग की टीम प्राप्त शिकायत के आधार पर नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री में पहुंची। इस संबंध में जानकारी देते हुए वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री आरआर देवांगन ने बताया कि जांच के दौरान उपस्थित व्यक्ति राकेश ओमप्रकाश बंसल के द्वारा सोयाबीन तेल तथा वनस्पति से घी का निर्माण किया जा रहा था और खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य पंजीयन व अनुज्ञप्ति उक्त व्यक्ति के पास नहीं पाया गया, जो कि अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है। इस तरह कार्रवाई करते हुए मौके पर पाए गए किंग सोयाबीन तेल के 15 लीटर के 81 टीन, रजनी गोल्ड वनस्पति के 15 लीटर के 57 टीन तथा मिश्रित तेल/घी के 15 लीटर के 98 टीन और 150 लीटर के 8 ड्रम को नियमानुसार सीज किया गया। कुल 7.86 लाख कीमत के सोयाबीन, वनस्पति तेल सहित मिश्रित घी को सीज किया गया है।

श्रमिकों को दिलाई मतदान की शपथ

सक्ती/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देश पर जिला अंतर्गत मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित कराई जा रही हैं। इसी क्रम में कलेक्टर के निर्देशन में विभिन्न औद्योगिक केंद्रों में श्रमिको के मध्य संवाद सेतु व शपथ कार्यक्रम का आयोजन विगत दिवस किया गया।

स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जिला सक्ती स्थित औद्योगिक केंद्र आर. के. एम. पावर प्लांट, डी. बी. पावर प्लांट, वंदना ट्रैलर, डी मनोहर सैलाक प्राइवेट लिमिटेड में श्रमिकों को मतदान के विषय में जानकारी देते हुए प्लांट में काम करने वाले श्रमिकों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया तथा शत प्रतिशत मतदान करने हेतु शपथ दिलायी गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित हुए एवं मतदान करने की शपथ भी ली। स्वीप के इस कार्यक्रम के अवसर पर औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के असिटेंट डायरेक्टर राहुल पटेल एवं श्रम विभाग से श्रम कल्याण अधिकारी सौरभ पांडेय, श्रम निरीक्षक संदीप देवांगन आदि उपस्थित थे।

मतदाता जागरूकता स्वास्थ्य शिविर किए आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। बैगा परिवार बाहूल्य ग्राम रंजकी में चिकित्सकीय दल द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा व जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे के निर्देशन में मतदाता जागरूकता स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कुल 48 मरीजों का जांच एवं उपचार किया गया। जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम अचानकमार, छपरवा में चिकित्सकीय दल द्वारा मतदाता जागरूकता स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमे कुल 68 मरीजों का जांच एवं उपचार किया गया। साथ ही शत प्रतिशत मतदान के लिये शपथ दिलाकर मतदान हेतु प्रेरित किया गया। उक्त शिविर में बीएमओ डॉ. जीएस दाऊ, नोडल अधिकारी टीबी, लेप्रोसी डॉ. सुदेश रात्रे, नोडल अधिकारी मलेरिया डॉ. आरएस आयाम, डीपीओ महिला एवं बाल विकास सुरेश सिंह, जिला समन्वयक अभिताभ तिवारी, धीरज रात्रे, बीपीएम शैलेन्द्र पाण्डेय, शिव कमल पात्रे एवं पर्यवेक्षक व आरएचओ उपस्थित थे।

अधिकारी-कर्मचारियों ने समझी मतदान प्रक्रिया

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर के मार्गदर्शन में जिले में लोकसभा निर्वाचन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रशिक्षण जारी हैं। इसी क्रम में जिला पंचायत सभाकक्ष में शुक्रवार को प्रशिक्षण नोडल नीरज कौशिक की उपस्थिति में पोस्टल बैलेट यानी डाक मतपत्र तथा ईडीसी इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट के क्रियान्वयन के संबंध में संलग्न अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में कुल पंजीकृत 48 अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में मौजूद मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षणार्थियों को डाक मतपत्र से संबंधित सभी प्रकार के प्रारूपों की जानकारी दी गई जिसमें फॉर्म 12, फॉर्म 12 क और 12 घ आदि के उपयोग के बारे में बताया और इसके माध्यम में वोटिंग प्रक्रिया की जानकारी दी।

चुनाव आचरण संहिता का पालन करते हुए मनाएं त्यौहार- कलेक्टर

त्यौहारों पर पार्किंग, यातायात सहित अन्य व्यवस्था की बनी कार्ययोजना- एसपी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर एवं एसपी विजय अग्रवाल की उपस्थिति में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री भोस्कर ने समिति के सदस्यों और समाज प्रमुखों से शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि आगामी समय में लगातार विभिन्न त्योहार आ रहे हैं। इसके साथ ही लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में आदर्श आचार संहिता भी लागू है। जिले में आदर्श आचार संहिता का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाए जाएं। उन्होंने कहा कि सरगुजा जिला शांति और भाईचारे की मिसाल है। इसे बनाए रखें। उन्होंने कहा कि आगामी समय में नवरात्र पर्व, ईद उल फितर, रामनवमी आदि पर्व हैं। इस दौरान विद्युत, पानी, यातायात की समस्त व्यवस्थाएं प्रशासन द्वारा की जायेंगी। साथ ही सरगुजा वासी होने के नाते हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करना होगा।

पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने बैठक में कहा कि जिले में त्योहारों को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बैठक में शहर में त्योहारों के दौरान लगाए जाने वाले बैनर पोस्टर पर कहा कि त्योहार बीत जाने के बाद इस तरह बैनर पोस्टर निकाल लिए जाएं जिससे किसी तरह की परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि जिले में बीते दिनों हुई गंभीर घटना की पुनरावृति ना हो, इसके लिए गंभीर चिंतन जरूरी है। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों और समाज प्रमुखों से अपील करते हुए कहा कि अनुशासन और नियंत्रण बनाए रखने लोगों को हिदायत दें जिससे जिले की शांति भंग ना हो। उन्होंने कहा कि पुलिस बल के साथ विभिन्न समाज के स्वयंसेवकों की भी मदद ली जाएगी। साथ ही त्योहारों के मद्देनजर पार्किंग, यातायात की व्यवस्था के लिए भी स्थल निरीक्षण कर बेहतर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। बैठक में समिति के सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे। समिति के सदस्यों द्वारा नवरात्र पर्व पर महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं की अधिक आवाजाही पर पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में भी व्यवस्था बनाने, पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल लगाने जिससे किसी तरह की अप्रिय घटना ना हो।

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक : 24.04.2024

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 24.04.2024 को 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा का नाम खाता संख्या व आईएफएससी कोड
अ. श्री अमरजीत रेखी, पिता- स्व. देवेन्दर सिंह, 15डी पॉकेट, मरोदा सेक्टर, सिविक सेंटर, भिलाई-490006 (ऋणी) ब. श्रीमती जसमीत कौर पति- अमरजीत रेखी, 15डी पॉकेट, मरोदा सेक्टर, सिविक सेंटर, भिलाई-490006 (सह-ऋणी).	फ्लैट नं. 01, ब्लॉक-ए, भूतल, खसरा नं. 44/5, न्यू पलाश टावर, ग्राम- रिसाली, प.ह.नं. 19/22, आरआईसी- दुर्ग-1, तहसील व जिला-दुर्ग, क्षेत्रफल-668.32 में स्थित आवासीय अपार्टमेंट सहित संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दी: उत्तर- चारदीवारी, दक्षिण- फ्लैट नं.6 ब्लॉक-बी, पूर्व- फ्लैट नं. 2,3, ब्लॉक-ए, पश्चिम- फ्लैट नं.6 ब्लॉक-बी.	19.05.2021 02.09.2021 ₹ 28,12,741.90 16.12.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 18,30,000/- ₹ 1,83,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Kumar Gaurabh (Mo. 9523549655) Bhilai GE Road Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0017765 Email: cb17765@canarabank.com
1. मैसर्स निप्रत बेवरेजेस, मौजा- पाहंदा, पाटन, दुर्ग- 490042. 2. श्रीमती अमनप्रीत कौर दहेले पति- गुरप्रीत सिंह दहेले, स्लाइस-1, एलआईजी- 852, सरकारी स्कूल के पास, टाटीबंध, रायपुर- 492001.	1. खसरा नंबर 2250/11 (नामांतरण के बाद) प.ह.नं. 04, ग्राम- पाहंदा, तह.- पाटन व जिला- दुर्ग (छ.ग.) में स्थित है, क्षेत्रफल- 4800 वर्गफीट में स्थित फैक्ट्री भूमि और भवन। चौहद्दी: उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- सड़क, पूर्व- विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम- सड़क। 2. खसरा नंबर 2250/11 (नामांतरण के बाद) प.ह.नं. 04, ग्राम- पाहंदा, तह.- पाटन व जिला- दुर्ग (छ.ग.) में स्थित प्लांट और मशीनरी का दृष्टिबंधक।	29.09.2023 11.12.2023 ₹ 75,84,867.35 18.01.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	Property-1: ₹ 37,60,000/- ₹ 3,76,000/- ₹ 10,000/- Property-2: ₹ 8,99,000/- ₹ 89,900/- ₹ 10,000/-	Mr. Vivek Iyer (Mo. 7000201336) Kumhari Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0005305 Email: cb5305@canarabank.com
मैसर्स हार्दिक इंटरप्राइजेस, फ्लैट नं. 101, ब्लॉक-बी, एम्ब्रेसिया अपार्टमेंट न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर, छ.ग. भागीदार- 1. श्री सुरेश निहिचलानी पिता- श्री इंदनदास निहिचलानी, निहिचलानी भवन वार्ड नंबर 10, बसंत राइस मिल के सामने, तिल्दा, रायपुर, छ.ग., 2. श्री विजय कुमार निहिचलानी पिता- श्री इंदनदास निहिचलानी, फ्लैट नं. 103, ब्लॉक-ए, एम्ब्रेसिया अपार्टमेंट, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर, छ.ग., जमानतदार- 1. श्रीमती कंचन निहिचलानी पति- श्री सुरेश निहिचलानी, फ्लैट नं. 101, ब्लॉक-बी, एम्ब्रेसिया अपार्टमेंट, न्यू राजेंद्र नगर, 2. श्रीमती संध्या निहिचलानी पति- श्री विजय कुमार निहिचलानी, फ्लैट नं. 103, ब्लॉक-ए, एम्ब्रेसिया अपार्टमेंट, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर, छ.ग.	खसरा नं. 550/3 (भाग), प.ह.नं. 109/39, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड नं. 26, आरआईसी-1, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग., क्षेत्रफल की सीमा 1650 वर्गफीट में स्थित प्लॉट नं. 93। संपत्ति की चौहद्दी: पूर्व- प्लॉट नं. 80, पश्चिम- सड़क, उत्तर- प्लॉट नं. 92, दक्षिण- प्लॉट नं. 94.	21.08.2023 23.10.2023 ₹ 1,56,64,110.47 12.01.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 16,83,000/- ₹ 1,68,300/- ₹ 10,000/-	Mr. Ritesh Kumar Kawale (Mo. 9326911967) GE Road, Raipur Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0002555 Email: cb2555@canarabank.com
श्री राहुल होढेजा पिता- अनूप कुमार होढेजा, एमआईजी-5, शंकर निवास, एलीपचवी कालोनी, कटोरा तालाब, रायपुर छ.ग. 492001 (ऋणी) एवं श्रीमती काजल होढेजा पति- अनूप होढेजा, एमआईजी-5, शंकर निवास, एलीपचवी कालोनी, कटोरा तालाब, रायपुर छ.ग. 492001 (सह-ऋणी)	खसरा नं. 1211/22, 1320/21, 1216/19, 1217/19, 1218/31, 1211/23, 1320/22, 1216/20, 1217/20, 1218/32 का भाग, प.ह.नं. 63, छठवीं मंजिल, 1 ब्लॉक, ग्रीन कालोनी, शंकर नगर, महर्षि वाल्मिकी वार्ड नं. 28, आरआईसी- रायपुर-1, तहसील/जिला- रायपुर (छ.ग.) में स्थित फ्लैट नं. 602. संपत्ति की चौहद्दी: पूर्व- कालोनी सड़क, पश्चिम- कालोनी सड़क, उत्तर- फ्लैट 1, 601, दक्षिण- खुली जगह।	30.08.2023 01.11.2023 ₹ 1,02,65,357.79 16.02.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 21,10,000/- ₹ 2,11,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Umesh Kumar Gupta (Mo. 7904062571) Raipur-II Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0017855 Email: cb17855@canarabank.com
1. श्रीमती रंजीता पटेल (ऋणी) पति- श्री महेन्द्र कुमार पटेल, खसरा नं. 921/4, 1772, मकान नं. 152, वार्ड नं. 19, वैभव पोल्ट्री फार्म, खुड़मुड़ा रोड, सर्विस स्टेशन के पास, ग्राम- अमलेश्वर, तहसील- पाटन, जिला- दुर्ग. 2. श्री महेन्द्र कुमार पटेल (जमानतदार) पिता- स्व. श्री नारायण पटेल, मकान नं.152, वार्ड नं. 19, वैभव पोल्ट्री फार्म,खुड़मुड़ा रोड, सर्विस स्टेशन के पास, ग्राम- अमलेश्वर, तहसील- पाटन, जिला- दुर्ग.	खसरा नं. 921/4, प.ह.नं. 5, आरआईसी-भिलाई 3, मकान नं. 152, वार्ड नं. 19, वैभव पोल्ट्री फार्म,खुड़मुड़ा रोड, सर्विस स्टेशन के पास, ग्राम- अमलेश्वर, तहसील- पाटन, जिला- दुर्ग. क्षेत्रफल- 6000 वर्गफीट में निर्मित संपत्ति के समस्त भाग व अंश। चौहद्दी: उत्तर- मनोहर की भूमि, दक्षिण- आनंद राम की भूमि, पूर्व- सड़क, पश्चिम- गणेश साहू की भूमि.	27.10.2022 05.01.2023 ₹ 41,71,000.00 27.10.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 57,00,000/- ₹ 5,70,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Ritesh Kumar Kawale (Mo. 9326911967) GE Road, Raipur Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0002555 Email: cb2555@canarabank.com
1. श्री अभय कुमार सिंह श्री लेदर कॉम्प्लेक्स, फूल चौक, हनुमान मंदिर के सामने, जी.ई. रोड, रायपुर 492001 (ऋणी), 2. अर्चना सिंह पति- अभय कुमार सिंह, श्री लेदर कॉम्प्लेक्स, फूल चौक, हनुमान मंदिर के सामने, जी.ई. रोड, रायपुर 492001 (जमानतदार)	फ्लैट नं. 408, चौथी मंजिल, खसरा नं. 204/4 (पुराना) एवं 204/26 (नया) का भाग, प.ह.नं. 114, आरआईसी- रायपुर-1, माइलस्टोन अपार्टमेंट, अमलीडीह, वार्ड नं. 46, रायपुर। चौहद्दी: उत्तर- सेन्ट्रल बैंक खुला आसमान, दक्षिण- फ्लैट नं. 401, पूर्व- सेन्ट्रल बैंक खुला आसमान, पश्चिम- कॉरिडोर.	07.03.2022 01.08.2022 ₹ 47,10,037.00 17.12.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 22,90,000/- ₹ 2,29,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Jay Sharma (Mo. 7880132368) Raipur SME Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0004047 Email: cb4047@canarabank.com
श्री धर्मेन्द्र सिंह परमार, खसरा नं. 1338, प.ह.नं. 107, नेताजी कन्हैयालाल वार्ड नं. 8, मौजा- गुढ़ियारी, आरएनएम- रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग., क्षेत्रफल- 1025.00 वर्गफीट।	श्री धर्मेन्द्र सिंह परमार के नाम पर खसरा नं. 1338 का भाग प.ह.नं. 107, नेताजी कन्हैयालाल बजराई वार्ड, वार्ड नं. 08, मौजा ग्राम- गुढ़ियारी, आरएनएम- रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग., में स्थित भूमि व भवन का ईएमटी, क्षेत्रफल- 1025.00 वर्गफीट। चौहद्दी: पूर्व- मुरलीधर की भूमि, पश्चिम- सड़क, उत्तर- मुरलीधर बंजारी, दक्षिण- विक्रेता की भूमि।	18.11.2019 26.06.2020 ₹ 22,17,925.00 20.12.2023 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 21,51,000/- ₹ 2,15,100/- ₹ 10,000/-	Sarita Kumari (Mo. 9516009425) T.P. Nagar Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0005306 cb5306@canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तें- (1) नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.indianbankseauction.com के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जायेगी। (3) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 23.04.2024, सुबह 10.30 से सायं 4.30 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि (EMD) आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो। दिनांक 23.04.2024 को सायं 5.00 बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खातों में किया जा सकता है। (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता M/s Canbank Computer Service Ltd., E-mail ID:- eauction@ccsl.co.in अथवा www.canarabank.com पर संपर्क करें।

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'सेन्ट्रल क्रोनिकल' दिनांक 07.04.2024 सम्पूर्ण छ.ग. में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 06.04.2024 स्थानः रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

न्यूज गैलरी

मतदान कराने अधिकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। ,लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भाटापारा में मतदान दल अधिकारियों के प्रथम चरण का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रथम चरण में 1181 मतदान अधिकारी-1, 2 व 3 को प्रशिक्षण दिया गया। भाटापारा के शासकीय पंचम दीवान उत्तर माध्यमिक कन्या शाला में दो और तीन अप्रैल को दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन रखा गया था। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सीमा ठाकुर ने प्रत्येक कक्ष में प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं शासकीय सेवकों को प्रोत्साहित किया। मालूम हो मतदान दल के कर्मियों के साथ प्रत्येक कक्ष में सेक्टर अधिकारियों का भी प्रशिक्षण रखा गया था। सहायक रिटर्निंग अधिकारी नितिन तिवारी ने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि एक सेक्टर में आने वाले प्रत्येक मतदान केंद्रों की जानकारी सेक्टर अधिकारी को होनी चाहिए। मतदान केंद्रों के बारे में जितनी जानकारी सेक्टर अधिकारी के पास होगी। उतनी ही सुविधा मतदान दिवस के दिन होगी। उन्होंने कहा कई पीठासीन अधिकारी पारंगत, अनुभवी होते है लेकिन प्रशिक्षणों के दौरान ध्यान नहीं देने और ईवीएम मशीनों के संचालन की विधिवत प्रेक्टिस नहीं करने से घबराहट होती है। इस कारण प्रशिक्षण में ही ईवीएम मशीनों का व्यवस्थित प्रशिक्षण लेना चाहिए।

माइक्रो ऑब्जर्वरों को दिया गया पहले चरण का प्रशिक्षण

कोंडागांव/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान मतदान के दिन की गतिविधियों की निगरानी के लिए नियुक्त माइक्रो ऑब्जर्वरों को प्रथम चक्र का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुणाल दुदावत ने माइक्रो आब्जर्वर की भूमिका को स्वतंत्र निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आपके द्वारा मतदान केंद्र में घटित घटनाओं पर नजर रखते हुए इसकी जानकारी निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक को दी जाएगी।उन्होंने कहा कि सभी माइक्रो आब्जर्वर अपने कार्य को भली भांति इस प्रशिक्षण में समझ लें और निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य करें। उन्होंने इस दौरान मतदान की गोपनीयता के संबंध में आयोग के निर्देशों के पालन के संबंध में भी जानकारी देते हुए कहा कि माइक्रो आब्जर्वर इसकी भी निगरानी करेंगे।वन्ही मास्टर ट्रेनर द्वारा माइक्रो आब्जर्वर की नियुक्ति एवं भूमिकाए उनके जानने योग्य बातेंए मतदान के दौरान ध्यान देने योग्य बातें तथा उनके द्वारा 18 बिंदुओं में तैयार की जाने वाली चेक लिस्ट के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चित्रकांत चाली ठाकुर भी उपस्थित थे।

2.50 करोड़ से अधिक खर्च फिर भी कार्य अधूरा

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। भानुप्रतापपुर में जैव विविधता को दर्शाने के लिए नेचर पार्क का निर्माण किया जा रहा है। पूर्व वनमण्डल भानुप्रतापपुर में अब लगभग 2.50 करोड़ की लागत से नेचर पार्क भी बनाया जा रहा हैं। दो साल बाद भी नेचर पार्क निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं हुआ हैं अब तक तीन रेंजर चेंज हो गए हैं वर्तमान रेंजर मोहन नेताम नेचर पार्क निर्माण में रुचि नहीं दिखा रहे हैं.... पार्क में रोपण के लिए लाए पौधे मार रहे हैं एक साल में नेचर पार्क निर्माण पूर्ण करना था लेकिन आज दो वर्ष से भी अधिक समय हो गया है अभी तक कार्य पूर्ण नहीं हुआ है. सूत्रों से यहां भी जानकारी मिल रही हैं कि करोड़ो के इस प्रोजेक्ट का अभी तक एस्टिमेट भी नहीं बना है.।

जिला सहकारी बैंक में फर्जी नियुक्ति में कौन-कौन घेरे में ? जांच शुरू

■ पंडरिया विधायक ने विधानसभा में उठाया था मामला

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव में फर्जी नियुक्तियों की शिकायत के बाद अब यहां जांच के लिए दो दिनों से टीम पहुंची हुई है. टीम यहां नियम विरुद्ध हुई नियुक्तियों और नियुक्तियों के लिए बड़े लेनदेन के आरोपों की जांच कर रही है.

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार के समय राजनांदगांव जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में नियमों को दरकिनार करते हुए बड़ा लेनदेन कर फर्जी नियुक्तियां किए जाने का आरोप लगा था, लेकिन शिकायत के बावजूद इस मामले की जांच नहीं हो पा रही थी. ऐसे में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने विधानसभा में इस मामले को लेकर ध्यान आकर्षण लाया, इसके बाद सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने इस पर जांच के आदेश दिए थे. अब इस फर्जी नियुक्तियों की जांच के लिए यहां जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में टीम पहुंची हुई है.

इस मामले को लेकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय जिला सहकारी बैंक में प्रशासक की नियुक्ति हुई थी और उनके लगभग दो ढाई साल के कार्यकाल में यहां लगातार नियुक्तियां की गई. इन नियुक्तियों की शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हुई. सरकार बदलने के बाद पंडरिया विधायक द्वारा विधानसभा में ध्यान आकर्षण लाया गया, जिसमें विधायक भावना बोरा ने सरकार का पक्ष जानना चाहा था, जिस पर सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने इसकी जांच कराए जाने की बात कही थी. वहीं प्रारंभिक जांच में ही 51 लोगों की नियुक्तियों में नियमों का पालन नहीं करना पाया गया था. उन्होंने कहा की सेवा नियमों को दरकिनार कर यहां नियुक्तियां दी गई. इन नियुक्तियों के लिए रजिस्टार कोऑपरेटिव सोसाइटी से भी अनुमति नहीं ली गई.

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में हुई नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर लेनदेन का आरोप भी लगाया गया था, अब इस मामले की जांच की जा रही है. संयुक्त रजिस्टर के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया है और यह टीम दो दिनों से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में पहुंचकर जिन लोगों की नियुक्ति हुई है उनसे और जो नियुक्ति को लेकर प्रक्रिया अपनाई गई है उस पर अपनी जांच कर रही है. इस टीम की जांच में ही खुलासा होगा कि इन फर्जी नियुक्तियों के लिए कितने रुपए का लेनदेन हुआ और इसमें कौन-कौन दोषी है. फर्जी नियुक्ति देने वालों पर कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।

किडनी पीड़ितों के गांव पहुंची सीएमएचओ, डायलिसिस किट सौंपा

गरियाबंद/नवप्रदेश। पदभार ग्रहण करते ही सीएमएचओ पहुंची सुपेबेड़ा, पीड़ितों को जल्द एम्स से अनुबंध की दी जानकारी किडनी पीड़ितों के गांव सुपेबेड़ा में शनिवार को नवनियुक्त सीएमएचओ डॉ. गार्गी यदु पहुंची. ग्रामीणों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि बोली इलाज में कमी न आए, इसके लिए जल्द ही एम्स के साथ अनुबंध करेंगे. इस दौरान उन्होंने पीड़ितों को पेरिटोनियल डायलिसिस किट भी सौंपा.

जिले नई सीएमएचओ डॉ. गार्गी यदु पदभार संभालने के बाद आज सुपेबेड़ा पहुंचकर पीड़ितों के हालात का जायजा लिया. लंबे समय बाद किसी प्रशासनिक अफसर को अपने बीच पाकर पीड़ितो ने सभी समस्याओं को एक-एक कर बताया. पीड़ितों ने समय पर दवा नहीं मिलने की भी शिकायत की. समस्या सुनने के बाद सीएमएचओ ने मौके पर मौजूद मातहतों को जरूरी निर्देश दिया.

उन्होंने साथ ही बताया कि अब पीड़ितों की देखभाल के लिए सुपेबेड़ा ने मेडिकल अफसर, दो सीएचओ 24 घंटे उपस्थित रहेंगे. इसके साथ पेरिटोनियल डायलिसिस सुविधा ले रहे किडनी रोगी के घर पहुंच उनका हाल भी जाना. सीएमएचओ ने कहा कि किडनी रोगियों को बेहतर व सुचारू सुविधा मिल सके, उसके लिए हम एम्स से अनुबंध की प्रक्रिया को जल्द ही पूरी करेंगे, जिससे एक्सपर्ट से सही व उचित इलाज मिल सके.

सीएमएचओ ने सुपेबेड़ा के बाद देवभोग अस्पताल पहुंच सभी शाखाओं का बारीकी से निरीक्षण किया. वार्ड, ओपीडी में मौजूद जरूरी सुविधाओं को नजदीक से देखा. इसके साथ मरीजों से बात कर चिकित्सा सेवाओं का फीडबेक लिया. इतना ही नहीं बेहतर सुविधाएं मरीजों को मुहैया कराई जाए इसके लिए बैठक कर सभी मेडिकल अफसर को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए. इसके साथ सुपेबेड़ा में निर्माणाधीन अस्पताल भवन के काम में तेजी लाने को भी कहा है.

वन विभाग के अधिकारियों की शह पर सरपंच ने 27 एकड़ जंगल घेरा

बतौली/सेदम/नवप्रदेश। सरगुजा जिले से वन विभाग का बड़ा झोल सामने आया है। मैनपाट के जंगल में 5 एकड़ का पट्टा बनवा कर 27 एकड़ का घेराव किया जा रहा है। इसका ग्रामीण पुरजोर विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विकासखंड बतौली के ग्राम पंचायत करदना निवासी पूर्व सरपंच वन विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर जंगल का बड़ा हिस्सा कब्जा किया है।

जानकारी के अनुसार, मैनपाट सर्कल क्रमांक 9 /2470 में लगभग 27 एकड़ घने जंगल को खुटा और फेंसिंग तार से घेराव किया गया है। घेराव करने के दौरान हरे भरे जंगल में स्थित साल और सगौन के लकड़ी को काटकर फेंसिंग तार से घेरा गया है। इस बात की जानकारी पंचायत करदना, विशरपानी ,आमगांव, नागादाड के ग्रामिणों ने बतौली थाना, सरगुजा कलेक्टर और वन विभाग में भी दी। लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। बता दें, ग्रामीण बीरबल तीगगा, दिनेश ,अनिल पन्ना, मोहरमनी, अनीता तिग्गा, टिब्लू ,सुगंथी, बंधो सुशील ,दीपक, सतनारायण यादव

ईरानियुष् लकड़ा, मनसुख, श्यामलाल, मोहरलाल, सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने वन विभाग पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि, पूर्व सरपंच और वन विभाग सांठ-गांठ कर जंगल की जमीन का अवैध कब्जा कर बंदरबांट कर रहे हैं। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि, पूर्व सरपंच द्वारा उद्यान विभाग बेलकोटा से लोन इंचार्ज ममता पैकरा से मृत लोगों के नाम पर फेंसिंग तार और खूंटा का अवैध तरीके से लोन पास कराया गया है, जबकि मृतक मंगलेश्वर पिता चेतू, दिलमनिया पति मंगलेश्वर दोनों की मृत्यु को 6-7 साल हो गये, जबकि चेतू पिता केवला की 2 वर्ष पूर्व मृत्यु हुई है।

आबकारी एक्ट के तहत रणवीरपुर पुलिस की कार्रवाई, अवैध शराब के साथ कई गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक पल्लव के मार्गदर्शन मे चौकी रणवीरपुर प्रभारी उप निरीक्षक अजयकांत तिवारी द्वारा चौकी क्षेत्र मे लगातार अवैध जुआ सट्टा एंव आबकारी एक्ट व अपराधिक गतिविधियो के विरूध्द लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम मे मुखबीर सुचना पर दिनांक 05/04/2024 को पुल के पास ग्राम मगरवाह मे घेराबंदी कर मुखबीर के बताये हुलिया एंव नाम के व्यक्ति आरोपी चंद्रपाल भारती पिता जुगुल भारती उम्र 38 साल साकिन मगरवाह चौकी रणवीरपुर के कब्जे 2700 रूपये को मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किया गया आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर मामला अजमानतीय होने से विधिवत कार्यवाही कर थाना स0 लोहारा मे अपराध क्रमांक 00/24 आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया ।

राज परिवार से मिला जोगी पद, अफसरशाही ने बना दिया जाति

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर ब्लाक के भानपुरी क्षेत्र के समीप एक गांव हैं छोटे आमाबाल,जहां 8 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आ रहे हैं। इस गांव का ऐतिहासिक महत्व है, क्योंकि जब से दशहरा पर्व बस्तर में मनाया जाता है, तब से पर्व की प्रमुख रस्म जोगी बिठाई में इसी गांव के एक ही परिवार को मौका मिलता है। जोगी परिवार के डमरू नाग कहते हैं 1414 से लगभग 600 साल हो गए हैं, हमारा ही परिवार हर साल दशहरा पर्व के जोगी बिठाई रस्म में शामिल होता है। उस समय के बस्तर महाराजा ने हमारे गांव के हमारे ही परिवार को इस दायित्व को निभाने की जिम्मेदारी सौंपी है।

हमारा परिवार मां दंतेश्वरी मावली माता की सेवा करते आ रहा है। राज परिवार ने हमें जोगी का पद दिया, लेकिन कालांतर में इस पद को सरकारी लोगों ने जाति मान लिया। तब से हल्बा जाति का आदिवासी परिवार आज भी पिछड़ा वर्ग बनकर किसी तरह का आदिवासियों को मिलने वाला लाभ नहीं ले पा रहा है। सालों से न्याय के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन आज तक हमारी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। सैंकड़ों सालों की सेवा के बाद भी हमारी हालत गरीबी में जीवन गुजारने की रह गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आ रहे हैं हमारा परिवार उनसे मिलना चाहता है। हमारी समस्या सीधे प्रधानमंत्री सुनेंगे तो कुछ न कुछ रास्ता जरूर निकलेगा।

घर में गत वर्ष जोगी बने दौलत नाग के बारे में पुछने पर उनकी मां सुलो नाग और दादी सुदनी जो इमली फोड़ रही थी, ने कहा कि पत्नी और बच्चे के साथ दौलत काम में बैंगलुरू (कर्नाटक) गया है। उनके पति भगत जोगी भी दूसरे गांव मांदलापाल गए थे। थोडी देर में जोगी भगत के बड़े भाई डमरू नाग पहुंचे। उन्होंने बताया कि करीब 30 साल से मैं अपने दोनों भाई भगत और रघु जो दशहरा में जोगी बनते हैं उनके साथ जगदलपुर जाता हूं और पूरे 9 दिन सिरहासार में जोगी बिठाई से लेकर जोगी उठाई तक होने वाले सभी पूजा पाठ और रस्मों को निभाता हूं।

साहू समाज ने मनाई भक्त माता कर्मा की 1008वीं जयंती, प्रसाद वितरण

कोंडागांव/नवप्रदेश। साहू समाज के आराध्य देवी शिरोमणी भक्त माता कर्मा की 108 वी जयंती बडे हर्षोल्लास के साथ आचार संहिता का पालन करते हुऐ जिला मुख्यालय में स्थित भक्त माता मंदिर मनाई गई। भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर साहू समाज के द्वारा प्रातः 11रू00 बजे भक्त माता कर्मा की महा आरती के साथ शुभारंभ की गई। इसी कड़ी में कोंडागांव नगर अध्यक्ष प्रदीप साहू के कुशल नेतृत्व में भक्त माता कर्मा मंदिर परिसर में भक्त माता कर्मा की सामूहिक महाआरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महाआरती के पश्चात भक्त माता कर्मा को खिचड़ी का भोग लगाकर उपस्थित जन समुदाय को महाप्रसाद वितरण किया गया ।तत्पश्चात माताएं एवं बहनों द्वारा नहरपारा महिला मंडली द्वारा रामायण पाठ का आयोजन किया गया। एवम् स्वजातीय बंधु एवं भगिनियों द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर परए जिला महामंत्री बसंत साहू एमहिला उपाध्यक्ष स्वाति साहूए जिला सचिव विजय साहूए अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रांतीय सह संयोजक अशोक साहू एसंभागीय प्रवक्ता एवम् जिला मीडिया प्रभारी पवन साहूए जिला उपाध्यक्ष कमलेश साहू एतहसील उपाध्यक्ष उमेश साहूए भूतपूर्व सैनिक सोमेश्वर भारती एमहान देहादानी शिवचरण साहू एश्रीमती संगीता साहूए श्रीमती सत्यभामा साहू एमदन कुमार सोनेवरा एवं समाज के वरिष्ठ नागरिकों ने माता कर्मा के बताए हुए मार्ग पर चलते हुए राष्ट्र विकास में सहभागी बनने हेतु समाज के लोगों को प्रेरित किया साथ ही इस अवसर पर संध्या सभी स्वजातीय अपने अपने घरों पर 5दृ5 जलाकर दीपक दीपोत्सव भी मनाया ।

जुआरियों से 2 लाख बरामद, 12 गिरफ्तार

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। बिलाईगढ़ जिले में पुलिस ने जुआ खेल रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए जुआरियों के पास 2 लाख 1 हजार 7 सौ 80 रुपए के साथ ताश जप्त किया गया है। मामला पूरा भटगांव सरसीवां थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि, पांच युवक झुमरिया पठार में जुआ खेल रहे हैं। तब पुलिस ने कार्रवाई कर ग्राम झुमरिया पठार के एक मकान में दबिश देकर जुआ खेल रहे ग्राम नगरदा निवासी शेषनारायण साहू, ग्राम कैथा निवासी महावीर साहू, जितेंद्र कुमार साहू, ग्राम मुड़पार निवासी बृजलाल रत्नेश, ग्राम भटगांव निवासी संतोष कुमार बघेल को गिरफ्तार कर लिया। इन आरोपियों के पास से 2 लाख 1 हजार रूपए के साथ 52 पत्ती ताश की जप्त की गई है।

पेंड्रा में भी 12 जुआरी पकड़े गए

उधर मरवाही पेंड्रा और गौरेला जिले पुलिस ने जंगल में जुआ खेल रहे 12 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। पकड़े गए आरोपियों के पास से 2 कार सहित 2 लाख 23 हजार रुपए नगद बरामद किए है। बताया जा रहा है कि, पकड़े गए आरोपियों में शहडोल, मनेंद्रगढ़, पेंड्रा अनूपपुर के नामी गिरामी से जुआरी शामिल हैं।

शिकायत मिली थी ~ एसपी

एसपी भावना गुप्ता ने बताया कि, मरवाही पेंड्रा और गौरेला के सीमावर्ती क्षेत्र के जंगलों में अंतरराज्यीय स्टार पर बड़े पैमाने पर जुआ खिलाए जाने की शिकायत मिली। इसके बाद पुलिस और साइबर टीम ने मिलकर जुआ खेल रहे ठिकानों पर दबिश देकर 12 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। पकड़े गए

गाथा श्री राम मंदिर की संगीतमय प्रस्तुति से भाटापारा नगरवासी हुए भावविभोर

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा-श्रीराम जन्मभूमि से जुड़े 500 वर्षों के इतिहास की गाथा की प्रस्तुति आदर्श रामलीला नाटक मंडली के सौजन्य से रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में दी गई। मुंबई से आए मोहित शिवानी,, कवि,बालीबुड लेखक सूत्रधार प्रबुद्ध सौरभ के हृदय बैंड ने 500 साल पहले आक्रांताओं द्वारा मंदिर तोड़े जाने और इसके बाद से शुरू श्री राम जन्म भूमि को मुक्त कराने के संघर्ष की गाथा को विस्तार से सुनाई। 75 मिनट की गाथा में अयोध्या में श्रीराम मंदिर के 2000 से अधिक वर्षों के इतिहास की संगीतमय प्रस्तुति हुई।

भाटापारा नगर में %गाथा श्रीराम मंदिर की% संगीतमय प्रस्तुति का ऐसा क्षण भी आया जब दर्शक भावविभोर हो गए। इस आयोजन में श्रीराम के जन्म, जीवन और जय की कथा के साथ ही अयोध्या और राम मंदिर के निर्माण की वृहद गाथा नगरवासियों ने सुनी। जो लव-कुश से शुरू होकर अयोध्या पर हुए हमलों, राजा विक्रमादित्य और माँ अहिल्याबाई होल्कर द्वारा मंदिर के जीर्णोद्धार, बैरागी साधुओं के संघर्ष, गर्भगृह से रामलला का निकाला जाना, गर्भगृह में रामलला का प्रकट होना, कार सेवा, कोठारी बन्धुओं के बलिदान, राजनीतिक उथल-पुथल से लेकर वर्तमान में मंदिर की भव्यता, दिव्यता को प्रस्तुत किया गया।

व्यापारी प्रकोष्ठों की बैठक आज कोंडागांव में

कोंडागांव/नवप्रदेश। कर प्रणाली को लेकरकोंडागांवएव्यसाय जगत के वरिष्ठ व्यसाइयो द्वारा केंद्र सरकार के व्यापारीयो के हित मे लिये गये निर्णयों के जानकारी देने के लिए प्रदेश के वरिष्ठ व्यापारियों के उपस्थिति में आज होटल राजहंस में बैठक रखी गई है।व्यापारियों के बैठक के सम्बंध में जानकारी देते नगर के वरिष्ट व्यापारी ओम प्रकाश ठावरी ने बताया कि कोंडागांव में आयकर एकर प्रणाली एवम जीएसटी के बारे में फैली भ्रांतियों के समाधान के विषय मे चर्चा की जाएगी ।इस बैठक में जिले से लगभग तीन सौ व्यापारी गण शामिल होने की संभावना है।इसके लिये तैयारी कर ली गई है ।यह बैठक व्यापारी प्रकोष्ट आर्थिक प्रकोष्ट एवम व्यसायिक प्रकोष्ट के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है ।

कारनामा

बोरियों में चावल की भर्ती भी बराबर नहीं

सरकारी राशन दुकानों में पहुंचने से पहले ही चावल की कालाबाजारी

कोंडागांव/नवप्रदेश।फोटो.02

जिले के ग्राम पंचायत की सरकारी राशन दुकानों में पहुंचने से पहले चावल की हेरा फेरी सरकारी चावल परिवहन ठेकेदार के कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा है कालाबाजारी चावल की कम मात्रा मिलने से दुकानदारों द्वारा चावल वितरण के दौरान चावल हितग्राहियों को बांटने के लिए कम पड़ रहाए कुछ हितग्राहियों को चावल मिल भी नहीं पाता। दुकानदार चावल कम मिलने की शिकायत अधिकारियों को करने के बाद भी सुधार नहीं होने कि बात कर रहे।वही कोंडागांव विकास खंड के अंतर्गत केंजग व् आदनार के सेल्स मेन निलधर राम सोरीए व् एसोहन नेतामए ने बताया कि पचास किलो कि भर्ती वाले चावल कि बोरियों में किसी में 41 ए46 तो किसी में 48 किलो चावल रहता है।कुछ बोरियां हाथ से सिलाई वाली में 42ए48रहता हैएवितरण के दौरान चावल हितग्राहियों को कम पड़ता है। जिसकी शिकायत के बाद भी अधिकारी ध्यान नहीं द रहे है। सरकारी राशन दुकानों में चावल कम मिलने की जानकारी मिलने के बाद पत्रकारों के दल ने मामले भी पड़ताल में 30 मार्च को वाहन का पीछा किया तो एग्राम झारा से गोलावंड जाने वाले रास्ते से लगे जंगल में चावल की बोरियां से भरा ट्रक से चावल की कुछ बोरियों को पिकअप वाहन में डाले जा रहे थे । पत्रकारों द्वारा घटना का वीडियो ग्राफी करने पर दोनों वाहनों के चालक ने मोबाइल छिनने का प्रयास किया। वाहन चालक ने अपना नाम सोमलाल बताते हुए राशन दुकान में चावल छोड़ने की रसीद जिसमें जयनारायण जायसवाल नागरिक आपूर्ति निगम परिवहन ठेकेदार अंकित था को दिखाते हुए कहा पिकअप वाले से सेटिंग था उसको चावल दिए हैं आपको जिसको बताना है बताओ ।

खरोरा के पार्षदों को मिली बड़ी जिम्मेदारी

खरोरा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बने व 400 पार के नारा के साथ में लोकसभा रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को भारी बहुमत से विजय श्री दिलाने का संकल्प लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जा रही है पार्षद तोरण ठाकुर को खरोरा भाजपा मंडल ने नगर खरोरा में बड़ी जिम्मेदारी प्रदान की नगर खरोरा में पिछले विधानसभा चुनाव में मिली जीत को लक्ष्य को और बड़ा करने का प्रारूप तैयार किया जा रहा है तोरण ठाकुर के साथ बड़ी जिम्मेदारी में पूर्णेन्द्र पाध्याय राहुल मरकाम साथ में प्रदीप वर्मा कमलेश बघेल को अलग से रणनीति तैयार करने के साथ भाजपा के कार्यकर्ताओं में कड़ी मेहनत और केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर ज्यादा से ज्यादा मतदान करने कासुझाव दें।

भारत ने मालदीव की मदद के लिए आवश्यक वस्तुओं के निर्यात को दी मंजूरी

नई दिल्ली। मालदीव के साथ पिछले कुछ समय से रिश्तों में खटास के बावजूद भारत ने सद्भावना के संकेत के रूप में पड़ोसी देश को चीनी, गेहूं, चावल, प्याज और अंडे सहित आवश्यक वस्तुओं के सीमित निर्यात की अनुमति दे दी।

मालदीव की नई सरकार के चीन की ओर झुकाव के बीच भारत ने घरेलू मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए इन खाद्य उत्पादों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था। हालाँकि, इसने मित्र देशों की सख्त जरूरत में मदद के लिए इन वस्तुओं के सीमित निर्यात के लिए एक खिड़की खुली रखी है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की अधिसूचना में मालदीव को 1,24,218 टन चावल; 1,09,162 टन गेहूं का आटा; 64,494 टन चीनी; 21,513 टन आलू; 35,749 टन प्याज और 42.75 करोड़ अंडे के निर्यात का प्रावधान है।

इसके अलावा, भारत ने निर्माण सामग्री के रूप में उपयोग किए जाने वाले पत्थर और नदी की रेत के 10-10 लाख टन के निर्यात की भी अनुमति दी है। अधिसूचना में कहा गया है कि मालदीव को इन वस्तुओं के निर्यात को 2024-25 के दौरान किसी भी मौजूदा या भविष्य के प्रतिबंध या निषेध से छूट दी जाएगी। मालदीव, जिसके वर्षों से भारत के साथ घनिष्ठ राजनयिक संबंध रहे हैं, अक्टूबर में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के सत्ता में आने के बाद से भारत से दूरी बनाने और चीन के करीब जाने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, मुइज्जू सरकार ने हाल ही में भारत से ऋण पुनर्भुगतान पर रियायतें मांगने की भी कोशिश की है, जो अपने बड़े पड़ोसी पर उसकी निर्भरता को दर्शाता है।

आरबीआई का बड़ा फैसला, अब यूपीआई से कैश डिपॉजिट मशीन में पैसे जमा कर सकेंगे ग्राहक

मुंबई। आरबीआई ने लेनदेन में सुविधा बढ़ाने के लिए ग्राहकों को यूपीआई के माध्यम से कैश डिपॉजिट मशीनों (सीडीएम) में पैसे जमा करने की अनुमति देने का फैसला किया है। सीडीएम के माध्यम से कैश जमा फिलहाल डेबिट कार्ड से हो रहा है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, एटीएम में यूपीआई का उपयोग कर बिना कार्ड के कैश निकालने के अनुभव को देखते हुए, अब यूपीआई का उपयोग कर सीडीएम में नकदी जमा करने की सुविधा भी प्रस्तावित है। यह उपाय ग्राहकों की सुविधा को और बढ़ाएगा और बैंकों में मुद्रा प्रबंधन प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राहकों के लिए चीजें आसान होने के अलावा, बैंकों को भी फायदा होगा। वे अभी अपने ब्रांच में कैश जमा करने में बहुत समय लगाते हैं।

रोल्स रॉयस ने शुरू किया एयरो इंजन पर्ल 10एक्स का उड़ान परीक्षण

नई दिल्ली। रोल्स-रॉयस ने कहा कि उसने व्यावसायिक विमानन बाजार के लिए अपने नवीनतम एयरो इंजन पर्ल 10एक्स के लिए कंपनी के समर्पित बोइंग 747 परीक्षण स्थल पर उड़ान परीक्षण अभियान सफलतापूर्वक शुरू कर दिया है। इंजन को फ्रांसीसी विमान निर्माता डसॉल्ट द्वारा विशेष रूप से अपने ब्रैंड न्यू फ्लैगशिप विमान फाल्कन 10एक्स को शक्ति देने के लिए चुना गया है।उड़ान परीक्षण की शुरुआत पर्ल 10एक्स कार्यक्रम और रोल्स-रॉयस के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह व्यापार विमानन बाजार में बढ़त पर केंद्रित है, जैसा कि पिछले साल के पूंजी बाजार दिवस में बताया गया था।पर्ल 10एक्स अत्याधुनिक पर्ल इंजन परिवार का सबसे नया सदस्य है और डसॉल्ट बिजनेस जेट को पावर देने वाला पहला रोल्स रॉयस इंजन है। फ्रांसीसी विमान निर्माता द्वारा अपने नए शीर्ष उत्पाद के लिए पर्ल 10एक्स का चयन व्यावसायिक विमानन में अग्रणी इंजन निर्माता के रूप में रोल्स-रॉयस की स्थिति का एक और प्रमाण है।अमेरिका में एरिजोना के टक्सन स्थित पायलट और उड़ान परीक्षण इंजीनियर आने वाले महीनों में परीक्षण करेंगे। उड़ान परीक्षण कार्यक्रम में विभिन्न गति और ऊंचाई पर इंजन के प्रदर्शन और हैंडलिंग जांच, इनफ्लाइट रिलेट्स, नैकेल के एंटी-आइसिंग सिस्टम के परीक्षण और विभिन्न ऊंचाई पर पंखे के कंपन परीक्षण शामिल होंगे। अब तक जमीनी स्तर पर विकास कार्यक्रम में नए अल्ट्रा-लो उत्सर्जन एएलएम कम्बस्टर का कठोर परीक्षण शामिल है, जो 100 फीसदी सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) और नए सहायक गियरबॉक्स के साथ है, जो ज्यादा पावर देता है। यह इंजन, जिसने पहले ही परीक्षण में अपने लक्ष्य थ्रस्ट स्तर को पार कर लिया, रोल्स-रॉयस पोर्टफोलियो में सबसे शक्तिशाली बिजनेस एविएशन इंजन होगा।

डसॉल्ट, बिजनेस एविएशन, रोल्स रॉयस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष फिलिप जेलर ने कहा, हम अपने उड़ान परीक्षण अभियान की शुरुआत के साथ इंजन विकास कार्यक्रम के इस महत्वपूर्ण अगले चरण में प्रवेश करने के लिए उत्साहित हैं। अब तक पूरे किए गए सभी परीक्षण इंजन की विश्वसनीयता की पुष्टि करते हैं और दिखाते हैं कि यह डसॉल्ट के फ्लैगशिप, फाल्कन 10एक्स को पावर देने के लिए प्रदर्शन जरूरतों को पूरा करेगा। कार्यक्रम तेजी से आगे बढ़ रहा है और एडवांस 2 डेमोंस्ट्रेटर और पर्ल 10एक्स इंजन कॉन्फिगरेशन दोनों पर 2,300 से अधिक परीक्षण घंटे सफलतापूर्वक जमा कर चुका है। पर्ल 10एक्स में एडवांस2 इंजन कोर है, जो व्यावसायिक विमानन क्षेत्र में उपलब्ध सबसे कुशल कोर है और इसे उच्च प्रदर्शन व कम दबाव वाले सिस्टम के साथ जोड़ता है, जिसके चलते 18,000आईबीएफ से ज्यादा का बेहतर थ्रस्ट होता है। रोल्स-रॉयस बिजनेस एविएशन इंजन की पिछली पीढ़ी की तुलना में पर्ल 10एक्स कम शोर और उत्सर्जन प्रदर्शन प्रदान करते हुए 5 फीसदी ज्यादा दक्षता प्रदान करता है। इसका परिणाम एक ऐसा इंजन है जो शक्ति और दक्षता में बाजार-अग्रणी है। यह ग्राहकों और ऑपरेटरों को प्रीमियम हवाईअड्डे तक पहुंच और अल्ट्रा-लॉन्ग-रेंज कनेक्शन उड़ान में सक्षम बनाएगा, साथ ही ध्वनि की गति के करीब यात्रा करने में भी सक्षम होगा।

क्राफ्टन इंडिया के सीईओ इंडियन डिजिटल गेमिंग सोसाइटी के वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त

नई दिल्ली। इंडियन डिजिटल गेमिंग सोसाइटी (आईडीजीएस) ने बीजीएमआई डेवलपर क्राफ्टन इंडिया के सीईओ सीन ह्यूनिल सोहन को अपना नया वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त किया है। आईडीजीएस ने शुक्रवार को कहा, वीपी के रूप में सोहन भारत में डिजिटल गेमिंग के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वह गेमिंग पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर समावेशिता, विविधता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाली पहलों को चलाने अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाएंगे।

सीन ह्यूनिल सोहन ने कहा, यह भूमिका भारत में गेमिंग उद्योग के विकास में योगदान करने का एक जबरदस्त अवसर प्रस्तुत करती है। मैं इनोवेशन, समावेशिता को बढ़ावा देने और भारत में गेमिंग इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने के लिए उद्योग हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। वह उन नीतियों की वकालत करने के लिए हितधारकों के साथ मिलकर काम करेंगे जो गेमिंग उद्योग की निरंतर वृद्धि का समर्थन करती हैं और इसके सामाजिक प्रभाव को बढ़ाती हैं।

आईडीजीएस के प्रेसिडेंट राजन नवानी ने कहा, स्ट्रांग बैकग्राउंड और नेतृत्व के ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, सोहन गेमिंग उद्योग में एक अत्यधिक सम्मानित व्यक्ति हैं। उद्योग जगत का उनका अनुभव, उनकी असाधारण नेतृत्व क्षमताओं के साथ, निस्संदेह समाज की निरंतर सफलता के पीछे एक प्रेरक शक्ति होगी। आईडीजीएस का प्राथमिक लक्ष्य गेमिंग इकोसिस्टम के हितधारकों को एक साथ लाकर सहयोग, वकालत और इनोवेशन के लिए एक मंच प्रदान करना है।

भारत में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त ने की अदाणी के साथ भविष्य के सहयोग पर चर्चा

नई दिल्ली । भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने कहा कि उन्होंने अदाणी समूह के संस्थापक अध्यक्ष गौतम अदाणी से मुलाकात की और मौजूदा निवेश के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा तथा महत्वपूर्ण खनिज जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भविष्य के सहयोग पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

ऑस्ट्रेलियाई दूत ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने अदाणी समूह के अध्यक्ष के साथ एक विस्तारित बैठक की। ग्रीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, मैंने आज चेयरमैन गौतम अदाणी के साथ एक विस्तारित बैठक की, जिसमें ऑस्ट्रेलिया में उनके मौजूदा निवेश और नवीकरणीय (ऊर्जा), महत्वपूर्ण खनिजों तथा छत पर सौर ऊर्जा में भविष्य के सहयोग पर चर्चा हुई। अदाणी ऑस्ट्रेलिया एबॉट प्वाइंट टर्मिनल पर मालिकाना हक रखता है और उसका संचालन करता है जो

35 साल से अधिक समय से जिम्मेदारी से क्वींसलैंड कोयले का निर्यात कर रहा है। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, यह बंदरगाह प्राकृतिक गहरे पानी के साथ एक आधुनिक, उच्च मात्रा और तेज़ टर्नअराउंड वाला बंदरगाह परिसर है। यह मल्टी-यूजर बंदरगाह सुविधा वर्तमान में पांच करोड़ टन प्रति वर्ष तक थ्रूपुट की क्षमता रखता है। मोरनबाह के पास अदाणी रिन्यूएबल्स ऑस्ट्रेलिया का पहला सोलर फार्म 'रग्बी रन' आधिकारिक तौर पर अक्टूबर 2019 में खोला गया था, जो क्वींसलैंड के लगभग 23 हजार घरों को बिजली देने के लिए 65 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा की आपूर्ति करता है। कंपनी के अनुसार, परियोजना के तहत दो लाख 47 हजार से अधिक सौर पैनल स्थापित किए गए हैं, जो सालाना एक लाख 85 हजार मेगावाट बिजली पैदा करते हैं। अदाणी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड एक ऑस्ट्रेलियाई खनन कंपनी है जो क्षेत्रीय क्वींसलैंड से संचालित होती है। अदाणी माइनिंग द्वारा विकसित प्रमुख परियोजना कारमाइकल खदान और रेल परियोजना है। कारमाइकल प्रोजेक्ट एक थर्मल कोयला खदान तथा रेल परियोजना है, जो गैलिली बेसिन से भारत सहित एशियाई देशों में कोयला निर्यात करेगी, जिससे इस प्रक्रिया में क्वींसलैंड के लोगों को हजारों नौकरियां मिलेंगी।

स्विगी इंस्टामार्ट के उपाध्यक्ष और एससीएम के प्रमुख करण अरोड़ा ने छोड़ी कंपनी

नई दिल्ली। स्विगी इंस्टामार्ट के उपाध्यक्ष और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन (एससीएम) के प्रमुख करण अरोड़ा ने कंपनी छोड़ने की घोषणा की। उन्होंने यह कदम कंपनी के साथ साढ़े तीन साल के कार्यकाल के बाद उठाया। इसी के साथ, अरोड़ा उन वीपी (उपाध्यक्ष) और वरिष्ठ उपाध्यक्षों (एसवीपी) की बढ़ती सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने पिछले साल स्विगी छोड़ दी थी। अरोड़ा ने एक लिंक्डइन पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा, स्विगी इंस्टामार्ट के निर्माण के 3.5 साल बाद मेरी यह रोमांचक यात्रा समाप्त हो गई। मुझे उस चीज़ से जुड़ने पर बेहद गर्व महसूस हो रहा है, जिसने उपभोक्ताओं के बीच इतना प्यार पैदा किया है। मेरा मानना है कि ई-कॉमर्स हमें विकास के लिए एक गैर-रेखीय मंच प्रदान करता है, लेकिन मैंने यह भी सीखा है कि इस क्षेत्र में व्यवधान और भी तेज हो सकते हैं।अप्रैल 2023 में इंस्टामार्ट के पूर्व मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) डेल वाज ने अपना उद्यम शुरू करने के लिए पद छोड़ दिया था। मई में कंपनी के वीपी और ब्रांड और उत्पाद विपणन प्रमुख आशीष लिंगमनेनी भी छोड़कर चले गए थे। करण अरोड़ा के जाने पर स्विगी के प्रवक्ता ने आईएएनएस को बताया, स्विगी के साथ अपने 3.5 साल से अधिक के कार्यकाल के दौरान करण अरोड़ा ने स्विगी इंस्टामार्ट के निर्माण में मदद की है। वह अपनी उद्यमशीलता यात्रा शुरू कर रहे हैं, हम स्विगी टीम की ओर से अपनी शुभकामनाएं और उन्हें पूर्ण समर्थन देते हैं। स्विगी छोड़ने वाले अन्य शीर्ष अधिकारियों में अनुज राठी, सिद्धार्थ सत्पथी और कार्तिक गुरुमूर्ति भी शामिल हैं।

खेल, मनोरंजन

पाकिस्तान-न्यूजीलैंड टी-20 सीरीज का पहला मैच 18 को

स्पोर्ट्स डेस्क/नवप्रदेश। ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज में न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे। ब्रेसवेल पिछले साल चोटिल होने के बाद इस सीरीज से इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी करेंगे। ब्रेसवेल ने पिछले साल मार्च से न्यूजीलैंड के लिए एक भी मैच नहीं खेला है। ब्रैसवेल पहली बार कीवी टीम की कमान संभालेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। स्क्वॉड में अनकैप्ड प्लेयर टिम रॉबिन्सन को भी शामिल किया गया है। उन्हें इस सीरीज में न्यूजीलैंड की ओर से टी-20 इंटरनेशनल डेब्यू करने का मौका मिल सकता है। विल ओ रुर्के को पहली बार टी-20 स्क्वॉड में जगह मिली है। हालांकि, रुर्के टेस्ट और वनडे डेब्यू कर चुके हैं। माइकल ब्रेसवेल

(कप्तान), फिन एलेन, मार्क चापमन, जोश क्लार्कसन, जैकब डफी, डीन फोक्सक्रॉफ्ट, बेन लिस्टर, कोल मैकोनकी, एडम मिलने, जिमी नीशम, विल ओ रुर्के, टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, टिम सायफर्ट और ईश सोढ़ी। न्यूजीलैंड को अपने कई खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिलेंगी। ट्रेंट बोल्ट, डेवोन कॉन्वे, लोकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिचेल सैंटनर और केन विलियमसन आईपीएल में व्यस्त हैं। विल यंग (नॉटिंघमशायर के साथ अनुबंध), टॉम लैथम (ब्रेक पर), टिम साउदी और कॉलिन मनरो (कंडीशनिंग) भी सिलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं थे।

13 साल पहले, मेरा बचपन का सपना हकीकत में बदल गया: सचिन

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय लीजेंड क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने 2011 वनडे विश्व कप की 13वीं वर्षगांठ पर जीत को याद किया। क्योंकि मैन इन ब्लू ने 1983 में अपनी पहली जीत के बाद 28 साल के इंतजार को समाप्त करते हुए अपना दूसरा विश्व कप खिताब जीता था। इस दिन 2011 में, भारत ने गौतम गंभीर और तत्कालीन कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की दो शानदार पारियों की बदौलत मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में घरेलू दर्शकों के सामने शोपीस इवेंट जीता था। उन्होंने 2011 विश्व कप ट्रॉफी के पल की एक तस्वीर साझा करते सोशल मीडिया पर लिखा, 13 साल पहले, मेरा बचपन का सपना हकीकत में बदल गया। यादों, टीम और एक अरब से अधिक लोगों के अविश्वसनीय समर्थन के लिए हमेशा आभारी रहूंगा।

आयुष शर्मा की फिल्म रुस्लान का ट्रेलर जारी

सलमान खान के बहनोई और एक्टर आयुष शर्मा अपनी मोस्ट अवेटेड एक्शन फिल्म रुस्लान को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं. काफी समय से फैंस उनकी इस फिल्म के आने का इंतजार कर रहे हैं. इसी बीच फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसको खूब पसंद किया जा रहा है. इतना ही नहीं, फिल्म के ट्रेलर सलमान खान भी जमकर तारीफ कर रहे हैं. वहीं, इस ट्रेलर के रिलीज के बाद फैंस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। करण ललित बुटानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में आयुष शर्मा के साथ सुश्री मिश्रा नजर आने वाली हैं. दोनों पहली बार एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं. इतना ही नहीं, इस फिल्म से सुश्री बॉलीवुड में अपना डेब्यू देने जा रही हैं. वहीं, अगर बात रुस्लान के ट्रेलर की करें तो एक्शन से भरपूर ट्रेलर में आयुष शर्मा का जबरदस्त एक्शन और लुक देखने को मिल रहा है, जिसको खूब पसंद किया जा रहा है. साथ ही फिल्म में रोमांस का तड़का भी देखने को मिल रहा है।

इस ट्रेलर को आयुष शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसके साथ एक्टर ने एक शानदार सा कैप्शन में भी डाला है. आयुष शर्मा ने ट्रेलर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, जिसकी हिम्मत और जोश देखने का आपको इंतजार था, वो आ गया है स रुस्लान ट्रेलर अभी रिलीज हुआ। 26 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में दहाड़ेगा. एनएच स्टूडियोज द्वारा वर्ल्ड वाइड रिलीज! म्यूजिक और एक्शन से भरपूर इस फिल्म को लेकर आयुष के फैंस भी इसी रिलीज का वेट कर रहे हैं।

इतना ही नहीं, अपने जीजा आयुष शर्मा की अपकमिंग फिल्म रुस्लान का ट्रेलर सामने आने के बाद सलमान खान ने भी जमकर तारीफ की. सलमान ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म का ट्रेलर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा, आयुष रुस्लान में आपकी कड़ी मेहनत, प्रयास और समर्पण को देख सकता हूं. चाहे कुछ भी हो, बस अपना बेस्ट देते रहो. कड़ी मेहनत हमेशा रंग लाएगी. भगवान आपको आशीर्वाद दें. बहुत शुभकामनाएं. उनके इस पोस्ट को भी बेहद पसंद किया जा रहा है।

दिल्ली कैपिटल्स में रिकी पोंटिंग के लिए कुछ चुनौतीपूर्ण वर्ष रहे हैं : शेन वॉटसन

नई दिल्ली। रिकी पोंटिंग के लिए सब कुछ आसान नहीं रहा है, जो 2018 से दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच हैं। हालांकि डीसी 2020 में फाइनल में पहुंचे और 2019 और 2021 संस्करणों के प्लेऑफ में जगह बनाई। लेकिन फ्रैंचाइज़ी बाद के सीज़न में नॉकआउट में प्रवेश नहीं कर पाई है। इस बार, डीसी नौवें स्थान पर है और उसके पास दिखाने के लिए सिर्फ चेन्नई सुपर किंग्स पर जीत है।

.मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले से पहले, पोंटिंग के पूर्व ऑस्ट्रेलियाई साथी शेन वॉटसन, जिन्होंने 2022 और 2023 सीज़न में डीसी के सहायक कोच के रूप में काम किया था, ने स्वीकार किया कि पिछले कुछ वर्षों में पोंटिंग के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण समय रहा है, लेकिन उन्होंने पोंटिंग का समर्थन किया कि वह हालात को बदल सकते हैं। निश्चित रूप से दिल्ली कैपिटल्स में रिकी पोंटिंग के लिए कुछ चुनौतीपूर्ण वर्ष रहे हैं। लेकिन मुझे यकीन नहीं है कि यह वहां उनका आखिरी साल होगा। कोचिंग के नजरिए से एक बात जो मैं जानता हूं वह यह है कि यदि आपकी टीम कुछ वर्षों में अच्छा प्रदर्शन नहीं करती है, तो मुख्य कोच इस भूमिका से हटाए जाने वाले पहले व्यक्ति होंगे। रिकी को दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपने समय की शुरुआत में सफलता मिली है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह अधिक चुनौतीपूर्ण समय रहा है। लेकिन यह केवल टूर्नामेंट की शुरुआत है। दिल्ली कैपिटल्स ने सीएसके के खिलाफ अद्भुत प्रदर्शन किया। उन्होंने यथासंभव अच्छा क्रिकेट खेला। दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे बड़ी चुनौती इस पूरे टूर्नामेंट में इसे लगातार दोहराने में सक्षम होना है। ऐसा कोई कारण नहीं है कि वे ऐसा क्यों नहीं कर सकते, और रिकी पोंटिंग सबसे अच्छे लीडर्स में से एक हैं, और वह निश्चित रूप से ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में और उसके आसपास के सबसे अच्छे लीडर थे, जिसमें मैं शामिल था। उन्होंने उस समय के दौरान मेरे बढ़ाया जब उन्होंने मेरी कप्तानी की। मेरे करियर के एक बड़े हिस्से में वह एक प्रेरणादायक लीडर रहे हैं और दिल्ली कैपिटल्स में भी वह काफी हद तक ऐसे ही रहे हैं। ब्रॉडकास्टर्स जियोसिनेमा के आईपीएल विशेषज्ञ वॉटसन ने एक चुनिंदा वर्चुअल मीडिया इंटरेक्शन में कहा,लेकिन अंत में, वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए बल्लेबाजी या गेंदबाजी नहीं कर सकता। जब टीम जीत नहीं रही हो तो मुख्य कोच माइक्रोस्कोप के नीचे आने वाला पहला व्यक्ति होता है। मुझे पता है कि वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए से श्रेष्ठ प्रदर्शन कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और उम्मीद है कि वे तालिका

वोज्नियाकी, अनिसिमोवा विजेता वॉलिनेट्स ने 2024 का सबसे लंबा मैच जीता

चार्ल्सटन। पूर्व विश्व नंबर 1 और 2018 ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता कैरोलिन वोज्नियाकी ने चार्ल्सटन ओपन में विजयी वापसी करते हुए लकी लूजर अमेरिका की मेकार्टनी केसलर को केवल 61 मिनट में 6-0, 6-1 से हरा दिया। वोज्नियाकी की 2019 में चार्ल्सटन में अपनी सबसे हालिया उपस्थिति के बाद से क्ले कोर्ट पर यह पहली जीत थी, जब वह अब तक अपने तीन फाइनल में से तीसरे में पहुंची थी। वोज्नियाकी, जो 2019 में लोकंट्री में अपनी सबसे हालिया उपस्थिति में उपविजेता रही थीं, 2023 के मध्य में खेल में लौटने से पहले 2020 की शुरुआत में टेनिस से दूर हो गई थीं। दूसरे दौर में, वोज्नियाकी अब नंबर 15 वरीयता प्राप्त एन्हेलिना कलिनिना के खिलाफ खेलेंगी, जिसके खिलाफ वह मियामी के उसी चरण में मैच प्वाइंट से यूक्रेनी को बाहर करने में विफल रही, कलिनिना टूर-स्तर पर चौथी सबसे लम्बी जीत 5-7, 7-5, 6-4 से हासिल करने में सफल रही। पूर्व चार्ल्सटन सेमीफाइनलिस्टों के बीच हुए मुकाबले में अनिसिमोवा ने फ्रांस की एलिजे कॉर्नेट को 1 घंटे 25 मिनट में 6-3, 6-0 से हराया।

महानायिका सुचित्रा के दिलीप कुमार भी थे फैन

हिंदी सिनेमा में नायिका तो कई हैं, लेकिन इतिहास में आज भी महानायिका का दर्जा सिर्फ और सिर्फ सुचित्रा सेन को दिया जाता है। सुचित्रा की खूबसूरती, अदाकारी और आंखों की तारीफें दिलीप कुमार, बिमल दा जैसे आला कलाकार भी किया करते थे, यही वजह रही कि उन्हें स्क्रीन गॉडेस यानी पर्दे की देवी कहा जाता था। सुचित्रा बेहद स्वाभिमानी थीं। शोमैन राज कपूर की फिल्में करना कई एक्ट्रेसेस का सपना हुआ करता था, लेकिन एक दौर वो भी रहा जब राज कपूर जैसी शख्सियत उन्हें फिल्म में लेने के लिए उनके कदमों पर आ बैठी थी। सुचित्रा ने ये कहते हुए उनकी फिल्म ठुकरा दी कि उन्हें राज कपूर का अंदाज पसंद नहीं आया। सुचित्रा सेन कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ रही थीं, जबकि उनका स्टारडम उनकी शादीशुदा जिंदगी बर्बाद होने का कारण बन गया। फिर एक समय ऐसा भी आया जब सिर्फ एक फिल्म फ्लॉप होने के सदमे में उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री और लोगों से राब्ता खत्म कर दिया। दुनिया से छिपने के लिए वे 36 साल तक एक कमरे में कैद होकर रहीं। दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड दिया जाना था, लेकिन सुचित्रा अपने कमरे से निकलने को राजी नहीं हुईं और अवॉर्ड ठुकरा दिया। उनकी आखिरी इच्छा भी यही रही कि उन्हें दुनिया की नजरों से छिपाकर अंतिम विदाई दी जाए, जिससे कोई उनका चेहरा न देख सके। आज अनसुनी दास्तान में 4 चैप्टर्स में पढ़िए सुचित्रा सेन के हुनर, खूबसूरती, स्वाभिमान और दुनिया से छिपकर रहने की परत-दर-परत कहानी- सुचित्रा सेन का जन्म 6 अप्रैल 1931 को बंगाल के सिराजगंज के पास स्थित भांगा बारी गांव (अब ये गांव बांग्लादेश में आता है) में हुआ था। उनके पिता कोरुणामॉय दासगुप्ता, पभा म्युनिसिपल के सैनिटरी इंस्पेक्टर थे, जबकि उनकी मां इंदिरा देवी एक गृहिणी थीं।



अखबार बांटने वाले का राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयन

■ जज्बे को सलाम गरीबी के बावजूद मेहनत व लगन से बास्केटबाल में दिखाएगा जौहर

अंबिकापुर/नवप्रदेश। हर सुबह अखबार बांटकर पूरे दिन पिता के साथ फल दुकान में काम कर शाम को अभ्यास करने वाले गरीब परिवार के विक्की भगत का चयन राष्ट्रीय बास्केटबाल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। इसके साथ ही श्रेया दास का भी चयन स्पर्धा के लिए हुआ है। गौरतलब है कि सरगुजा जिले से छत्तीसगढ़ युथ बास्केटबाल टीम में बालक वर्ग में विक्की भगत और बालिका वर्ग में कु. श्रेया दास का चयन 38 वीं राष्ट्रीय युथ बास्केटबाल चैंपियनशिप स्पर्धा पांडिचेरी, तमिलनाडु के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 9 से 15 अप्रैल तक आयोजित होगी। सरगुजा संभाग से

बास्केटबाल खेल में ओपन चैंपियनशिप में चयन होना ही अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। इस संबंध में राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि यह दोनों बच्चे विगत कई वर्षों से गांधी स्टेडियम के बास्केटबाल ग्राउंड में अभ्यास करते आ रहे हैं और दोनों ही मेहनती खिलाड़ी हैं।

राष्ट्रीय कोच ने बताया विक्की भगत गरीब परिवार से है, विक्की भगत सुबह अखबार बांटता है। उसके बाद अभ्यास करता है। दिन के बाकी समय अपने पिता के साथ फल ठेले पर फल बेचता है। उसके बाद फिर शाम को बास्केटबाल का अभ्यास करता है। विक्की भगत के मेहनत को सलाम करता हूँ। इन दोनों खिलाड़ियों का राष्ट्रीय युथ चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए चयन होने पर सभी ने बधाई देते हुए खेल में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी है।

न्यूज़ गैलरी

फर्जी ऋण पुस्तिका पेश की धोखाधड़ी का मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। जमानत के लिए फर्जी ऋण पुस्तिका पेश करने वाला युवक के खिलाफसिविल लाइन पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मुकेश नेताम 26 वर्ष जिला न्यायालय में भृत्य के पद पर कार्यरत है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी जेठूराम इरहिर ने न्यायीक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी डी.पी.सिंह डांगी के न्यायालय में जमानत के लिये फर्जी ऋण पुस्तिका पेश किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफधोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

निर्माणाधीन मकान से हजारों रुपए के सामान पार

रायपुर/नवप्रदेश। वृंदावन कालोनी खम्हारडीह स्थित निर्माणाधीन मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आशीष आसाटी 35 वर्ष वृंदावन कालोनी खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने 22 से 23 मार्च के दरम्यानी प्रार्थी के निर्माणाधीन मकान का ताला तोड़कर कमरे के अंदर प्रवेश किया और ग्राइंडर, ड्रील, हेम्बर मशीन को पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अस्पताल परिसर से कैदी फरार

रायपुर/नवप्रदेश। मेकाहारा अस्पताल के कैंसर सर्जरी विभाग से एक कैदी हथकड़ी सहित फरार हो गया। मामले में मौदहापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रिंस सोनी केंद्रीय जेल जगदलपुर में प्रहरी है। बताया जाता है कि सजायाबी कैदी आरोपी संजय सिंह 40 वर्ष कैंसर बीमारी से पीड़ित है। जिसे प्रार्थी ने इलाज करवाने के लिए मेकाहारा अस्पताल के कैंसर सर्जरी विभाग में लाया था। जहां आरोपी संजय सिंह ने पुलिस को चकमा देकर हथकड़ी सहित फरार हो गया। प्रार्थी ने इसकी शिकायत मौदहापारा थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 224 के तहत अपराध दर्ज कर पतासाजी कर रही है।

घर के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। जयस्तंभ चौक लोधीपारा में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सैलेन्द्र इंगले 55 वर्ष जयहिंद चौक लोधीपारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीआर 0743 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 8 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

6 सटोरिए चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। सरस्वती नगर और मौदहापारा पुलिस के टीम ने आईपीएल क्रिकेट मैच का सट्टा खिलाते 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लेपटाप, 8 नग मोबाइल और सट्टा-पट्टी जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इतवारी बाजार चौक कोटा में दबिश देकर आईपीएल मैच में सट्टा खिलाते आरोपी आशु शर्मा 31 वर्ष व मुकेश राव 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 1 नग लेपटॉप, टीवी, 6 नग मोबाईल जब्त किया है। वहीं मौदहापारा पुलिस ने आदित्य होटल के पास ऑनलाइन सट्टा खिलाते आरोपी अभिषेक गोयल 28 वर्ष, पियूष जैन, आसु गुप्ता व अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से 2 नग मोबाइल, नकदी 1100 रुपए और सट्टा-पट्टी जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफजुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते 24 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर पुलिस ने साइंस कॉलेज मैदान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी सुनील जेठानन 29 वर्ष, अंकीत पाठक 31 वर्ष व हरीश बेहरा 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं कोतवाली पुलिस ने आरोपी सैलेश जैस 47 वर्ष, अतीक शर्मा 37 वर्ष, पवन अग्रवाल 59 वर्ष व अनुपम जाधव 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

फाइनेंस कंपनी के गुर्गों ने किसान का ट्रैक्टर किया सीज

उपभोक्ता आयोग ने माना ग्राहक के साथ ज्यादती

■ कोरोना काल में किसान नहीं पटा पाया किस्त

■ ट्रैक्टर की जप्ती अवैध, लौटाने और क्षतिपूर्ति का आदेश

कांकेर/नवप्रदेश। अधिकतर फाइनेंस कंपनियों द्वारा अपने उपभोक्ताओं को कर्ज तो आराम से दे दिया जाता है लेकिन वसूली जालिम जमींदारी तरीके से की जाती है। यहां तक कि नियम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए वाहनों को खींचकर ले जाया जाता है और बेच भी दिया जाता है। ऐसे ही एक मामले में जिला कांकेर उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की अध्यक्ष श्रीमती सुजाता जसवाल तथा सदस्य डाकेश्वर सोनी द्वारा पीड़ित उपभोक्ता मानकराम मंडावी ग्राम किशनपुरी तहसील नरहरपुर निवासी को न्याय दिलाया गया है। प्रकरण इस प्रकार है कि मानक राम मंडावी ने 31 अगस्त 2017 को महिंद्रा ट्रैक्टर कीमत रुपए 7 लाख में से 1,80,000 रुपए नगद भुगतान कर शेष रकम को उक्त वाहन के बंधक पर 5,20,000 फाइनेंस चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी से लिया था। निर्धारित 10 किस्तों में से सात उसने कंपनी को चुका भी दिया। लेकिन कोरोना संक्रमण काल के कारण बाकी तीन किस्तें चुकाने में देर होती गई। नियमानुसार 28 जुलाई 2022 तक किस्त अदा करने का समय था। उसके बावजूद समय से पहले ही 12 दिसंबर 2021 को चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी वालों ने उक्त ट्रैक्टर को जबरन गाली गलौज धक्का मुक्की मारपीट करके खींचकर अपने आधिपत्य में रख लिया और इस विषय में ना कोई नोटिस दिया गया और ना बाद में कोई ज़ब्ती का प्रमाण पत्र दिया। यह सब प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध है। यही नहीं, सुनने में आया कि उन्होंने ट्रैक्टर किसी अन्य पार्टी को दे भी दिया है।

फरियादी ने रजिस्टर्ड नोटिस भेजा, जिसका कोई जवाब देना चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी ने आवश्यक नहीं समझा बल्कि शेष रकम की वसूली के लिए लगातार नोटिस फरियादी को देते आ रहे हैं। ट्रैक्टर के मूल समस्त कागजात भी कंपनी के ही पास हैं। परेशान फरियादी ने उपभोक्ता आयोग कांकेर में धारा 35 के तहत शिकायत पत्र पेश किया तथा अन्य आवश्यक कागज़ पत्र भी पेश किया। संपूर्ण मामले पर गहन विचार विमर्श के पश्चात उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने माना कि उपभोक्ता के साथ अन्याय हुआ है और आयोग ने एक महत्वपूर्ण फैसले में आदेश दे दिया कि फाइनेंस कंपनी ट्रैक्टर तथा उसके मूल दस्तावेज वापस करें अथवा कुल राशि 7 लाख रुपए आदेश दिनांक से एक माह के भीतर संपूर्ण रकम अदायगी तक 7% वार्षिक ब्याज भी अदा करें। इसमें विलंब होने पर ब्याज की दर 9% कर दी जाएगी। फरियादी को ट्रैक्टर जब्त होने के कारण कृषि कार्य में हुई आर्थिक क्षति हेतु ?20,000 की राशि एक माह के अंदर प्रदान करें। इसके अलावा मानसिक पीड़ा एवं परेशानी के संबंध में क्षतिपूर्ति राशि ?10,000 भी प्रदान करें एवं मुकदमें का हरजा खर्चा ?5000/ भी प्रदान करें।

रिटायर्ड पीआरओ के घर से लाखों का माल पार

दुर्ग/नवप्रदेश। सुपेला थाना क्षेत्र में निवासरत एक सेवानिवृत्त अधिकारी के सूने मकान में अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात सहित नगदी 2 लाख पार कर दिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी अशोक पहाड़िया जनसंपर्क विभाग में जनसंपर्क अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं और वर्तमान में अपने सुहेला स्थित निवास में रहते थे। प्रार्थी पंकज पाटनी ने मामले की शिकायत सुपेला थाने में दर्ज कराई है। उसने बताया कि अशोक पहाड़िया उसके ससुर हैं। वो पूरे परिवार को साथ 11 मार्च को विदेश गए हुए है। इस दौरान उनके सुपेला स्थित मकान में ताला लगा हुआ है। घर की देखरेख के लिए उन्होंने नरेश नाम के एक युवक को चौकीदारी के लिए रखा हुआ है। नरेश को चौकीदारी पर अशोक पहाड़िया के दोस्त कन्हैया साहू के द्वारा रखा गया है। पंकज ने बताया कि नरेश रोज की तरह 4 अप्रैल की रात 9.30 बजे चौकीदारी के लिए जब अशोक पहाड़िया के घर पहुंचा तो देखा कि घर के सामने के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है।

61 मामलों में 21700 रुपए का जुर्माना

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा निर्वाचन निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिये पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है की अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने, शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने तथा कानून- व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया था। जिसके तहत् थाना बसंतपुर, डोंगरगढ़ एवं थाना यातायात पुलिस द्वारा आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो के कुल 61 प्रकरण में 21700/-रूपये समंस शुल्क कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर यातायात नियमों का पालन करने हेतु लोगों को जागरूक भी किया गया। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

अतिक्रमणकारियों के हौसले ऐसे बुलंद कि कलेक्ट्रेट परिसर को ही घेर लिया

■ शिकायत पर राजस्व और नगर पालिका अमले ने तोड़ा बाउंड्रीवाल

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में भूमि अतिक्रमण करने का एक अजीबो-गरीब और हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दरअसल आंवराभाटा में स्थित विशाल एवं भव्य कलेक्ट्रेट परिसर में दिन दहाड़े कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य सड़क से लगे बाउण्ड्रीवाल के बीच थोड़ी सी खाली पड़ी जगह पर किसी ने ईंट सीमेंट से 7 फीट उंची दीवार खड़ी कर ली और किसी को भी इसको खबर नहीं लग पाई। किसी शख्श की नजर इस पर पड़ी और उन्होंने कलेक्ट्रेट के शिकायत शाखा के व्हाटसअप नंबर पर शिकायतनामा दर्ज कराया तब कहीं जाकर प्रशासन की नींद टूटी और दूसरे ही दिन राजस्व एवं पालिका अमला ने जेसीबी के माध्यम से अवैध दीवार को मौकाए स्थल पर जाकर ढहा दिया। अब सवाल यह कि कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाउण्ड्रीवाल की खाली पड़ी जगह पर आखिर किसने अवैध अतिक्रमण करने की हिमाकत की? किसकी इतनी हिम्मत हुई हर कोई यह जानने को बेकरार है। कार्यवाई करने वाले राजस्व अमले से जब इस संबंध में पूछा गया तो उन्होंने केवल इतना ही कहा कि अतिक्रमण की जानकारी मिली थी जिस पर कारवाई कर अतिक्रमित भूमि को मुक्त किया गया है ईट की दीवार किसने उठाई? सड़क पर रेत कौन लाकर रखा है इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। वहीं मगर अधिकारी यह उल्लेख करने में परहेज करते रहे कि आखिर जानबूझकर बताना नहीं चाह रहे और अतिक्रमणकारी को बचाने की कोशिश की जा रही है यह तो हम नहीं कह सकते मगर हमारे सूत्रों से जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक कलेक्ट्रेट कार्यालय में ही पदस्थ प्रोटोकॉल (सत्कार विभाग) देखने वाला एक सरकारी कर्मचारी द्वारा इस अवैध निर्माण को अंजाम दिया जा रहा था इस बात में कितनी सच्चाई है इसे अभी पुख्ता तौर पर तो कहा नहीं जा सकता। अगर प्रशासन इस मामले की संजीदगी से जांच करवाता है तो निश्चित तौर पर अतिक्रमणकारी का नाम सामने आ सकता है।

हादसा

बाइक सवार मामा-भांजे को बस ने रौंदा

कटघोरा/नवप्रदेश। अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 में एक तेज रफ्तार यात्री बस ने बाइक सवार मामा-भांजे को रौंद दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पाली थाना क्षेत्र के रंगोले चौक पास यह घटना हुई है। तेज रफ्तार रॉयल बस ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि दोनों मृतक दुर्गेश यादव और अजय कुमार यादव रिश्ते में मामा-भांजा थे जो ग्राम करतली में रहने वाले थे। दोनों बाइक सीजी-12एआर-8962 से घर लौट रहे थे। इस बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर रंगोले चौक को पार करने के दौरान तेज रफ्तार बस ने बाइक को ठोकर मार दिया। हादसे पर बस की रफ्तार इतनी अधिक थी कि ठोकर के बाद बाइक बस के चक्के में फंस गई और बस बाइक को कुछ दूर तक घसीटती ले गई। इसके बाद बस आगे नहीं बढ़ सकी। वहीं चालक घटना स्थल से फरार हो गया। फिलहाल, मामले में पुलिस बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

बस से टकराई बाइक सवार दो लोगों की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। छुट्टी कार्यक्रम से लौटते समय बाइक सवार हादसे का शिकार हो गए। विपरीत दिशा से आ रही बस से उनकी बाइक की सीधी टक्कर हो गई। इससे मौके पर दोनों की मौत हो गई। घटना से गांव में शोक का वातावरण व्याप्त है। सड़क पर दोनों के शव इधर उधर पड़े रहे।

पाली थाना अंतर्गत चैतमा चौकी क्षेत्र के ग्राम करतली और चैतमा निवासी दुर्देशी यादव 40 वर्ष अपने भांजा ग्राम करतली निवासी अजय यादव 22 वर्ष के साथ बाइक में शुक्रवार दोपहर करतली से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इस बीच रायपुर से अंबिकापुर की ओर जा रही रायल बस सर्विस की बस से राष्ट्रीय राजमार्ग में हथखोजा जंगल के पास बाइक की सीधी टक्कर हो गई। बस की टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर ही इधर उधर बिखर गए और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर लोगों की भीड़ भी इकट्ठा हो गई। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। चूंकि दोनों का शव सड़क पर पड़ा था, इसलिए मार्ग में अघोषित चक्काजाम हो गया था। लोगों की भीड़ बढ़ने के बाद आक्रोशित लोगों ने मौके पर चक्का जाम कर दिया। जानकारी मिलने पर स्थल पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी, पाली थाना प्रभारी व पुलिस बल ने आक्रोशित लोगों को समझाइश दी और चक्काजाम समाप्त कराया। वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मां के साथ सड़क पार कर रहे बच्चे की कार से कुचलकर मौत

कोरबा/नवप्रदेश। कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 पर मोरगा बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे सात साल के बच्चे को ठोकर मार दिया। घटना के बाद बच्चे को लेकर स्वजन पोड़ी उपरोड़ा के अस्पताल पहुंचे, जहां डाक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि कोरिया- संबलपुर सेमरा निवासी अशोक कुजूर व उसकी पत्नी और तीन बच्चे बस से अपने रिश्तेदार के घर मोरगा जा रहे थे। ओल्ड बाबर सर्विस की बस मोरगा बस स्टैंड में होटल के पास खड़ी हुई। परिवार के सदस्य बस से नीचे उतरे। इसमें सात साल का अर्सदीप कुजूर भी शामिल था। कुजूर दंपत्ति तीन बच्चों को लेकर बस के पीछे से सड़क को पार कर रहे थे।